हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची ● मंगलवार ● 24.06.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 330 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### अब शव रोक कर नहीं रखेगा अस्पताल प्रबंधन : मंत्री

**रांची** : झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सोमवार को कहा कि राज्य के सभी अस्पतालों में मरीज की मृत्यु के बाद शव को रोककर रखने की व्यवस्था अब खत्म कर दी गई है। अस्पताल प्रबंधन को तत्काल शव परिजनों को सौंपना होगा, ताकि अंतिम संस्कार में देरी न हो और गरीब परिवारों को राहत मिल सके। मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि यह निर्णय मानवीय संवेदना और कांग्रेस की सेवा-भावना से प्रेरित है। उन्होंने कहा, अब कोई भी गरीब अपने प्रियजन के शव को छुड़ाने के लिए भटकता नहीं फिरेगा। यह फैसला कांग्रेस की विचारधारा को दर्शाता है, जो हमेशा पीड़ित के साथ खड़ी होती है। अंसारी ने लिखा है कि कई बार आर्थिक तंगी के कारण परिजन शव लेने में असमर्थ रहते हैं, जिससे अंतिम संस्कार में देर होती है। लेकिन अब इस व्यवस्था से हर वर्ग को सम्मानजनक विदाई देने में सुविधा होगी।

### आरजेडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए लालू यादव का फिर से नामांकन

**पटना** : पिछले तीन दशकों से राष्ट्रीय जनता दल की कमान संभाल रहे दिग्गज नेता लालू प्रसाद यादव ने एक बार फिर पार्टी अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया है। यह महज एक औपचारिकता मानी जा रही है और उनका निर्विरोध चुना जाना लगभग तय है। 78 वर्षीय लालू यादव उम्र संबंधी कई बीमारियों से जूझ रहे हैं। वह पार्टी कार्यालय अपनी पत्नी राबड़ी देवी और उत्तराधिकारी व छोटे बेटे तेजस्वी यादव के साथ पहुंचे। गौरतलब है कि राबड़ी देवी भी बिहार की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। अपने जमीनी नेता की छवि के लिए मशहूर लालू यादव की एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय के बाहर जमा थे। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में तेजस्वी यादव ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है कि लालू यादव ने पिछला कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद अब नए कार्यकाल के लिए फिर से अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगामी चुनाव में पार्टी उनके नेतृत्व में जीत दर्ज करेगी। इससे पहले, पिछले हफ्ते आरजेडी की स्टेट काउंसिल की बैठक हुई थी, जिसमें लालू यादव ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा था कि वे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए अगले चुनाव की तैयारियां शुरू कर दें।

# इजरायल के मिसाइल हमले से हिली ईरान की राजधानी, आसमान में छाया धुआं

## इजरायल ने ईरान के छह एयरबेस पर किए सटीक हमले, एफ-14 और मिसाइल साइट्स तबाह

एजेंसी

**तेहरान** : ईरान की राजधानी तेहरान से आई ताजा तस्वीरें पूरी दुनिया को चौंका रही हैं। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि तेहरान के ऊपर आसमान में घना धुआं फैल चुका है। यह दृश्य इजरायल द्वारा किए गए नए मिसाइल हमलों के बाद का बताया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, शहर में लगातार जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गई हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है।



### सैन्य ठिकानों को बताया गया निशाना

इजरायल के रक्षा सूत्रों का कहना है कि इन हमलों का मकसद ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाना था। तेल अवीव ने साफ किया है कि उसके निशाने पर आम नागरिक नहीं बल्कि रणनीतिक और परमाणु से जुड़े ठिकाने हैं। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि कितनी क्षति हुई है या कितने लोग घायल हुए हैं।

### फिर बढ़ा तनाव

इस ताजा हमला ईरान और इजरायल के बीच तेजी से बढ़ते सैन्य तनाव का संकेत है। कुछ दिनों पहले ही अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया था और अब इजरायल की यह कार्रवाई इस पूरे क्षेत्र को युद्ध के मुहाने पर ला खड़ा करती है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस तनाव को लेकर गंभीर चिंता जता चुका है। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के बीच इजरायली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने ईरान के भीतर बड़े पैमाने पर एयरस्ट्राइक की कार्रवाई को अंजाम दिया है। आईडीएफ ने दावा किया है कि उसके 15 से अधिक लड़ाकू विमानों ने ईरान के पश्चिमी, पूर्वी और मध्य क्षेत्रों में छह प्रमुख एयरबेस पर हमले किए, जिससे रनवे, बंकर और विमानों को भारी नुकसान हुआ है।

इन हवाई अड्डों को निशाना बनाया आईडीएफ के मुताबिक, इन हमलों में तेहरान का मेहराबाद एयरपोर्ट, मशहद और देजफुल सहित अन्य हवाई अड्डों को निशाना बनाया गया। इन ठिकानों पर मौजूद ईंधन भरने वाला एक विमान, साथ ही ईरानी एफ-14, एफ-5 और एएच-1 जैसे लड़ाकू विमानों को भी क्षतिग्रस्त किया गया है।

### टेलीग्राम पर आईडीएफ ने जारी किया बयान


टेलीग्राम पर जारी बयान में आईडीएफ ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर ईरान के करमानशाह क्षेत्र में मिसाइल लॉन्च और स्टोरेज साइटों को भी निशाना बनाया गया। इन हमलों का उद्देश्य ईरान की सैन्य क्षमताओं को कमजोर करना और इजरायल की सुरक्षा को मजबूत करना है।

'देश की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता' आईडीएफ ने यह भी कहा कि वह ईरानी हवाई क्षेत्र में अपनी उपस्थिति बनाए रखेगा और सुरक्षा के लिए आवश्यक हर कदम उठाएगा। इजरायली सेना ने दोहराया कि देश की रक्षा और नागरिकों की सलामती सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसी दिशा में यह अभियान चलाया गया है। इजराइल की सेना ने कहा कि सोमवार सुबह ईरान से इजराइल की ओर मिसाइलों की बौछार की गई। इजराइली सेना ने बाद में कहा कि ईरान ने अतिरिक्त बमबारी की। जॉर्डन और मध्य इजराइल में सायरन बजाए गए। इस बीच, सशस्त्र बलों के कर्मचारियों के संयुक्त प्रमुख, ईरानी जनरल अब्दुलरहीम मौसवी ने सोमवार को अमेरिका को चेतावनी दी कि उसके हमलों ने ईरानी सशस्त्र बलों को अमेरिकी हितों और उसकी सेना के खिलाफ कार्रवाई करने' की 'खुली छूट' दे दी है।

मौसवी ने कहा कि रविवार को ईरानी परमाणु स्थलों पर अमेरिकी हवाई हमलों के बाद ईरान ऐसा करने में संकोच नहीं करेगा।

उन्होंने अमेरिकी हमले को ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन, देश में इजराइली युद्ध में प्रवेश करने और देश पर आक्रमण करने के समान बताया। सरकारी इरना समाचार एजेंसी ने मौसवी के बयान के बारे में खबर जारी की। इससे पहले इजराइल ने सोमवार को दावा किया कि उसने ईरान के छह अहम सैन्य और नागरिक हवाई अड्डों पर एक साथ हमला किया, जिसमें 15 से अधिक फाइटर जेट और हेलिकॉप्टर तबाह कर दिए गए।

## राज्यपाल ने नेतरहाट आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लातेहार** : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को नेतरहाट आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने वहां की विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं सहित विभिन्न शैक्षणिक विभागों का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों को उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। राज्यपाल को विद्यालय के प्राचार्य की ओर से विद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियां, अनुशासन, शिक्षण पद्धति और विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए किए जा रहे नवाचारों से अवगत कराया गया। उन्होंने विद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक परंपरा, अनुशासित वातावरण तथा प्राकृतिक सौंदर्य से युक्त परिसर की सराहना की। उन्होंने कहा कि नेतरहाट विद्यालय न केवल झारखंड, बल्कि पूरे देश की शैक्षणिक गरिमा का प्रतीक है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों ने देश-विदेश में विद्यालय और राज्य का नाम रोशन किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह संस्थान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की अपनी गौरवशाली परंपरा को निरंतर बनाए रखेगा। इसके बाद राज्यपाल ने नेतरहाट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सा सुविधाओं, उपलब्ध दवाओं तथा स्थानीय निवासियों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। राज्यपाल ने नेतरहाट क्षेत्र में लगभग 100 एकड़ में फैले नाशपाती बागान का भी भ्रमण किया।



रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से सोमवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में निदेशक, कृषि भोर सिंह यादव ने शिष्टाचार भेंट की।

## बीजापुर में विस्फोटक के साथ पांच नक्सली गिरफ्तार



एजेंसी

**बीजापुर** : जिले में नक्सलियों के द्वारा बीते एक सप्ताह में एक नाबालिग छात्र सहित पांच ग्रामीण युवकों की हत्या की वारदात को अंजाम देने के बाद जिले में सघन नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत तीन थाना क्षेत्रों मद्देड़, गंगालूर और जांगला में की गई कार्रवाई में कुल पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। इन नक्सलियों के कब्जे से विस्फोटक सामग्री, नक्सली वर्दी, पिट्ठू, नक्सल साहित्य एवं दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद की गई है। गिरफ्तार सभी पांच नक्सलियों के खिलाफ थाना मद्देड़, गंगालूर और जांगला में कार्रवाई उपरांत सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया है।

थाना मद्देड़ पुलिस ने दुधेड़ा और दम्पाया के बीच जंगल से एक नक्सली संजय मरपल्ली (36 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से विस्फोटक सामग्री, नक्सली वर्दी, पिट्ठू और अन्य आवश्यक सामग्री बरामद किया गया है।

डीआरजी बीजापुर और गंगालूर थाना की संयुक्त टीम ने गश्त और सर्चिंग के दौरान नक्सल प्रभावित मुतवेंडी क्षेत्र से तीन नक्सली मिलिशिया सदस्यों कमलू ऊर्फ कलमू पूनेम (30 वर्ष) निवासी मुनगा मातापारा, कोसा भोगाम (45 वर्ष) निवासी मुनगा नयापारा एवं कोसा तामो (45 वर्ष) निवासी गमपुर माड़वीपारा को गिरफ्तार किया है। यह तीनों आरोपी 27 जुलाई, 2024 को मुतवेंडी के कच्चे रास्ते पर लगाए गए आईईडी विस्फोट की वारदात में शामिल थे। इसमें एक मासूम ईरमा कवासी गंभीर रूप से घायल हुआ था और उसे अपना पैर गंवाना पड़ा था। उनके कब्जे से कार्डेक्स वायर, इलेक्ट्रिक वायर, बैटरी आदि विस्फोटक उपकरण बरामद किए गए।

जांगला थाना की पुलिस ने एरिया डॉमिनेशन अभियान के दौरान छोटे तुमनार नयापारा जंगल से एक नक्सली मिलिशिया सदस्य सोनाधर पोड़ियाम (45 वर्ष) को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक टिफिन बम, स्विच और पेंसिल सेल बरामद किया गया है।

## पंजाब-गुजरात में चला झाड़ू, बंगाल में टीएमसी ने मारी बाजी, केरल में यूडीएफ की हुई जीत

एजेंसी

**नयी दिल्ली** : चार राज्यों में हुए उपचुनावों के नतीजे आ गए हैं। पंजाब के लुधियाना पश्चिम और गुजरात के विसावदर में आम आदमी पार्टी का जादू चल गया है। वहीं केरल के नीलांबुर में कांग्रेस नीत यूडीएफ ने जीत दर्ज कर ली है। जबकि पश्चिम बंगाल के कालीगंज में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार अपने-अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे चल रहे हैं। नतीजों की बात करें तो पांच में से दो सीटों पर आम आदमी पार्टी ने कब्जा कर लिया है। वहीं बीजेपी, कांग्रेस और टीएमसी को एक-एक सीट से ही संतोष करना पड़ा है।



### पंजाब उपचुनाव में चला आप का झाड़ू

पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट पर अपना कब्जा एक बार फिर बरकरार रखा है। आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने इस सीट पर हुए उपचुनाव में जीत दर्ज कर ली है। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी भारत भूषण आशु को 10,637 मतों के अंतर से हरा दिया है।

### गुजरात विधानसभा उपचुनाव में आप और बीजेपी की जीत

गुजरात में दो विधानसभा सीट के लिए हुए उपचुनाव में आम आदमी पार्टी नेता गोपाल इटालिया ने विसावदर सीट जीत ली है, जबकि भारतीय जनता पार्टी के राजेंद्र चावड़ा ने कडी सीट अपने नाम कर लिया है। इटालिया ने जूनागढ़ जिले की विसावदर सीट पर अपने प्रतिद्वंद्वी और बीजेपी उम्मीदवार किरीट पटेल को 17,554 मतों के अंतर से हराया।

### पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की जीत

पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में कालीगंज विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में एक टीएमसी ने जीत दर्ज कर ली है। टीएमसी उम्मीदवार अलीफा अहमद ने बीजेपी उम्मीदवार आशीष घोष को 48,673 मतों से ज्यादा के अंतर से हरा दिया है।

### केरल के नीलांबुर उपचुनाव में कांग्रेस नीत यूडीएफ ने दर्ज की जीत

केरल के नीलांबुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस नीत यूडीएफ ने कड़े मुकाबले में एलडीएफ उम्मीदवार को हरा दिया है। कांग्रेस के आर्यदान शौकत ने नीलांबुर निर्वाचन क्षेत्र में माकपा के प्रदेश सचिवालय सदस्य एम स्वराज को एक बड़े अंतर से हराया है। यह जीत सप्ताह भर चले जोशीले प्रचार अभियान और प्रतिद्वंद्वियों के बीच तीखी नोकझोंक के बाद मिली।

# कोल्हान में मेडिकल शिक्षा और तसर उद्योग बनेगा विकास का आधार : गिरिराज सिंह

- आदित्यपुर में नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज के नए प्रशासनिक भवन का हुआ उद्घाटन।
- बिहार की जनता भ्रष्टाचार और अराजकता का दौर देख चुकी है, अब वह फिर गलती नहीं करेगी।

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला** : केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने सोमवार को कहा, आज मेडिकल सीटों की संख्या यूपीए सरकार के समय की तुलना में दोगुनी हो चुकी है। कोल्हान क्षेत्र में नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एक नई क्रांति लाएगा और यहां के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी। कोल्हान में मेडिकल शिक्षा और तसर उद्योग विकास का आधार बनेगा।




केंद्रीय मंत्री सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड सुपर मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल के नए प्रशासनिक भवन के उद्घाटन अवसर बोल रहे थे। इस मौके पर नेताजी सुभाष ग्रुप के चेयरपर्सन मदन मोहन सिंह, पटना बिहटा के अस्पताल निदेशक डॉ. कृष्ण मुरारी सहित संस्थान के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मीडिया से बातचीत में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में मेडिकल शिक्षा के विस्तार को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा, आज मेडिकल सीटों की संख्या यूपीए सरकार के समय की तुलना में दोगुनी हो चुकी है। कोल्हान क्षेत्र में नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एक नई क्रांति लाएगा और यहां के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध होगी। कोल्हान में मेडिकल शिक्षा और तसर उद्योग विकास का आधार बनेगा।

झारखंड में तसर उद्योग की संभावना को रेखांकित करते हुए गिरिराज सिंह ने कहा कि कपड़ा मंत्रालय तसर उद्योग के व्यापक विकास के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। रांची के नगड़ी क्षेत्र से इंडोर तसर की शुरूआत हो चुकी है, जिसे पूरे राज्य में फैलाया जाएगा। तसर किसान अब आधुनिक संसाधनों से लैस हो रहे हैं। उन्होंने झारखंड को तसर उत्पादन का संभावनाशील राज्य बताते हुए इसे ग्रामीण विकास से जोड़ने की बात कही। पत्रकारों के सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बिहार की राजनीति में एक बार फिर एनडीए की पूर्ण बहुमत वाली सरकार बनने की भविष्यवाणी की। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार पर हमला करते हुए कहा, बिहार की जनता भ्रष्टाचार और अराजकता का दौर देख चुकी है, अब वह फिर गलती नहीं करेगी।

# रांची में चार घंटे की बारिश से डूबी सड़कें, नगर निगम की खुली पोल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : राजधानी रांची में सोमवार को चार घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई। इस भारी बारिश से नदी और नाले उफना गए, जबकि सड़कें पानी में डूब गईं। इससे आने-जाने वाले लोगों को बहुत परेशानी उठानी पडी। रांची के अपर बाजार स्थित सेवा सदन अस्पताल, पंडरा, पंचशीलनगर, कोकर के कई मोहल्ले पानी मे डूब गए। रांची रेलवे स्टेशन के बाहर पानी भरने से यात्रियों को भारी परेशानी हुई। लगातार बारिश से स्कूली बच्चे और अन्य काम करनेवालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

तेज बारिश के कारण करमटोली चौक पर घुटनों तक पानी जमा हो गया। सड़कों पर पानी भरने से दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जलजमाव के कारण वाहनों की रफ्तार थम गई और चारों ओर लंबा जाम लग गया। संत जॉन्स स्कूल के सामने स्थित संत मरिया भवन की ओर से पानी का तेज बहाव सड़कों पर आया, जिससे सड़क ने नदी जैसा रूप ले लिया।

बारिश के बाद शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। जिला प्रशासन द्वारा ट्रैफिक सुधार के लिए किए गए प्रयास बारिश में नाकाम साबित हुए। शहर की प्रमुख सड़कों पर घंटों तक जाम लगा रहा।

## एक नजर

### एनएचएआई में सक्रिय चोरों ने चोरी की मारुती वैन

**चौपारण** : प्रखंड पंचायत पाण्डेयबारा के ग्राम कमलवार में मारुति वैन की चोरी होने से सनसनी फेल गई। चोरों ने निर्भीक होकर घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने पीड़ित के राशन दुकान के सामने खड़ी वाहन को निशाना बनाया। चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित शमशाद आलम ने चौपारण थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दी है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। पीड़ित शमशाद आलम ने बताया कि रविवार रात करीब 11 बजे मैंने अपनी मारुति वैन जिसकी संख्या जेएच05जे 5797 दुकान के सामने खड़ी की और परिवार सहित सो गया। सोमवार अहले सुबह करीब 4 बजे जब नींद खुली तो देखा कि गाड़ी वहां से गायब थी। इसके बाद मैंने गांव में लोगों से पूछताछ की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात साफ नजर आ रही है, जिसमें दो युवक रात के समय आते हैं और कुछ ही मिनटों में गाड़ी लेकर फरार हो जाते हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान करने में जुटी है।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**चौपारण** : थाना क्षेत्र के दनुआ मस्जिद के पास रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। घटना रात करीब 2 बजे की बताई जा रही है, जब तेज रफ्तार बाइक अचानक अनियंत्रित होकर गिर गई। बाइक पर सवार युवक के सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद उसका साथी युवक उसे तड़पता छोड़ अंधेरे में फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है, लेकिन वह काली शर्ट पहने हुए था। पुलिस मृतक की पहचान और परिजनों का पता लगाने में जुटी है। घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में पूरी घटना कैद हो गई है। पुलिस अब फुटेज के आधार पर फरार युवक की पहचान और उसके ठिकाने का पता लगाने की कोशिश कर रही है। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर दु:ख और चिंता दोनों का माहौल है। आखिर ये युवक कौन था? किसका बेटा था? कौन उसका इंतजार कर रहा होगा? इन सवालों के जवाब अब पुलिस तलाश रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दीवार गिरने से पति-पत्नी की हुई मृत्यु

**हजारीबाग**: सोमवार को बरही प्रखंड अंतर्गत रसोई धमना पंचायत में अत्यधिक बारिश के कारण एक आवासीय मकान का छज्जा गिरने से दुखद दुर्घटना में हदीस अंसारी एवं उनकी पत्नी जुमेरा खातून की मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी, बरही त्वरित रूप से घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उपायुक्त हजारीबाग शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने भी पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन द्वारा अब तक उपलब्ध कराई गई प्रमुख सहायता निम्नानुसार है: अबुआ आवास योजना (वर्ष 2024-25) के अंतर्गत पीड़ित परिवार को आवंटित आवास की ढलाई कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा आगामी दो दिनों के भीतर आवास को पूर्णत: तैयार कर दिया जाएगा। अब तक 1,80,000/- (एक लाख अस्सी हजार रुपए) की राशि भुगतान की जा चुकी है। वर्तमान में शोक संतप्त परिवार को इसी आवास में स्थानांतरित कर दिया गया है।

# नशे की बढ़ती समस्या को लेकर डीसी गंभीर मिशन मोड में कार्रवाई शुरू करने के दिये निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : जिले में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को देखते हुए उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेते हुए सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने संबंधित विभागों–जैसे पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाज कल्याण एवं जनसंपर्क को निर्देशित किया है कि नशे की रोकथाम हेतु समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा है कि नशे की चपेट में आ रही युवा पीढ़ी को बचाने हेतु जिला प्रशासन कटिबद्ध है। इस क्रम में जनजागरूकता अभियान को गति देने के लिए विविध प्रचार-प्रसार माध्यमों का उपयोग करते हुए आम जनता, विशेषकर युवाओं के बीच जागरूकता फैलाने का कार्य प्रारंभ किया गया है। इसी कड़ी में आज



परिसदन भवन में केंद्रीय मनश्चिकित्सा संस्थान, कांके, रांची से तीन सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम जिसमें डॉ संजय कुमार मुंडा, प्रोफेसर मनोरोग, डॉ अनिरुद्ध मुखर्जी, प्रोफेसर मनोरोग एवं डॉ प्रशांत श्रीवास्तव, सहायक प्रोफेसर मनोरोग शामिल है, उपायुक्त से मिलने हजारीबाग पहुंची है। यह टीम जिले में नशा से संबंधित मानसिक, सामाजिक एवं शारीरिक पहलुओं का गहन अध्ययन करते हुए सुझाव एवं सहयोग प्रदान करेगी। उपायुक्त के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा जिले में स्थायी नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की जाएगी,जहाँ पीड़ितों को परामर्श,उपचार और पुनर्वास की व्यापक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही, नशा मुक्ति अभियान को वृहद रूप में चलाने हेतु यह कार्य मिशन मोड में संचालित किया जाएगा, जिसमें स्कूल, कॉलेज, पंचायत स्तर तक सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से लोगों को जोड़ा जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि नशा मुक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन है, जिसमें प्रशासन, समाज और प्रत्येक नागरिक को एकजुट होकर भागीदारी निभानी होगी।

### डीसी ने पीडीएस दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**हजारीबाग**: पीडीएस (जन वितरण प्रणाली) दुकानों में पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने हेतु उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देश पर हजारीबाग जिले के सभी प्रखंडों में व्यापक औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान में संबंधित प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी की संयुक्त जांच टीम बनाकर जांच अभियान चलाया। निरीक्षण के दौरान टीमों ने पीडीएस दुकानों पर खाद्यान्न के स्टॉक, वितरण पंजिका, लाभुकों को समय पर खाद्यान्न वितरण, दुकान की स्वच्छता,वजन मशीन की स्थिति एवं दुकानदार की उपस्थिति जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं की गहनता से जांच की जिसकी जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जाएगी। उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि यदि किसी भी पीडीएस डीलर द्वारा अनियमितता, कालाबाजारी या लाभुकों से अनुचित व्यवहार की शिकायत अथवा पुष्टि होती है, तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध तत्काल विभागीय एवं विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## हमारी प्राथमिकता बच्चों का भविष्य है : मुन्ना सिंह


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : शिक्षा को जमीन पर मजबूत करने की दिशा में पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी एवं कांग्रेस नगर प्रभारी मुन्ना सिंह ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। सोमवार को उन्होंने नगर निगम क्षेत्र के हुरहुरु स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया और तत्पश्चात उपायुक्त हजारीबाग से मुलाकात कर विद्यालय को पुनः चालू करने की मांग रखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर की स्थिति देखी और स्थानीय अभिभावकों से संवाद कर बच्चों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने बताया कि विद्यालय के बंद हो जाने के कारण अब छात्रों को कई किलोमीटर दूर पढ़ने जाना पड़ रहा है, जिससे गरीब तबके के बच्चों को शिक्षा तक पहुंचने में दिक्कतें आ रही हैं। मुन्ना ने उपायुक्त महोदय के समक्ष न केवल समस्या रखी, बल्कि संभावित समाधान भी प्रस्तुत किए। उन्होंने सुझाव दिया कि विद्यालय को पुनः चालू किया जाए या क्षेत्रीय बच्चों के लिए निःशुल्क परिवहन, अस्थायी शिक्षक व्यवस्था और शिक्षा की पहुंच को आसान बनाने के लिए ठोस उपाय किए जाएँ। जबकि उपायुक्त महोदय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इससे अभिभावकों और स्थानीय समुदाय में आशा का संचार हुआ है कि बच्चों की शिक्षा बाधित नहीं होगी और उन्हें जल्द ही स्थानीय स्तर पर ही विद्यालय की सुविधा मिल सकेगी। सिंह ने इस दौरान कहा, हमारी प्राथमिकता बच्चों का भविष्य है। शिक्षा का अधिकार सिर्फ. कानून नहीं, एक सामाजिक संकल्प होना चाहिए। उन्होंने यह भी जोड़ा कि यदि प्रशासन ठोस और सकारात्मक कदम उठाता है, तो यह पूरे क्षेत्र के लिए एक मिसाल बन सकता है।

### बालू मिलेगा नही, आवास बनेगा नही

## आखिर कैसे बनेगा गरीबों व जरूरतमंदों के सपने का आशियाना : सिन्धु सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**इटखोरी** : बालू पर लगा है प्रतिबंध। बालू न रहा सोना चूर हो गया। फिलहाल प्रधानमंत्री आवास व अबुआ आवास पाने वाले लाभुकों के लिए आवास का निर्माण कराना एक बहुत बड़ी चुनौती बन गयी है। इधर झारखंड सरकार नदी से बालू के निकासी पर एनजीटी लगा दिया है। वही दर्जनों आवास या प्रारंभ नही हुए या फिर आधा अधूरा बन कर खड़े है। किसी भी लाभुक को पता नही है कि सरकार द्वारा मिला आवास कब बनेगा और उसमें कब रहेंगे। लाभुक की माने तो आवास मिलना ही नही चाहिए था। जब आवास को बनाने को लेकर सरकार बालू मुहैया तक नही करा पा रही है तो फिर आवास आवंटन ही क्यों किया। आवास को लेकर किसी लाभुक की पुत्री की शादी कही रुकी है तो किसी लाभुक के पुत्र का। सभी सोच में बैठे है कि आवास बनेगा तो धूमधम से पुत्र व पुत्री का विवाह करूंगा। लेकिन उनके अरमानों पर पानी फिर रहा है। झरखंड सरकार को आवास बनाने व अन्य निर्माण कार्य को लेकर बालू की उपलब्धता के लिए बीडीओ सह सीओ को अधिकार देना चाहिए। छोटे पदाधिकारी के पास बड़े अधिकारी के आदेश मानने के अलावा कुछ नही रहता हैं। सरकार के आदेश से ही बीडीओ आवास को पूर्ण करने का आदेश सुनाते है। वही बालू की चोरी न हो इसके लिए ट्रैक्टर व हाइवा पकड़ कर अपनी जिम्मेवारी भी निभाते है। आखिर करे तो करे क्या? आखिर कौन बताएगा कि सर ढकने के लिए आवास जैसी चीज कैसे बन पाएगा।


## भू अर्जन के मुद्दों को जल्द करें हल विकास योजनाओं को दें गति : डीसी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने सोमवार को भू अर्जन के मुद्दों को जल्द हल करने का निर्देश दिया। साथ ही विकास योजनाओं को गति देने की बात कही। वे समाहरणालय सभागार में आधारभूत संरचनाओं, एफआरए, भूअर्जन तथा विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। भारतमाला परियोजना, राष्ट्रीय राजमार्ग 33, रेलवे सहित अन्य सड़क निर्माण संबंधित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने पैकेजवार मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारियों को मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया संबंधित ग्राम सभा के आयोजन सहित अन्य प्रक्रियाएं पूरी करने को कहा। बैठक के दौरान डीसी ने सीसीएल, पथ निर्माण विभाग, पीवीयूएनएल, सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। साथ ही एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने अंचलवार सीओ से उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों को जाना। सभी मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया।

## इमरान प्रतापगढ़ी के कार्यक्रम में अल्पसंख्यक के कार्यकर्ता हुए शामिल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्य सभा के सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी के रांची कार्यक्रम में हजारीबाग अल्पसंख्यक के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर अल्पसंख्यक के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी, प्रदेश प्रभारी जीनल एन गाला की उपस्थिती में उनहे हजारीबाग जिला आने का निमंत्रण दिया जिसे उन्होंने हंसकर स्वीकार किया और शीघ्र ही आने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल मंडल में पूर्व जिला अध्यक्ष आबिद अंसारी जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान, बाबर अंसारी, सलीम रजा, तसलीम अंसारी, मोहम्मद रब्बानी, मोहम्मद वारिस, गालिब अहमद, शब्बीर अहमद, मोहम्मद शहाबुद्दीन, बबलू उर्फ शमशाद, मोहम्मद इरफान, नवाब खान, मोहम्मद कलाम, मोहम्मद साहिल, सैयद अशरफ अली, मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद कलीम आदि शामिल थे।

# रक्तदान जीवनदान है, यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है : अनिकेत जैन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : मारवाड़ी युवा मंच हजारीबाग शाखा द्वारा सोमवार को अग्रसेन भवन के सभागार में एक दिवसीय रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए मंच द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और सेवाभाव का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीनिवास हॉस्पिटल के सेक्रेटरी प्रवीण श्रीनिवास एवं वरिष्ठ समाजसेवी नीरज अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु



मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा संयोजक बनाया गया था जिसमें कोषाध्यक्ष बादल गोयल, विनीत मुनका शामिल थे. स्वास्थ्य शिविर में शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बीपी, शुगर, नेत्र एवं डेंटल जांच की मुफ्त सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसमें 50 से भी अधिक लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस शिविर की व्यवस्था श्रीनिवास हॉस्पिटल द्वारा की गई थी, जबकि नेत्र जांच में टाइटन आई प्लस का तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ। रक्तदान शिविर में कुल 23 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने हिस्सा लिया, जिन्होंने मानवता की सेवा में योगदान देते हुए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदाताओं में बिपाशा अग्रवाल, राहुल कुमार, शुभम अग्रवाल, मोहित शर्मा, अमन कुमार अग्रवाल, पीयूष खंडेलवाल, शुभम मुनका, आदर्श अग्रवाल, हरि प्रकाश बूबना, अंकित कुमार, दीपक कुमार खंडेलवाल, रूपेश कुमार, सज्जन अग्रवाल, अनुभव कुमार, रवि यादव, नितिन खंडेलवाल, आदित्य खंडेलवाल, अभिषेक गोकोलका, कृष अग्रवाल, चेतन पोद्दार, प्रतीक, सुमित खंडेलवाल एवं संबित खंडेलवाल शामिल है. रक्त संग्रहण की व्यवस्था शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल के सहयोग से की गई थी। सभी रक्तदाताओं को मंच की ओर से प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के उपरांत मंच के अध्यक्ष अनिकेत जैन ने कहा कि रक्तदान जीवनदान है और ऐसे सेवा कार्यों से समाज में जागरूकता एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच निरंतर समाज सेवा के कार्यों में संलग्न रहेगा और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करता रहेगा। मंच के सचिव लखन खंडेलवाल ने कहा कि युवाओं की भागीदारी ही किसी भी सामाजिक पहल को सफल बनाती है और हजारीबाग के युवाओं ने यह साबित कर दिया की वे समाज के प्रति सजग और संवेदनशील हैं। उन्होंने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों, तकनीकी स्टाफ एवं सहयोगी संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### अंचल अधिकारी ने लदा ट्रैक्टर किया जब्त



**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड में बालू का उठाओ जोर शोर से चल रहा है जबकि कई ऐसी बार केरेडारी अंचल अधिकारी राम रतन वर्णवाल के द्वारा बालू का रोकथाम का निर्देश दिया गया था। इसके बावजूद भी ट्रैक्टर मालिक के द्वारा अपने दबंगी दिखाते हुए अवैध बालू का उठाव टंडवा के सायल नदी से एवं सलगा के गेरुवा नदी से रात और दिन बालू का उठाव जारी कर दिया है। जिसमें केरेडारी प्रखंड के अंतर्गत जैसे कोलफील्ड पगार, जोरदार ,पांडू, इत्यादि जगहों में बालू का बिकरी तेजी गति से जारी है। ट्रैक्टर बालू लोड करके नवा कब से पचडा की ओर से जा रहा था। इसी बीच पचरा के सिझुवा सीओ राम रतन वर्णवाल के द्वारा गाड़ी को अपने कब्जे में लेकर थाने में सौंप दिए जिसमें सूत्रों के अनुसार बताया गया कि गाड़ी बालु लोड करके रात और दिन चलता है और गाड़ी इतनी तेज गति से चलता है कि रस्ता में किसी भी जान माल का डर है। ट्रैक्टर मालिक का सूत्रो ने बताया गया कि ट्रैक्टर मालिक का नाम मनोज कुमार दास है। जो एनजीटी के आदेशों का उल्लंघन कर बालू खनन और परिवहन करते एक ट्रैक्टर सौ सिएपेट बालू लोड सहित जब्त कर केरेडारी थाना में सुरक्षित रखा गया है। उक्त ट्रैक्टर और उसके संचालक पर प्राथमिकी दर्ज करने हेतु अंचल अधिकारी द्वारा केरेडारी थाना को आवेदन दिया गया है। अंचल अधिकारी राम रतन वर्णवाल के ट्रैक्टर मालिकों को हिदायत गया कि एनजीटी जब से लगा है उसे समय से जो भी ट्रैक्टर मालिक अपने मर्जी से अवैध बालू का खनन करेगा तो पकड़े जाने पर उसकी ऊपर कड़ी से कड़ी कानून कारवाई की जाएगी और साथ में ट्रैक्टर चालक को भी किस दर्ज कर दिया जाएगा।

### नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस ने निकाली प्रभात फेरी



**बड़कागांव** : प्रखंड क्षेत्र के सिकरी पंचायत अंतर्गत उच्च विद्यालय सिकरी में सिकरी ओपी थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह व मुखिया प्रभु महतो के संयुक्त नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान के तहत प्रभात फेरी निकाली गई। मौके पर विद्यालय के बच्चों को नशापन करने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। सीकरी थाना प्रभारी सुनील सिंह एवं मुखिया प्रभु महतो ने कहा कि नशा मुक्त समाज को बनाने में स्वयं की सहभागिता महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि जब लोग स्वयं को नशा से दूर रखेंगे तब घर को नशा से दूर रख सकते हैं। नशा मुक्ति अभियान को सफल बनाने के सबसे पहले खुद को नशा से मुक्त रखना होगा, तब ही इस समाज को नशा मुक्त समाज बनाया जा सकता है। मौके पर वार्ड सदस्य पृथ्वीराज गुप्ता, सहिया दीदी, आंगनबाड़ी सेविका, कैलाश पांडेय, स्वरूप नारायण सिंह, विद्यालय के शिक्षक निरंजन राम, सुबोध प्रसाद वर्मा, पंकज कुमार दास, अरुण कुमार गुप्ता, हरिश्चंद्र प्रसाद, अशोक कुमार, रामजी प्रसाद सिंह, सुशीला कुमारी, कार्तिक राम,हेवन्ती कुमारी, तालेश्वर कुमार महतो सहित सैकड़ों बच्चे, रसोइया व ग्रामीण उपस्थित थे।

### धान बीज खरीदारी के लिए दुकानों में लगी किसानों की भीड़



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड में धान की खेती के लिए किसान अब अपने खेतों में जुट गए हैं। धान की वीजा तैयार करने के लिए धान की बीज की खरीदारी एवं बुआई शुरू कर दी है। बेहतर से बेहतर बीज खरीदने की प्रयास की जा रही है ताकि धान अच्छी पैदावार हो सके। प्रखंड में बड़कागांव राम जानकी की मंदिर स्थित कर्णपुरा कृषि भंडार ,दैनिक बाजार, कुशवाहा मोहल्ला में अशोक बीज भंडार के अलावा प्रखंड के तमाम गांव के कृषि दुकान में कई कंपनियों की धान बीज की बिक्री जोरों पर की जा रही है। तमाम दुकानों में किसानों की भीड़ देखी जा रही है। मौसम की आधार पर देखे तो समयानुसार धान की खेती के लिए किसानों के अनुकूल बारिश का होना बेहद अच्छा माना जाता है। बताते चलें कि झारखंड प्रदेश में बड़कागांव प्रखंड को धान का कटोरा भी कहा जाता है, यहां लाखो टन धान का उत्पादन होता है। यहां की धान बंगाल के अलावा कई राज्यों में भेजी जाती है। प्रखंड में किसानों के लिए धान की खेती प्रमुख फसल मानी जाती है। वैसे प्रखंड में किसान धान के अलावा मक्का, गेहूं, ईख भारी मात्रा में पैदावार करते हैं। जिसके कारण प्रखंड के तमाम किसान स्मृद्ध है एवं एवं अपने बच्चों को उच्चस्तरीय शिक्षा देने का काम कर रहे हैं और अपने परिवार के संग काफी खुशहाल जिंदगी भी बिता रहे हैं।

### बड़कागांव में बंधन बैंक का हुआ शुभारंभ




**बड़कागांव** : बड़कागांव में बंधन बैंक का शुभारंभ बंधन बैंक के एमडी, सीईओ पार्था प्रतिम सेन गुप्ता ने ऑनलाइन किया। तत्पश्चात बैंक प्रबंधक रितेश गिरी ने दीप प्रज्वलित कर बैंक का शुभारंभ किया। सोमवार को एक साथ चार राज्यों में 18 ने बंधन बैंक शाखा का शुभारंभ किया गया। जिसमें झारखंड में 7, बिहार में 3, उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ में 4-4 नए बंधन बैंक शाखा शुभारंभ किया गया। 2015 से अब तक पूरे देश में 1749 बंधन बैंक की शाखाएं संचालित हैं। बड़कागांव में उद्घाटन के मौके पर मुख्य रूप से बैंक प्रबंधक रितेश गिरी, विधानसभा सांसद सह प्रतिनिधि कृष्णा राम, समाजसेवी रामेश्वर राम, रामचंद्र राणा, मकान मालिक अनुज गुप्ता, बैंक कर्मी गोविंद मंडल, कमल बर्मन, संजीव दास के अलावा अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### मारवाड़ी मंच का रक्तदान शिविर संपन्न 713 यूनिट रक्त एकत्रित

रांची: मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा की ओर से रांची में आयोजित 15 दिवसीय रक्तदान पखवाड़ा सोमवार को संपन्न हुआ। इस विशेष अभियान में मंच ने 27 रक्तदान शिविरों का आयोजन कर कुल 713 यूनिट रक्त एकत्र किया। यह जानकारी देते हुए मंच के राघव जालान ने बताया कि रक्तदान पखवाड़ा के दौरान मंच ने लगातार 15 दिनों तक विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए गए थे। और आमजनों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान 100 से अधिक लोगों ने पहली बार रक्तदान किया। और भविष्य में नियमित रक्तदाता बनने का संकल्प लिया। साथ ही 300 से अधिक लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच भी की गई। अभियान को सफल बनाने में सेवा सदन एवं हेल्थ पॉइंट ब्लड सेंटर की टीमों का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने तकनीकी और चिकित्सा सहयोग प्रदान किया। रक्तदान प्रभारी विष्णु अग्रवाल एवं प्रवीण अग्रवाल ने पूरे पखवाड़ा में व्यक्तिगत उपस्थिति दर्ज कर सक्रिय भूमिका निभाई। मंच के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सचिव निकुंज पोद्दार, कोषाध्यक्ष गौरव काबरा, प्रवक्ता राघव जालान सहित झारखंड प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पड़िया, प्रांतीय महामंत्री दीपक गोयनका, मंडलीय उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने भरपूर योगदान दिया।

### आजसू का नौकरी दो हेमंत सरकार अभियान नौ अगस्त से

रांची: आजसू पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव राजेंद्र मेहता और युवा नेता संजय मेहता ने कहा कि निजी क्षेत्र में स्थानीय को 75 प्रतिशत आरक्षण दिलवाने के लिए आजसू पार्टी संघर्ष करेगी। पार्टी नेताओं ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि क्रूरता पड़ी इसके लिए आजसू न्यायालय में भी पहल करेगा। उन्होंने कहा कि पार्टी नौ अगस्त से 14 अगस्त तक नौकरी दो हेमंत सरकार अभियान चलाएगी और इस संबंध में राज्य सरकार से हिसाब मांगेगी एवं निजी क्षेत्र के कार्यालयों में ज्ञापन देगी। मौके पर मुख्य प्रवक्ता डॉ भगत ने बलिदान दिवस समारोह के आयोजन की सफलता के लिए सभी कार्यकताओं और मीडिया का आभार प्रकट किया। डॉ भगत ने कहा कि पार्टी ने बलिदान दिवस के माध्यम से झारखंड के मसलों पर अपने विचारों को रखा है। झारखंड में स्थानीयता, नियोजन, पुनर्वास, नियुक्ति, परीक्षा, परिणाम, नियुक्ति कैलेंडर, ओबीसी आरक्षण, निजी क्षेत्र में आरक्षण, आउटसोर्सिंग में आरक्षण, आउटसोर्सिंग नियुक्ति से सरकारी नियुक्तियों का मारा जाना, पेसा कानून, सरना धर्म कोड, जमीन अधिग्रहण, मुआवजा, करप्शन, कंपनियों की मनमानी, झारखंड आंदोलनकारियों के बीच पहचान का संकट, कानून व्यवस्था की चिंताजनक स्थिति, मंईयां सम्मान योजना को बिना स्पष्ट कानून और विधिक प्रक्रिया के लागू किए जाने के मसले को पार्टी ने प्रमुखता से उठाया है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

निविदा सूचना संख्या: सीकेपी-ऑपरेटिंग-25-26-01, दिनांक : 20.06.2025। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (ऑपरेटिंग), दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर नीचे उल्लिखित कार्य के लिए सेवा ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। कार्य का नाम: दो वर्षों (730 दिनों) के लिए मंडल कंट्रोल/चक्रधरपुर के कार्यालय में 21 अदद डेटा एंट्री ऑपरेटर/सीएओ एंट्री-कम-लेखान कंट्रोलार्स असिस्टेंट का नियोजन। निविदा मूल्य: ₹1,26,67,179। जमा बयाना राशि: ₹2,13,300। निविदा प्रपत्र की कीमत: शून्य। निविदा खुलने का स्थान: वरिष्ठ डीओएम (को-ऑर्डिनेशन)/चक्रधरपुर/दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 14.07.2025 को अपराह्न 3.00 बजे। निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। (PR-306)

# परिसीमन में आदिवासियों की सीटें बरकरार रहे : मंत्री



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अगर झारखंड में परिसीमन होता है तो आदिवासियों के लिए आरक्षित सीटें पूर्ववत आरक्षित रहनी चाहिए, अन्यथा यह आदिवासी अस्मिता के लिए बड़ा खतरा होगा।

मंत्री सोमवार को दिल्ली स्थित 10 जनपथ में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की अध्यक्षता में आयोजित ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस की बैठक में बोल रहीं थी। मौके पर मंत्री तिर्की ने झारखंड के आदिवासियों से जुड़े कई गंभीर मुद्दे भी उठाए। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से 2016 से पूर्व की किए जानेवाले जनगणना व्यवस्था का जिक्र करते हुए सरना धर्म कॉलम की पुनर्बहाली की मांग की, ताकि प्रकृति पूजक आदिवासी समाज को पहचान मिल सके। झारखंड में जमीन विवादों पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने लैंड डिजिटाइजेशन के नाम पर रैयतों को उन्हीं की जमीन से बेदखल करने की साजिश रची थी। गलत लैंड रिकॉर्ड, पंजी-2 की गड़बड़ियों के कारण आदिवासी परिवार अंचल कार्यालय और कोर्ट के चक्कर काट रहे हैं। मंत्री ने राज्य में दोबारा भूमि सर्वे, ट्राइबल लीगल काउंसिल के गठन और गांव-गांव में भूमि सुधार कैंप लगाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि यह काउंसिल कानूनी मदद और मार्गदर्शन प्रदान करेगी। जादूगोड़ा में न्यूक्लियर वेस्ट डंपिंग से हो रही बीमारियों पर भी उन्होंने चिंता जताई और प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की मांग की। बैठक में आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, झारखंड प्रभारी के. राजू सहित कई राज्यों के आदिवासी सांसद-विधायक उपस्थित थे।

## समर्पित कार्यकर्ताओं की निष्ठा का प्रतीक है भाजपा के 14 करोड़ प्राथमिक सदस्य : बाबूलाल



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा ने 14 करोड़ प्राथमिक सदस्य बनाकर संगठन की अभूतपूर्व शक्ति और जनविश्वास का प्रमाण दिया है। यह उपलब्धि समर्पित कार्यकताओं की निष्ठा, सेवा और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर सोमवार को लिखा है कि कि भाजपा परिवार के स्तंभ हमारे बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बंधुओं और सभी सदस्यों को इस अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और कार्यकताओं की दृढ़ इच्छाशक्ति से भाजपा अंत्योदय और ह्यविकसित भारत के संकल्प को निश्चित ही साकार करेगी। भाजपा की इस उपलब्धि से स्पष्ट है कि पार्टी आने वाले समय में भी अपने संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के मुद्दों पर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा की मजबूत नींव और समर्पित कार्यकताओं की बदौलत पार्टी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए तैयार है।

# महेश्वरी सभा का पूर्वांचल समागम कार्यक्रम पांच जुलाई से

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी सभा के पूर्वांचल के अंतर्गत झारखंड बिहार, पश्चिम बंगाल, उत्कल, असम पूर्वोत्तर, नेपाल चैप्टर का समागम कार्यक्रम रांची सभा के आतिथ्य में पांच और छह जुलाई को होगा। झारखंड की राजधानी रांची में यह समागम 40 वर्षों बाद हो रहा है। इस समागम में महासभापति संदीप काबरा, महामंत्री अजय काबरा, निवर्त्तमान अध्यक्ष श्याम सोनी, मुख्य अतिथि कोलकाता निवासी कमल गांधी, महासभा अर्थमंत्री राज कुमार काल्या,पूर्वांचल उपाध्यक्ष कैलाश काबरा, संयुक्त सचिव छीतर मल धूत, के लव छह राज्यों के अध्यक्ष, सचिव और महासभा कार्यकारी मंडल सदस्य शामिल होंगे। कार्यक्रम के स्वागताध्यक्ष रांची निवासी शिव शंकर साबू हैं। समागम के मुख्य संयोजक अशोक साबू के दिशा निर्देश में रांची माहेश्वरी सभा, महिला संगठन, युवा संगठन और समाज के सभी सदस्य अपने कार्यभार को निभाते हुए इस आयोजन को सफल बनाने में लगे हैं। दो दिवसीय समागम की शुरूआत पांच जुलाई को उद्घाटन सत्र के साथ होगा और उसी दिन पूर्वांचल के सभी सदस्यों की चौपाल बैठेगी। चौपाल में समसामयिक और ज्वलंत समाजोपयोगी विषयों पर मुक्त चर्चा कर समाधान निकालने का प्रयत्न होगा। दूसरे दिन छह जुलाई को रांची समाज के सभी सदस्यों के साथ बैठक होगी। कार्यक्रम में सामाजिक और व्यक्तिगत जीवन में सहयोग, संतुलन एवं समाधान की महत्ता पर प्रकाश डाला जाएगा। पहुंचे सभी अतिथियों के मन मे झारखण्ड की संस्कृति की छवि अंकित हो उसका भी ध्यान रखा जा रहा है। रजिस्ट्रेशन, यातायात, आवास, भोजन, प्रचार प्रसार, मीटिंग हॉल प्लेटो में जूठन न रहे सभी कार्यों के लिए टीम का गठन किया गया है। सभी टीम अपने-अपने दायित्वों के कुशल निष्पादन की योजना पर कार्य कर रही है।

# रांची में जल जमाव पर नही जागे मंत्री तो सड़कों पर करेंगे धानरोपनी : युवा शक्ति



▶ राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव के नेतृत्व में परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन किया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी रांची में जल जमाव की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है। शहर के कई इलाकों में कमर तक पानी भर गया है। कार और बाइक को पानी में तैरते देखा जा रहा है। इससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। इस समस्या को लेकर सोमवार को राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष उत्तम यादव के नेतृत्व में परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक पर प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि अगर नगर विकास मंत्री और नगर निगम नींद से नहीं जागे तो विवश होकर धानरोपनी की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान उत्तम यादव ने कहा की नगर विकास मंत्री और नगर निगम गहरी नींद में सोए हुए हैं। ऐसा लगता है कि अब उनकी नींद 2029 के चुनाव में ही खुलेगी। विधानसभा का बजट सत्र एक महीने का था। लेकिन सदन में रांची का कोई भी जनप्रतिनिधि रांची की समस्याओं को लेकर गम्भीर नजर नही आया। सदन में सिर्फ इधर-उधर बातें कर सदन का एक महीने का कीमती समय गुजार दिया गया। हम एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते, नगर विकास मंत्री और नगर निगम को जगाएंगे। ताकि रांची की नालियों की साफ सफाई हो सके।

उन्होंने कहा कि राज्य के सभी राजनीतिक दल लापता हो गए हैं। रांची की जनता का कोई सुध लेने वाला नहीं है। अगर तत्काल नगर विकास मंत्री और नगर निगम नींद से नहीं जागे तो विवश होकर जल जमाव स्थल पर प्रदर्शन किया जाएगा और धानरोपनी की जाएगी। इस मौके पर प्रदर्शकारियों ने रांची की नालियों की सफाई करने की मांग की। इस दौरान सावन लिंडा, शैलेश नंद तिवारी, उमेश साहू, सोनू गुप्ता, रोशन राम वर्मा, आशीष विभूति, प्रीति सिन्हा जायसवाल, नीरज सिंह, चंद तिवारी, निखिल गुप्ता, अनुराग तिर्की सहित अन्य मौजूद थे।

## रिम्स टू के मुद्दे पर गठबंधन के नेता विरोधाभासी बयान दे कर फिक्स्ड मैच खेल रहे : प्रतुल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर हमला करते हुए कहा कि वह रिम्स टू के भूमि अधिग्रहण मुद्दे पर अपने सहयोगी दल कांग्रेस के दो अग्रणी नेताओं से विरोधाभासी बयान दिलवाकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रही है । प्रतुल ने सोमवार को कहा कि यह पूरे तरीके से फिक्स्ड मैच है। सरकार जबरन आदिवासियों की खेती वाली जमीन पर रिम्स टू का निर्माण करने जा रही थी। उस जमीन को सरकारी जमीन बता रही थी। जबकि दस्तावेज बता रहे थे कि जमीन का कभी अधिग्रहण भी नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने नगड़ी में रिम्स टू बनाने के खिलाफ आंदोलन की शुरूआत की तो सरकार आदिवासियों के आक्रोश के कारण बैकफुट पर आ गई। बुरे तरीके से फंसी सरकार अब कांग्रेस के दो अग्रणी नेताओं से विरोधाभाषी बयान दिलवाकर कन्फ्यूजन पैदा करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने एक महीने बाद मुख्यमंत्री से मांग की है कि आदिवासियों के कृषि योग्य जमीन पर रिम्स टू का निर्माण नहीं होना चाहिए। यह एक महीना विलंब क्यों हुआ, ये उन्होंने स्पष्ट नहीं किया। उन्होंने कहा कि पूरे राज्य के आदिवासी इस जबरन निर्माण के खिलाफ थे। इसलिए सरकार बचने का रास्ता खोज रही थी। अब लगता है कि सरकार के इशारे पर ही स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी कह रहे हैं कि हर हालत में रिम्स टू उसी जगह पर बनेगा। यह सिर्फ और सिर्फ कन्फ्यूजन पैदा करने की कोशिश की जा रही है। मीडिया और जनता का ध्यान अब इन दोनों नेताओं के बयानों पर चला गया है।

# नशा मुक्त भारत अभियान के तहत 26 को मैराथन उपायुक्त ने दिया तैयारी पूरा करने का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिलास्तरीय वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, अपर जिला दंडाधिकारी विधि-व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार और जिला के सभी वरीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी, और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने 26 जून को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत मोरहाबादी मैदान में आयोजित होने वाली मैराथन दौड़ के लिए सभी तैयारियों को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया। इस अभियान का उद्देश्य नशा मुक्ति के प्रति जन जागरूकता फैलाना है। उन्होंने प्रचार-प्रसार के लिए डिजिटल और पारंपरिक माध्यमों का उपयोग करने, मार्ग निर्धारण, सुरक्षा व्यवस्था, और स्वयंसेवकों की नियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों को इस आयोजन में शामिल करने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा गया। तीन जुलाई को प्रस्तावित रातु रोड फ्लाईओवर के उद्घाटन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी प्रशासनिक और तकनीकी व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। इसमें यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, अतिथियों के लिए प्रोटोकॉल और उद्धघाटन समारोह की व्यवस्था शामिल है। उन्होंने संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर यह सुनिश्चित करने को कहा कि उद्धघाटन के दिन कोई अव्यवस्था न हो।

**जगन्नाथ रथ यात्रा को बेहतर संचालन कराने का निर्देश**

उपायुक्त ने ऐतिहासिक जगन्नाथ रथ यात्रा के सुचारू और सुरक्षित आयोजन के लिए सभी संबंधित विभागों को व्यापक तैयारियां करने का निर्देश दिया। इसमें रथ मार्ग, भीड़ प्रबंधन, चिकित्सा सुविधाएं, और पेयजल व्यवस्था शामिल हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन को यात्रा के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने और आयोजकों के साथ समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने 10 जुलाई को होटल रेडिसन ब्लू, में आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की तैयारियों की समीक्षा की। उपायुक्त ने इस उच्चस्तरीय बैठक के लिए सभी व्यवस्थाओं, जैसे परिवहन, सुरक्षा, और तकनीकी सुविधाओं, को उच्च मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने आगामी सावन पर्व के आयोजन की तैयारियों को लेकर अभी से सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को सक्रियता दिखाने का निर्देश दिया। उन्होंने मेला क्षेत्र में स्वच्छता, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, और श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक सुविधाओं, जैसे शौचालय, पेयजल, और चिकित्सा शिविर की व्यवस्था करने को कहा।

## संक्षिप्त खबरें

### नए जोश के साथ खड़े हैं आजसू कार्यकर्ता : प्रदीप जायसवाल



रांची: सामाजिक कार्यकर्ता सह आजसू के रांची महानगर वरीय उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा कि अब आजसू कार्यकर्ता अब जाग चुके है। बीते विधानसभा चुनाव के बाद कार्यकताओं में जोश भरा जा रहा है। जायसवाल सोमवार को खास बातचीत करते हुए बोल रहे थे। जेएलकेएम विधायक जयराम महतो से आजसू को राजनीतिक खतरे संबंधी सवाल पर उन्होंने कहा कि जेएलकेएम विधायक जयराम महतो कुछ दिन पहले चुनाव जीतने समय तक एक्शन मूड में थे, अब नहीं। जयराम महतो पहले काफी आक्रमक अंदाज से बात करते थे ताकि आमजनों के बीच उनकी लोकप्रियता बढ़े। किसी पदाधिकारी को भी अरे सीओ, अरे बीडीओ, अरे दारोगा बोलने से परहेज नहीं करते थे। अब विधायक बन गए हैं तो ऐसी भाषा का उपयोग नहीं करते हैं। लेकिन आमजन झारखंडवासी अब उनकी बातों को बखूबी समझने लगे है। क्योंकि कुछ दिन पहले ही विधायक जयराम महतो के विधानसभा क्षेत्र में एक प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) ने जिस तरह एक युवक को खुदकुशी करने के लिए प्रताड़ित किया। मजबूरी में युवक को खुदकुशी करना पड़ा। इससे साफ जाहिर होता है कि यदि जयराम महतो का बीडीओ पर जरा भी खौफ रहता तो बीडीओ का साहस ही नहीं था कि वह किसी युवक को खुदकुशी करने के लिए मजबूर कर दें। उन्होंने कहा कि आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो जैसा थे वैसा ही हैं। राजनीति में उतार चढ़ाव होना लाजिमी है। इसलिए यह कह देना कि आजसू पूरी तरह साफ हो जाएगा कहना गलत है। और यदि ऐसा है तो झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन और उनके पीए का प्रकरण राज्य की जनता जानती है। तब कैसे झामुमो अकेला हो चुका था। लेकिन आज वहीं झामुमो की मजबूत स्थिति देखी जा सकती है। इसी तरह अब आजसू का उदय हो चुका है। नए जोश के साथ कार्यकर्ता सुदेश महतो के साथ खड़े हैं।

### देश की एकता और अखंडता के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जान की बाजी लगा दी : बाबूलाल



रांची: प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, महान शिक्षाविद, जनसंघ के संस्थापक और पार्टी के करोड़ों कार्यकताओं के प्रेरणा पुरुष डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सोमवार को भाजपा कार्यकताओं ने बूथ स्तर पर बलिदान दिवस के रूप में मनाया। डॉ मुखर्जी के चित्र,प्रतिमा पर पुष्प,माला अर्पित कर नमन किया और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा की। अपने संथाल परगना प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने देवघर परिसदन में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जान की बाजी लगा दी। कांग्रेस पार्टी ने आजादी के बाद अनुच्छेद 370 के माध्यम से जम्मू कश्मीर को देश से काटने की कोशिश की। सत्ता की भूखी नेहरू सरकार ने जम्मू कश्मीर के लिए अलग प्रधानमंत्री, अलग संविधान और अलग झंडे की मान्यता दी। शेष भारत के लोगों को कश्मीर में प्रवेश करने के लिए परमिट का प्रावधान किया। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसका प्रबल विरोध करते हुए बिना परमिट के कश्मीर की सीमा में प्रवेश किया। गिरफ्तारी दी और अंत में स्वतन्त्र भारत के इतिहास में राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय ने अपने सरिया स्थित आवास पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि भारत की सांस्कृतिक सीमा में सनातन काल से जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। मां भारती का मुकुट है। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी इस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे। भाजपा अपने प्रेरणा पुरुष डॉक्टर मुखर्जी के सपनों के अनुरूप सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को मजबूत कर रही। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह जी ने प्रदेश कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक कुशल संगठनकर्ता थे।

### चेंबर के बैडमिंटन लीग के सीजन वन में बार्ड टीम विजयी



रांची: फेडरेशन ऑफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और बैडमिंटन एसोसियेशन ऑफ रांची डिस्ट्रीक्ट (बार्ड) के संयुक्त तत्वावधान में खेलगांव स्टेडियम में आयोजित रांची बैडमिंटन लीग के सीजन वन में शटर ब्लास्टर को हराकर बार्ड की टीम विजयी रही। सोमवार को खेले गए टूनार्मेंट में कुल 32 टीमों ने भाग लिया। टूनार्मेंट में रांची के एसडीओ उत्कर्ष कुमार और सीसीएल के पदाधिकारी हर्ष नाथ मिश्रा, पवन मिश्रा ने भी अपनी टीम के साथ खेला। टूनार्मेंट में खेलकूद विभाग, रांची नगर निगम, सीसीएल, सचिवालय कर्मचारी सेवा संघ समेत कई गैर सरकारी संस्थाओं की टीम ने हिस्सा लिया। मौके पर मेकॉन के पदाधिकारयों ने शामिल होकर खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं टूनार्मेंट का उद्घाटन जेएससीए के अध्यक्ष अजयनाथ शहदेव ने किया। उन्होंने इस आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए चेंबर के प्रयासों की सराहना की। चेंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, स्पोर्ट्स कमिटी के चेयरमैन गौतम शाही और चेंबर कनेक्ट कमिटी के चेयरमैन अरुण भारतीया ने विजयी टीम के प्रतिभागियों को ट्रॉफी और पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। प्रथम स्थान के रनर अप को 21 हजार, द्वितीय और तृतीय स्थान के रनरअप को 51 सौ रुपए का चेक दिया गया। टूनार्मेंट में अंडर 14 और अंडर 18 के बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा से दर्शकों का दिल जीत लिया। चेंबर की ओर से सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। अध्यक्ष परेश गट्टानी ने चेंबर की स्पोर्ट्स कमिटी और चेंबर कनेक्ट उप समिति के इस प्रयास को ऐतिहासिक बताते हुए कमिटी चेयरमैन अरुण भारतीया और गौतम शाही के प्रयास की सराहना की और इस प्रतियोगिता में सहभागी बनने के लिए सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संगठनों के प्रति आभार जताया। दिन भर चले इस टूनार्मेंट में सीसीएल, मेकॉन के पदाधिकारियों, प्रार्थना ग्रुप के अभिषेक मोदी के अलावा चेंबर शशांक बजाज, अलोक कुमार के अलावा सैकड़ों सदस्य एवं संबद्ध संस्थाओं के पदाधिकारी शामिल हुए सबों ने चेंबर के इस प्रयास की सराहना की।

## एक नजर

### प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**बोकारो :** धनबाद अखिल भारतीय श्री भट्ट ब्राह्मण महासभा की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरि दशौंधी ने की और संचालन शिवपूजन शर्मा ने किया। समारोह की शुरूआत भगवान श्री गजानन की वंदना से हुई, जिसके बाद मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 9 मेधावियों को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, कक्षा 1 से 10 तक के 64 छात्रों और छात्राओं को पठन-पाठन सामग्री दी गई ताकि उन्हें आगे की शिक्षा में प्रेरणा मिल सके। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा जीवन को संवारने का महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज में बहुमूल्य प्रतिभाओं का सम्मान बढ़ाना जरूरी है । शिक्षा के माध्यम से ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। इस अवसर पर बच्चों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया गया और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। महासभा की बोकारो और धनबाद इकाई द्वारा समय-समय पर छात्रों के बीच ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं के आयोजन का भी निर्णय लिया गया। साथ ही, उन्होंने माता-पिता से बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम में कई प्रमुख लोग उपस्थित थे, जिनमें अशोक दशौंधी, भागवत दशौंधी, सुरजीत दशौंधी, प्रकाश दशौंधी और कान्हाई दशौंधी शामिल थे।

### मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया

**कोडरमा :** शंभू प्रसाद कुशवाहा नगर प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा के निदेशानुसार नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत मादक पदार्थों के रोक-थाम/दुरुपयोग हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उसी क्रम में स्वयं सहायता समूहों के महिलाओ के द्वारा आमजनों को मादक/नशीली पदार्थ के दुरुपयोग के विरुद्ध जागरूकता का आयोजन किया गया। नशे को ना जिंदगी को हां कहे, आमजनों को नशा के दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया और छोड़ने की अपील किया गया ताकि एक स्वास्थ्य समाज का निर्माण हो सके। मादक पदार्थों के रोकथाम हेतु संदेश लोगों तक पहुँचाने के लिए जागरूक की गई । नगर पंचायत कोडरमा के बरसोतियाबार वार्ड न-15 एवं बोनाकाली वार्ड नम्बर 01 में स्वयं सहायता समूहों के महिलाओ के सहयोग से मानव श्रृंखला बनाकर मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया एवं नशा मुक्त से संबंधित शपथ दिलाया गया।

### गांव के चापानल से इन पानी की जगह निकलने लगी आग

**बोकारो :** अमलाबाद ओपी क्षेत्र स्थित हांडी पाड़ा के मैदान में लगे चापानल ने पानी की जगह आग उगलना शुरू किया तो पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई, लोग घरों से। निकल इधर उधर भागना शुरू कर दिया। इसी बीच स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना अमलाबाद ओपी थाना प्रभारी को दी ।घटना की सूचना पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पहुंची पुलिस की टीम ने पर्वतपुर स्थित ओएनजीसी के फायर फाइटरों को मौके पर बुलाया, फायर फाइटरों की मदद से आग पर काबू पाया गया तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली। मिली जानकारी के अनुसार एक स्थानीय ग्रामीण की सबसे पहले इसपर नजर पड़ी तो उन्होंने इसकी सूचना सबसे पहले पुलिस को दी।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में ओलंपिक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** सेक्रेड हार्ट स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस बड़े ही उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर छात्रों को ओलंपिक मूल्यों, उत्कृष्टता और सम्मान से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 5वीं से 9वीं तक के छात्रों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता तथा कक्षा 3 से 8 तक के छात्रों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं कक्षा 10वीं के छात्रों में खुशी कुमारी और वैष्णवी शिवप्रिया ने ओलंपिक दिवस पर एक प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने भारतीय ओलंपिक पदक विजेताओं की उपलब्धियों और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के विजेताओ में प्रथम स्थान मानवी कुमारी, द्वितीय स्थान आकर्ष कुमार तथा तृतीय स्थान रूही झा वहीं निबंध लेखन प्रतियोगिता में विजेताओ में प्रथम स्थान प्रीतम अवध्या, द्वितीय स्थान शुभम कुमार सिंह तथा तृतीय स्थान मंजीत कुमार एवं के निबंध लेखन प्रतियोगिता अंग्रेजी माध्यम में प्रथम स्थान प्रत्युषा शर्मा, द्वितीय स्थान अवंतिका तथा हिंदी माध्यम में प्रथम स्थान नितिका कुमारी, द्वितीय स्थान साक्षी रजक को विजेता घोषित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व ओलंपिक दिवस केवल खेलों का उत्सव नहीं है, यह एकता, संकल्प और वैश्विक सौहार्द का प्रतीक है। मुझे गर्व है कि हमारे छात्र इस दिवस को पूरी निष्ठा और रचनात्मकता के साथ मना रहे हैं। हमें जीवन के हर क्षेत्र में ओलंपिक मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए-चाहे वह शिक्षा हो, खेल हो या हमारा आचरण। इन सभी कार्यक्रमों का आयोजन उप-प्राचार्य प्रवीन कुमार की देखरेख में हुआ। समन्वयक के रूप में शगुफ़्ता प्रवीण एवं अशुतोष गौतम तथा शिक्षक सतीश कुमार, अभिलाषा सिंह, मनोज पांडेय, कुंदन राणा, कुंतल जेटवा, अनुष्का शर्मा आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

## बीएसएल प्लांट नगर सेवा भवन द्वारा खाली जमीन पर पौधारोपण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** बीएसएल प्लांट नगर सेवा भवन के सुरक्षा विभाग के डीजीएम कर्नल आर.एस. शेखावत के नेतृत्व में आज बोकारो सिटी कॉलेज के पास खाली पड़ी जमीन पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। यह पहल बोकारो में लगातार बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण को रोकने और पर्यावरण को स्वच्छ एवं हरा-भरा रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कर्नल शेखावत ने बताया कि हाल के दिनों में बोकारो की खाली जमीनों पर अतिक्रमण की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंच रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर सेवा भवन ने इस खाली पड़ी जमीन पर पौधारोपण कर एक नई मुहिम की शुरूआत की है। इस अभियान का उद्देश्य न केवल सेल (रअक्छ) की जमीन को सुरक्षित रखना है, बल्कि नगरवासियों को स्वच्छ और हरित वातावरण उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने कहा, जमीन की सुरक्षा के साथ-साथ हमारा उद्देश्य है कि बोकारो के नागरिकों को हरा-भरा और स्वच्छ वातावरण मिले। पौधारोपण से न केवल अतिक्रमण रोका जा सकता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

## स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जयनगर (कोडरमा) :** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की तैयारी को लेकर प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आज जयनगर प्रखंड सभागार में किया गया। कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के कर्मियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्वच्छता से जुड़े फ्रंटलाइन कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान स्वच्छता रैंकिंग,ओडीएफ प्लस की स्थिति, ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ग्राम स्तर पर स्वच्छता बनाए रखने की रणनीति, जनजागरूकता अभियान तथा डाटा संकलन की प्रक्रिया जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार एवं जिला समन्वय दीपक कुमार तमोली ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहाः स्वच्छ सर्वेक्षण केवल एक मूल्यांकन प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह गांवों को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने की एक राष्ट्रीय मुहिम है। इसके लिए गांव स्तर, पंचायत स्तर से लेकर प्रखंड स्तर तक सभी की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है। उन्होंने सभी पंचायत सचिवों, जल सहियाओं और स्वच्छता से जुड़े कर्मियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई के कार्यों को तेज करें, लोगों को खुले में शौच से मुक्त रहने के लिए जागरूक करें, तथा ठोस व तरल कचरा प्रबंधन को प्राथमिकता दें। कार्यशाला में यह भी बताया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के दौरान किस प्रकार से गांवों में मौके पर मूल्यांकन, दृश्य प्रमाण और मोबाइल एप आधारित डाटा संग्रहण किया जाएगा।

## नि:शुल्क अस्थमा जांच शिविर में 24 मरीजों का हुआ उपचार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** तिलैया डैम स्थित डीवीसी अस्पताल के तत्वावधान में निःशुल्क अस्थमा जांच व जागरूकता शिविर लगाया गया। कैंप में विभिन्न गांवों से आए मरीजों की अस्थमा जांच की गई। शिविर में आए मरीजों की जांच डॉ. प्रिय रंजन ने की। शिविर में कुल 24 अस्थमा से पीड़ित मरीजों का परीक्षण किया गया। मौके पर डॉ. प्रिय रंजन ने बताया कि अस्थमा कई कारणों से हो सकता है। अस्थमा के ज्यादातर मरीज छोटे बच्चे और युवावर्ग से आ रहे हैं। अस्थमा माता-पिता से बच्चों में आनुवांशिक रूप से भी होता है। वर्तमान में प्रदूषण के कारण भी अस्थमा के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। विभिन्न प्रकार के चीजों से एलर्जी, अनियमित जीवन शैली और तनाव भी अस्थमा के कारण हैं। उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि अस्थमा की शिकायत होने पर मरीज को डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। अस्थमा श्वास नली की बीमारी है समय पर ईलाज, दवा और जीवन शैली में बदलाव से अस्थमा के रोगियों को ठीक किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से कहा कि श्वांस एवं अस्थमा हल्के में लेने की बीमारी नहीं है। बहरहाल मानसून पूर्व अस्थमा के महंगे परीक्षण से रोगियों को निःशुल्क शिविर की जांच और उपचार काफी राहत प्रदान की है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जोश में बच्चों ने मनाया योग का जश्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** कौंडिन्या पब्लिक स्कूल में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यास किया। विद्यालय की वाइस प्रिंसिपल सुमन सिंह ने बच्चों को योग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक शांति और एकाग्रता को भी बढ़ावा देता है। योग के नियमित अभ्यास से हम अपने जीवन को स्वस्थ और संतुलित बना सकते हैं। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में शिक्षिका वर्तिका पहाड़ी का विशेष योगदान रहा। उन्होंने सभी बच्चों को अच्छे तरीके से निर्देशित किया और उन्हें योग के विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास करवाया। उनके प्रयासों से बच्चे योग को अच्छे तरीके से समझ और प्रदर्शन कर पाए। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया और उन्हें योग के महत्व के बारे में बताया। विद्यालय के प्रबंधन ने सभी बच्चों और शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दीं और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में स्वास्थ्य और अनुशासन की भावना विकसित होती है।

## समावेशी शिक्षा पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बोकारो :** गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक विद्यालय, सेक्टर 5 बी, बोकारो के भाई नंदलाल जी सभागार में आज से समावेशी शिक्षा पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। यह प्रशिक्षण 23 एवं 24 जून को प्रातः 9 बजे से संध्या 4 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। इसमें विशेष रूप से समावेशी शिक्षा, कक्ष की कार्यप्रणाली, व्यवहारिक रणनीतियाँ और शिक्षण पद्धतियों पर शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 9 बजे मुख्य प्रशिक्षण विशेषज्ञों के स्वागत से हुई, जिनमें जोसेफ एडवर्ड नताल एवं रिया मुखर्जी उपस्थित रहीं। इसके उपरांत प्रार्थना, दीप प्रज्वलन तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक रूप में आगत अतिथियों को पौधा भेंट किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सौमेन चक्रवर्ती ने अपने स्वागत भाषण में कहा की समावेशी शिक्षा केवल एक पद्धति नहीं, बल्कि सोच की दिशा है। यह सोच हमें सिखाती है कि प्रत्येक बालक चाहे वह किसी भी प्रकार की शारीरिक या मानसिक बाधा से जूझ रहा हो, वह सम्मान और समान अवसर पाने का अधिकारी है। हम सौभाग्यशाली हैं कि हमारे विद्यालय को ऐसे प्रेरणादायक विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में समावेशी शिक्षा की अवधारणा, विविध अधिगम शैलियों का प्रयोग, शिक्षण में संवेदनशीलता, सीखने में कठिनाई वाले बच्चों हेतु उपाय तथा बाधित या दिव्यांग बालकों के प्रति व्यवहार एवं उनके समुचित विकास की दिशा में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षण में पीछे न छोड़ा जाए – इसके लिए आवश्यक है कि शिक्षक उनके अनुसार कार्ययोजना बनाएं। दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ सहानुभूति नहीं, अपितु समझदारी और संवेदनशीलता के साथ पेश आना चाहिए। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि ऐसे बच्चों को कक्षा में कैसे शामिल किया जाए, कैसे उनका आत्मविश्वास बढ़ाया जाए, तथा कैसे शिक्षक उनके माता-पिता से संवाद कर सहयोग ले सकते हैं। इस सत्र के अंतर्गत अंतर्गत मुख्य कार्यकारी अधिकारी, पटना द्वारा निर्देशित शिक्षा और समावेशन पर आधारित प्रशिक्षण सामग्री को भी साझा किया गया। इसमें शिक्षकों को यह बताया गया कि समावेशी शिक्षा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रमुख स्तंभों में से एक है और प्रत्येक शिक्षक को बालकों की भिन्न-भिन्न आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षण रणनीतियाँ अपनानी होंगी। प्रशिक्षकों ने यह भी बताया कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों की क्षमता निर्माण करना है, ताकि वे कक्षा में समावेशी और सहभागी वातावरण का निर्माण कर सकें। प्रशिक्षण के पहले दिन अनेक समूहगत गतिविधियाँ कराई गईं, जिनमें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षकों ने शिक्षकों से कहा कि समावेशी कक्षा में 'कोई पिछड़ा नहीं' यह सिद्धांत लेकर चलना होगा। दिन के अंतिम भाग में दिनभर की सीख की पुनरावृत्ति कराई गई तथा शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष तरसेम सिंह एवं सचिव श्री एस. पी. सिंह ने अपने संदेश में कहा- इस प्रशिक्षण का सीधा प्रभाव हमारे विद्यालय की कक्षाओं में दिखेगा। शिक्षकों की समझ और संवेदनशीलता के कारण हमारे विद्यार्थी अधिक सक्षम, आत्मविश्वासी और समावेशी वातावरण में विकसित होंगे। इस अवसर पर वरीय इकाई प्रभारीजी. के. मिश्रा, माध्यमिक इकाई की उपप्राचार्या सुमन नांगिया, वरिष्ठ शिक्षकगण तथा अन्य विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कल प्रशिक्षण का दूसरा दिन होगा जिसमें और भी व्यवहारिक शिक्षण तकनीकों पर चर्चा की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### रोट्रेक्ट क्लब ऑफ युवा द्वारा वृद्धाश्रम में फल का किया गया वितरण




**कोडरमा /झुमरी तिलैया :** रोट्रेक्ट क्लब ऑफ कोडरमा युवा द्वारा मानव सेवा के तहत आज स्थानीय वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों के बीच फल, जूस, बिस्किट्स, नमकीन इत्यादि बांटा गया । मौके पर मंच के अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि अपने घर से अलग रह रहे बुजुर्गों को भी हमारे प्यार की जरूरत है, इसलिये आज मंच के द्वारा यहाँ आकर फल का वितरण किया गया है और आगे भी यहाँ आते रहेंगे । उन्होंने यह भी बताया कि यह गर्मी में मंच के द्वारा छाछ, आम पन्ना और फ्रूटी लगातार वितरण किया जा रहा है, इसके तहत ही मंगलवार को कोडरमा स्टेशन स्तिथ काली मंदिर के प्रांगण में आम का वितरण किया जाएगा। मंच के सचिव प्रवीण जोशी ने कहा कि मंच लगातार समाज सेवा कर रहा है और अभी आने वाले दिनों में जब बारिश की मौसम रहेगी तब मंच के तरफ से पोधा रोपण और पोधा वितरण भी किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि मंच शहर में विभिन्न जगह पर डी क्लब के तहत रक्त जांच सिविर का आयोजन भी किया जाएगा ।मौके पर मंच के सदस्य शुभम कुमार, आयुष जोशी, श्रीश भदानी , चिंटू अग्रवाल, आयांश शर्मा आदि उपस्थित थे ।

### डगरनवां पंचायत के ग्राम परसाबाद में शिविर का हुआ आयोजन



**मरकच्चो :** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान एंव प्रधानमन्त्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना अंतर्गत प्रखंड मरकच्चो के डगरनवां पंचायत के ग्राम परसाबाद स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में सोमवार को शिविर का आयोजन किया गया ।उक्त शिविर का आयोजन अनुसूचित जनजाति समुदाय के परिवार को केंद्र प्रायोजित विभिन्न योजनाओं का लाभ उनके गांवों में प्रदान किया जाना है ।शिविर में 10 आधार कार्ड ,06 मनरेगा जॉब कार्ड,64 आयुष्मान कार्ड,18 जन धन खाता,18 पेंशन ,46 सिकल टेस्ट,6 जाति प्रमाण पत्र,69 राशन से संबंधित,6 आवासीय प्रमाण पत्र,07 लाभुकों को इंद्रधनुष योजना का लाभ दिया गया,8 मुद्रा योजना आदि योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया गया ।शिविर का आयोजन कर के सरकार अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। शिविर में ओपीडी के तहत 53 लाभुकों का स्वास्थ्य जांच कर मुफ्त दवा का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो,मुखिया शोभा देवी , डा.राकेश कु सिंह,मिथलेश यादव, राजेश कुमार,लेखराज दास,दीपक कुमार,कमल कुमार, श्यामसुंदर प्रसाद, किशोर यादव, दिलीप महतो,सकलदेव यादव आदि मौजूद रहे।

### चास के आस्था ज्वेलर्स में हथियारबंद डकैती, लाखों के गहने लूटे



**बोकारो :** शहर के चास स्थित व्यस्त बाजार क्षेत्र में सोमवार शाम करीब 6 :30 बजे आस्था ज्वेलर्स में दो हथियारबंद डकैतों ने भीषण डकैती की। घटना के दौरान दुकान के मालिक जितेंद्र कुमार और स्टाफ को बंधक बनाकर डकैतों ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए पूरी दुकान को लूट लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों अपराधी पिस्तौल से लैस थे और वारदात को बेहद योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया। दुकान में घुसते ही उन्होंने वहां मौजूद लोगों को डराकर एक कोने में बैठा दिया और तिजोरी सहित काउंटर में रखे सोना-चांदी के सभी आभूषण समेट लिए।
डाका डालने के बाद दोनों आरोपी आराम से फरार हो गए। घटना के बाद दुकान मालिक घबराए हुए थे और कुछ देर बाद पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आसपास के क्षेत्रों में नाकाबंदी की गई है। मालिक जितेंद्र कुमार ने बताया कि अभी नुकसान का सटीक आकलन संभव नहीं है, लेकिन प्रारंभिक अनुमान के अनुसार लाखों रुपये के आभूषण लूटे गए हैं। इस घटना से चास बाजार में दहशत का माहौल है और व्यापारियों ने पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

### वन स्टॉप सेंटर सेवाओं पर मीडिया ओरिएंटेशनः घरेलू हिंसा के खिलाफ सामाजिक एकजुटता की पहल




**बोकारो :** महिलाओं के विरुद्ध बढ़ती जेंडर आधारित हिंसा और घरेलू उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम तथा पीड़ितों को सशक्त सहायता मुहैया कराने के उद्देश्य से आज सहयोगिनी कार्यालय में एक मीडिया ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन विमेन गेनिंग ग्राउंड अभियान के अंतर्गत क्रिया, इब्तिदा झारखंड, सहयोगिनी एवं युवा संस्था पूर्वी सिंहभूम की संयुक्त पहल पर आयोजित की गई। यह कार्यक्रम झारखंड के 10 जिलों में वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर की सेवाओं को लेकर चलाए जा रहे मीडिया जागरूकता अभियान का एक अहम हिस्सा है। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा संस्था जमशेदपुर की सचिव बरनाली ने बताया कि मीडिया प्रतिनिधियों और पंचायत स्तर के नेताओं को वन स्टॉप सेंटर की भूमिका व सेवाओं से अवगत होना जरूरी है। कार्यक्रम का उद्देश्य पीड़ित महिलाओं में विश्वास का संचार करना और सेवा प्रदाता संस्थानों के साथ सहयोगी संबंध बनाना है। उन्होंने कहा कि हाशिए पर मौजूद विशेष रूप से विकलांग, आदिवासी व सामाजिक रूप से वंचित वर्ग की महिलाओं तक सेवाएं पहुंचाना जरूरी हैं।

## एक नजर

### राज्य में गिरती कानून व्यवस्था के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन आज



**सिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आह्वान पर राज्य की गिरती विधि व्यवस्था, बुनियादी सुविधाओं का अभाव, गरीबों की पेंशन, किसानों की बकाया राशि, छात्र- छात्राओं के प्रमाणपत्र में हो रही परेशानी, दाखिल खारिज में दलाली प्रथा समाप्त करने एवं बारिश में क्षतिग्रस्त पीड़ितों को अविलंब मुआवजा देने जैसे ज्वलंत मुद्दों पर 24 जून को भाजपा कार्यकर्ता प्रदर्शन कर प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चौधरी एवं ग्रामीण जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज मौजूद रहेंगे। यह जानकारी पार्टी के सिल्ली मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक ने दी।

### गोंदली पोखर में ट्रांसफार्मर का किया गया उद्घघाटन

**अनगड़ा :** गोंदली पोखर चौक में 200 के वी ए का ट्रांसफार्मर उद्घाटन किया गया विधायक ने बताया कि विगत कई दिनों से खराब था। जिससे पेट्रोल पम्प के अगल बगल के दुकानदार बहुत परेशान थे। जिसके बाद पूर्व स्थानीय विधायक राम कुमार पहान को सूचना दिया त्वरित कार्रवाई करते हुए ट्रांसफार्मर दिलाया गया और सोमवार को उद्घघाटन किया गया। साथ में पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेश साहू मण्डल अध्यक्ष सुनील महतो जी रामसाय मुंडा जी अजय महतो जी सुप्रेश महतो जी छोटन साहू संजय महतो जी अशोक महतो जी जगेश्वर महतो विवेक कुमार महतो आदि शामिल थे।

### ताइक्वांडो खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**पश्चिम सिंहभूम :** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर पश्चिमी सिंहभूम जिला खेल विभाग एवं जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में चाईबासा के बिरसा मुंडा इंडोर स्टेडियम में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 14 ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त चंदन कुमार थे। मंच पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बहामन टूटी, जिला खेल पदाधिकारी रूपा रानी तिर्की और जिला ओलंपिक संघ के सचिव अजय नायक भी उपस्थित रहे। समारोह को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने खिलाड़ियों की मेहनत, लगन और अनुशासन की प्रशंसा की।

# लोक लेखा समिति के सभापति सह विधायक की अध्यक्षता में प्रशासनिक अधिकारियों की हुई बैठक


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**लातेहार :** झारखंड विधानसभा लोक लेखा समिति के सभापति सह विधायक मनोज कुमार यादव की अध्यक्षता में जिला के पदाधिकारियों के साथ नेतरहाट में सोमवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों को सरकार की ओर से आवंटित राशि के उपयोग और संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। समिति की ओर से विभिन्न विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर आवंटित राशि के विरुद्ध विभाग के जरिये कराये गये कार्य तथा निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि के बारे पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए अधिकारियों को योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सभापति ने समीक्षा के क्रम में कहा कि वित्तीय मामलों में विभाग लापरवाही नहीं बरतें। कार्य समय पर पूर्ण करे, ताकि लोगों को अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि समिति भ्रमण कर सभी कार्यों का जायजा ले रही है। समिति की ओर से रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को सौंपा जाएगा। समिति का लक्ष्य जनता के पैसे का सही उपयोग कराना है। इस दिशा में कोई समझौता नहीं किया जायेगा। अधिकारियों को योजनाओं की गुणवत्ता बनाये रखने और निर्धारित समय के भीतर योजनाओं को पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक में मुख्य रूप से विधान सभा की लोक लेखा समिति के सदस्य विधायक आलोक कुमार चौरसिया, अमित कुमार यादव ,जगत मांझी, सुखराम उरांव ,उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई सहित सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।


## संक्षिप्त खबरें

### नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**ईचागढ़ :** विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर झारखंड सॉफ्टबॉल एसोसिएशन ने नेशनल चैंपियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। समारोह में एसोसिएशन के महासचिव बलराम कुमार तांती ने खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की। इस दौरान बलराम तांती ने कहा भारत में ओलंपिक में पदकों की संख्या बढ़ाने और उत्कृष्ट खिलाड़ी तैयार करने की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन इसके लिए खिलाड़ियों के भविष्य की गारंटी जरूरी है। सरकार को खिलाड़ियों को उनके करियर के बाद नौकरी देकर उनके भविष्य को सुरक्षित करना होगा। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि झारखंड के कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सफलता हासिल की, लेकिन उन्हें रोजगार के अवसर नहीं मिले। आगे कहा उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धियों के बावजूद उन्हें नौकरी नहीं मिली, और वर्तमान में वह झारखंड सॉफ्टबॉल एसोसिएशन के महासचिव के रूप में सेवा दे रहे हैं। समारोह में खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों ने भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त



**सरिया :** सोमवार को सरिया अंचलाधिकारी संतोष कुमार की अगुवाई में दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर सरिया थाना के हवाले किया। इसे लेकर अंचलाधिकारी ने कहा कि पूरे झारखंड में एन जी टी लागू होने के कारण पूरे झारखंड में बालू के उठाव ,भंडारण पर रोक लगा हुआ है। फिर भी सरिया के कई घाटों से अवैध ढंग से बालू उठाव की शिकायत मिल रहा था। जिस पर कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर को पकड़ कर सरिया पुलिस के हवाले कर एनजीटी के विरोध में अवैध उत्खनन को लेकर प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

### ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेंस फेडरेशन सरिया शाखा का हुआ पुनर्गठन



**सरिया :** ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेंस फेडरेशन शाखा सरिया (हजारीबाग रोड) की एक बैठक डाक बंगला रोड सरिया स्थित शाखा कार्यालय में आयोजित की गई । जिसकी अध्यक्षता रामेश्वर विश्वकर्मा ने की। इस बैठक में उपस्थित लोगों ने आपसी एकता तथा संगठन की मजबूती बनाए रखने पर बल दिया।लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। बताया कि कई ऐसे पेंशनर्स हैं जो अपने पेंशन उठाव के लिए बैंक आते हैं परंतु लंबी कतार के कारण वयोवृद्ध वैसे लोगों को पंक्तिबद्ध होकर पेंशन लेने में कठिनाई होती है। ऐसे में निर्णय लिया गया कि सभी संबंधित बैंकों के प्रबंधक से पेंशनर्स को बैंक से लेने देने में प्राथमिकता देने का आग्रह किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य विषयों पर बातचीत हुई। पश्चात 5 वर्षों के बाद सर्वसम्मति से ऑल इंडिया रिटायर्ड रेलवे मेंस फेडरेशन शाखा सरिया (हजारीबाग रोड) का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव, उपाध्यक्ष टेकलाल तथा रामेश्वर विश्वकर्मा, सचिव शोभा प्रसाद, सहायक सचिव गिरधारी गोप व लक्ष्मण महतो, संगठन सचिव गीता देवी तथा उगन गोप को बनाया गया। जबकि कोषाध्यक्ष घनश्याम मंडल चयनित किए गए।वहीं अगली बैठक में संगठन का विस्तार करने का निर्णय लिया। मौके पर गीता देवी, लोकनाथ मंडल, जीतन गोप, जगदीश यादव, तल्लुक यादव, टेकलाल मिस्त्री, टहल यादव, हेमलाल मंडल कामेश्वर यादव दिनेश्वर मंडल, डीली पांडेय, झालो महतो जागेश्वर पांडेय आदि उपस्थित थे।

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया गया

**मुरी :** सोमवार 23 जून को श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस मनाते हुए सिल्ली भाजपा मंडल अध्यक्ष अम्बुज रजक, राजेंद्र प्रसाद साई, ललित प्रसाद, शेख इस्लाम, हरिहर महतो, कालीचरण महतो, दिनेश चंद्र महतो आदि ने हर एक पंचायत जाकर बलिदान दिवस के साथ-साथ उनके जीवनी को भी बताने का काम किया।

# एक्सएलआरआइ में फादर मैक्ग्राथ स्किल सेंटर के युवाओं को मिला प्रमाणपत्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम :** जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में फादर मैक्ग्राथ स्किल डेवलपमेंट सेंटर (एक्सएलआरआइ) के चौथे बैच का सोमवार को प्रमाणपत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में छह माह का कोर्स सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 35 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इन युवाओं को कंप्यूटर और डेटा एंट्री, गारमेंट एवं फैशन डिजाइनिंग, प्लंबिंग एवं इलेक्ट्रिकल वायरिंग जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया गया। कंप्यूटर और डेटा एंट्री कोर्स में 27, गारमेंट और फैशन डिजाइनिंग में तीन एवं प्लंबिंग तथा इलेक्ट्रिकल वायरिंग में पांच छात्रों ने सफलता प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस. जॉर्ज एसजे ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि यह सिर्फ एक प्रमाणपत्र नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है। उन्होंने युवाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और समाज में बदलाव का प्रेरणास्त्रोत बनने का आह्वान किया। फादर जॉर्ज ने कहा कि समाज में अवसरों की कमी नहीं, जरूरत है उचित मार्गदर्शन और दृष्टिकोण की। इस अवसर पर प्रोविंशियल फादर जेरी कुटिना एसजे, स्किल सेंटर के संयोजक फादर डोनाल्ड डिसिल्वा, डीन एकेडमिक प्रो. संजय पात्रो, जेवियर कम्युनिटी कॉलेज के निदेशक फादर प्रवीण जोस, फादर जोसेफ मैथ्यू, प्रो. सुनील सारंगी और एक्सएलआरआइ दिल्ली-एनसीआर के चीफ स्ट्रैटेजी एवं एचआर हेड हरभजन सिंह भी उपस्थित थे। फादर डोनाल्ड डिसिल्वा ने बताया कि यह पहल एक्सएलआरआइ की प्लेटिनम जुबली वर्ष के दौरान शुरू की गई थी, जिसे मजदूरों के प्रति समर्पित फादर मैक्ग्राथ के नाम पर समर्पित किया गया है। वहीं, फादर प्रवीण जोस ने कहा कि प्रशिक्षण की शुरूआत 15 जनवरी को हुई थी और शुरूआत में असमंजस में रहने वाले छात्र अब आत्मविश्वास से भरकर आगे बढ़ रहे हैं। कुछ छात्रों को कोर्स के दौरान ही नौकरी के प्रस्ताव भी प्राप्त हुए हैं।

# आरपीएफ ने अवैध शराब के साथ दो व्यक्तियों को लिया हिरासत में



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मुरी :** आरपीएफ मुरी ने ऑपरेशन सतर्क के तहत गहन जांच के दौरान दो व्यक्तियों को अवैध शराब के साथ हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए व्यक्ति गणेश प्रसाद (55) निवासी शेरघाटी (गया) एवं मोहित कुमार (21) पटना बिहार के रहने वाले बताए जाते हैं। दोनों व्यक्तियों के पास से पुलिस ने आठ शराब की बोतल और दस कैन बियर की बोतल बरामद किया। जप्त शराब की कुल कीमत लगभग 9100रु बताई गई है। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर दोनों व्यक्तियों ने बताया कि अपने निजी लाभ के लिए बिहार में अवैध रूप से बेचने हेतु ले जा रहे थे। पुलिस ने शराब से संबंधित कागजात की मांग की परंतु वे शराब से संबंधित कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर पाए। पुलिस ने जप्त शराब और हिरासत में लिए गए व्यक्तियों को आगे की कानूनी कार्यवाही करने के लिए आबकारी विभाग रांची को सौंप दिया। इस ऑपरेशन में आरपीएफ के अवर निरीक्षक रविशंकर,बसंत मल्लिक, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार यादव, दीपक ठाकुर,कुमार कौशल और के बी यादव शामिल थे।

# बुजुर्गों को मिला आयुष्मान भारत स्मार्ट कार्ड, सांसद ने किया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना के तहत सोमवार को सदर अस्पताल में स्मार्ट हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो ने स्वयं उपस्थित होकर बुजुर्गों के बीच पांच लाख तक के निःशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान भारत स्मार्ट कार्ड वितरित किए। सांसद ने बुजुर्गों से अपील की कि वे इस योजना की जानकारी अन्य बुजुर्गों तक भी पहुंचाएं और उन्हें प्रेरित करें कि वे सदर अस्पताल में आधार कार्ड लेकर आएं और अपना स्मार्ट कार्ड बनवाएं। उन्होंने कहा कि यह कार्ड बुजुर्गों को गंभीर बीमारियों के समय आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. आशीष पाल ने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों ने स्मार्ट कार्ड के लिए पंजीकरण कराया है और स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है कि जिले के हर योग्य बुजुर्ग को इसका लाभ मिले। उन्होंने योजना को सफल बनाने के लिए सभी विभागों से सहयोग की अपील की। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला मुख्यालय प्रभारी सुबोध झा, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, जसवंत महतो, भाजयुमो जिला अध्यक्ष नीतीश कुमार, घाघीडीह मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा, डॉ. शशि पांडे, डॉ. पीयूष कुमार, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष चंचल चक्रवर्ती, ललन यादव, वरुण सिंह, चिंटू सिंह, अशोक मिश्रा सहित सदर अस्पताल के अनेक डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# एसबीयू में एफडीपी का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** शिक्षकों में अनुसंधान क्षमताओं और शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के निमित्त सरला बिरला विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम – रिसर्च मेथडोलॉजी एडवांस्ड प्रोग्राम का सोमवार को शुभारंभ हुआ। एसबीयू के माननीय कुलपति प्रो. सी जगनाथन ने अपने संबोधन में एक मजबूत अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र के साथ ही वैश्विक स्तर पर अकादमिक सहयोगों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। विवि के माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एफडीपी की सराहना करते हुए विभिन्न विषयों में अनुसंधान के लिए सुदृढ़ कार्यप्रणाली की आवश्यकता को रेखांकित किया। रजिस्ट्रार प्रो. एस. बी. डांडिन ने अपने संक्षिप्त संबोधन में विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और अनुसंधान के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया। तीन तकनीकी सत्रों में विभाजित इस कार्यक्रम में संत जेवियर्स कॉलेज की डॉ. सुमंत दत्ता ने पहला सत्र इंडेक्स्ड जर्नल्स में प्रकाशन के महत्व और नैतिक पहलू पर प्रस्तुत किया। सनवे विश्वविद्यालय, मलेशिया के डॉ. चार्ल्स जेबराजकृथि ने दूसरा सत्र उच्च-इंडेक्स्ड जर्नल्स में प्रकाशनः क्या करें, क्या न करें विषय पर लिया। अंतिम सत्र डॉ. अरविंद भंडारी द्वारा सिस्टमेटिक लिटरेचर रिव्यू पर एक व्यावहारिक कार्यशाला के रूप में आयोजित हुआ, जिसमें उन्होंने अकादमिक साहित्य को व्यवस्थित करने और उसका विश्लेषण करने की विधि पर विस्तार से जानकारी दी। एसबीयू प्रेक्षागृह में आयोजित इस कार्यक्रम के अवसर पर सौ से भी अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# पलामू में मई महीने में 29 सड़क दुर्घटनाएं, 28 की मौत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** पलामू जिले में मई महीने में 29 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें 28 लोगों की मृत्यु और 25 लोग घायल हैं। यानि हर दिन मौत हुई। मौत के यह डरावने आंकड़े उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय में हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सामने आयी। उपायुक्त ने बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की अद्यतन स्थिति, ब्लैक स्पॉट, अतिक्रमण सड़क जागरूकता कार्यक्रम पर समीक्षा करते हुए विभिन्न अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने ऐसे स्थानों जहां अधिक दुर्घटनाएं हो रही है, वहां रंबल स्ट्रिप और रिफ्लेक्टिव टेप लगाने पर बल दिया। पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन की भी समीक्षा की गयी। डीटीओ जितेंद्र यादव को गुड सेमेरिटन योजना का अधिक प्रचार-प्रसार कराने के लिए निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने पाया कि सड़क दुर्घटनाएं के विरुद्ध गुड सेमेरिटन योजना के लाभुक बेहद कम है। ऐसे में उन्होंने सिविल सर्जन को मरीज को हॉस्पिटल लेकर आने वाले व्यक्ति का नाम, पता और मोबाइल नंबर दर्ज कर उसकी विवरणी जिला परिवहन कार्यालय भेजने की बात कही, ताकि उस व्यक्ति को गुड सेमेरिटन योजना से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने निजी हॉस्पिटल्स द्वारा आईआरएडी के तहत एंट्री सुनिश्चित करवाने की बात कही। बैठक में उपायुक्त द्वारा एक ही एजेंडा को लेकर बार-बार मीटिंग में चर्चा नहीं करने की बात कही, उन्होने कहा कि कोई निर्देश पिछली बैठक में दिया गया है तो उसका सीधे-सीधे अनुपालन हो। इसके अलावे उन्होंने हिट एंड रन के मामलों, ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग अभियान, स्कूलों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आदि की समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने नवा बाजार के कंडा घाटी के एरिया में अनिवार्य रूप से रिफलेक्टर एवं रंबल स्ट्रीप लगवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाएं का रेशियो अधिक है, जिससे सड़क दुर्घटना में बचाव करने वाले उपकरणों के उपयोग से कम किया जा सकता है। इसी तरह सतबरवा बाजार में भी रिफलेक्टर एवं रंबल स्ट्रीप लगाने की बात कही गयी। मौके पर उप विकास आयुक्त,तीनों एसडीएओ,जिला परिवहन पदाधिकारी समेत सड़क सुरक्षा समिति के विभिन्न सदस्य उपस्थित रहे।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION, HAZARIBAG**
**e-Procurement Cell**

**e-Procurement Notice(2nd Call)**

Tender Reference No:-BCD/EE/HAZARIBAG/ 18/2025-26 Date:-21-06-2025

| Sl.No | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Rate | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation Work of Different Building at Upgrade Middle School Badiya Javad , Block-Barhi, District-Hazaribag | 8113550/- | 162000/- | 10000/- | 6 Month |

| | | |
|---|---|---|
| A. | Date of Publication of Tender on website | 26-06-2025 |
| B. | Last date/Time for receipt of bids | 18-07-2025 03.00 PM |
| C. | Name & address of office Inviting tender | Office of the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division,Hazaribag |
| D. | Contact no. of Procurement officer | 9348952485 |
| E. | Helpline number of e-Procurement cell | 06546-225723 |

*Further details and subsequent amendments can be seen on website* http://jharkhandtenders.gov.in

Nodal Officer, e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer,
Building Construction Department,
Building Division, Hazaribag

PR 355770 Building(25-26)D

## आपातकाल विस्मृत न हो

अंग्रेजों से आजाद होने के बाद भारत लोकतांत्रिक देश तो बन गया, लेकिन ठीक 25 साल बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से थोपी गई इमरजेंसी में लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाई गई थी। 25 जून, 1975 की आधी रात अपनी सत्ता बचाए रखने के लिए इंदिरा ने तानाशाही का ऐसा नमूना पेश किया, जो उस पीढ़ी के लोग अब भी नहीं भूल पाए हैं। बीते साल 25 जून को लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने के तुरंत बाद ओम बिरला ने आपातकाल की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें आपातकाल को 'प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा संविधान पर हमला' बताया गया। इस कदम के बाद सदन में कांग्रेस सांसदों ने विरोध किया। कांग्रेस की ओर से कहा गया कि पांच दशक पुराने इस काले दौर का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए। संयोगवश, इंडिया ब्लॉक के सदस्यों ने एक दिन पूर्व 24 जून को सदस्य के रूप में शपथ लेते समय संविधान की प्रतियां उठाई थीं। ऐसे में अहम सवाल यह है कि क्या कांग्रेस आपातकाल को सही मानती है या फिर यह चाहती है कि लोकतंत्र को कलंकित करने और संविधान का निरादर करने वाले इस तानाशाही भरे कदम का स्मरण नहीं किया जाना चाहिए? क्या कांग्रेस चाहती है कि आपातकाल पर चर्चा नहीं होनी चाहिए। लेकिन आपातकाल के भुगतभोगी आम लोगों और नेताओं का मानना है कि अतीत की भूलों को विस्मृत करने से उनके दोहराए जाने का खतरा बढ़ जाता है। वास्तव में कांग्रेस और उसके नेता आपातकाल की गलती को स्वीकार नहीं करते। अगर वह अपनी गलती स्वीकार करते तो वह यह कहने की हिम्मत जुटाते कि 49 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की ओर से देश पर आपातकाल थोपने और राजनीतिक विरोधियों, मीडिया एवं जनता के खिलाफ दमन का चक्र चलाना एक भूल थी। कांग्रेस को आपातकाल की याद दिलाना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि पिछले कुछ समय से वह संविधान के खतरे में होने का फर्जी हौवा खड़ा कर उसके प्रति प्रतिबद्धता जताने में लगी हुई है। यह ठीक है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का संख्या बल बढ़ा है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि वह दबे-छिपे स्वर में आपातकाल को सही ठहराने की कोशिश करती दिखने लगे। उसकी यह कोशिश तो आपातकाल के स्मरण को और अधिक आवश्यक ठहराती है। यदि वह संविधान के प्रति इतनी ही अधिक प्रतिबद्ध है तो फिर वह क्यों नहीं स्वीकार करना चाहती कि इंदिरा गांधी ने अपनी संसद सदस्यता खारिज किए जाने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को निष्प्रभावी करने के लिए आपातकाल का सहारा लिया और इस क्रम में इसी संविधान को कुचला और उसकी प्रस्तावना को मनमाने तरीके से बदल दिया। नयी पीढ़ी तो आपातकाल की विभीषिका से बिल्कुल अपरिचित है। बातचीत के क्रम में इस पीढ़ी ने आपातकात शब्द जरूर सुना होगा लेकिन 25-26 जून, 1975 की रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल के दंश की कई पीढ़ियां भुक्तभोगी हैं। आपातकाल के दौरान पूरा देश कारागार में परिवर्तित हो गया था। विपक्ष के सभी नेताओं को रात में ही जगा कर नजदीकी जेल में जबरन उन्हें डाल दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस और जमात-ए-इस्लामी सहित 26 संगठनों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया। आपातकाल के मुखर आलोचक रहे फिल्मी कलाकारों को भी इसका दंश झेलना पड़ा। किशोर कुमार के गानों को रेडियो और दूरदर्शन पर बजाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। देव आनंद को भी अनौपचारिक प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था। आपातकाल की कहानी को बार-बार दोहराना इसलिए भी जरूरी है कि आज की युवा पीढ़ी कम से कम यह जान ले कि जो आजादी और स्वतंत्रता उसे अनायास मिली है, सहज सुलभ है, वह दरअसल कितने बलिदानों से मिली है और उसे कायम रखने के लिए कितनी लड़ाइयां हुई हैं! लोगों को पता चलना चाहिए कि संविधान की हत्या किसे कहते हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू के शब्दों में, "आपातकाल की घोषणा ने देश की लोकतांत्रिक संरचना को हिला कर रख दिया। लोकतांत्रिक व्यवस्था के कमजोर पक्षों पर व्यापक विचार विमर्श हुआ और देश ने दोबारा कभी भी इसे नहीं लगाए जाने का प्रण किया। यह प्रतिज्ञा तभी बनी रहेगी जब देश बार बार उस आपातकाल से मिलने वाले सबक को याद करता रहेगा।

# प्रधानमंत्री मोदी का हर अभियान बना जन आन्दोलन

**डॉ. राजेश मिश्र**



अपने पहले कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जब गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की तो किसी को अंदाजा न रहा होगा की यह अभियान जन आन्दोलन का रूप ले लेगा। स्वच्छता आन्दोलन के साथ देखते ही देखते तरह से राजनेता, अभिनेता, अधिकारी, कर्मचारी, व्यापारी व आमजन जुड़ गये वह अपने आप मे अद्वितीय ही रहा। अभियान पूरे देश में व्यापक असर तो दिखा ही साथ ही लोगों के दिलों-दिमाग में स्वच्छता के प्रति जागरुकता के प्रति अमिट छाप छोड़ गया। आज भी लोग सार्वजनिक व निजी स्थलों मे कचरा फेंकने, गंदगी करने के पहले सौ बार सोचते है। कोविड के समय स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता और जन सहयोग को मिशाल के रूप मे देश ने देखा है। सरकारी मदद इलाज के इतर जिस तरह से एक दूसरे की मदद के लिए लोग सामने आए और लाखो लोगों की जान सुरक्षित किए वह प्रधानमंत्री के आह्वान का ही नतीजा रहा है।

मोदी सरकार ने 11 साल के कार्यकाल में कई उल्लेखनीय और अभूतपूर्व कार्य कर भारत को कई क्षेत्रो मे नई ऊंचाई पर पहुंचाया है। शौचालय पी.एम. आवास निर्माण के बाद बड़ी उपलब्धियों मे यदि किसी को गिना जाअगा तो वह है आयुष्मान भारत योजना, जिसने 50 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया है। इस योजना ने 6 करोड़ से अधिक लोगो का इलाज कराकर उन्हे वित्तीय संकट से बचाया। देखा जाए तो गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार के लिये इलाज पर होने वाला खर्चा कमर तोड़ने वाला होता है। गम्भीर बीमारी के समय तो कई ऐसे परिवार रहे जो खर्च न उठा पाने की स्थिति मे मरीज को अपने हाल पर छोड़ देते थे।

आयुष्मान भारत योजना ने अब सब कुछ आसान कर दिया है। सामान्य हो या असामान्य सभी तरह की बीमारियों की चिन्ता आयुष्मान भारत पर छोड़ी जा चुकी है। आयुष्मान भारत योजना के बाद डिजिटल इण्डिया का कदम क्रान्तिकारी रहा है। डिजिटल इण्डिया ने यूपीआई के माध्यम से भारत को वैश्विक डिजिटल भुगतान का नेतृत्वकर्ता बनाया जिससे 2025 तक 1.3 ट्रिलियन मासिक लेन-देन दर्ज किए गए। मेक इन इण्डिया विनिर्माण और निवेश को बढ़ावा दिया जिससे भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बना। जल जीवन मिशन ने 11.82 करोड़ ग्रामीण घरो को नल जल कनेक्शन प्रदान किया जिससे स्वच्छ पेयजल की पहुंच बढ़ी।

मोदी सरकार ने अपने ग्यारह वर्ष के कार्यकाल मे ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिए हैं। अनुच्छेद 370 का हटाया जाना ऐसा निर्णय रहा जिसे देश मान चुका था की यह सम्भव नही है। 'यह नहीं हो सकता' की धारणा आम हो चुकी थी लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे यह धारणा टूट गई। अनुच्छेद 370 समाप्त हो गया और किसी तरह की चूं- चपड़ भी नही हुई। विपक्ष की यह आशंका भी निर्मूल साबित हुई की देश मे भू-चाल आ जाएगा।अनुच्छेद 370 के समाप्ति के बाद देश ने भी देखा की जब जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव हुए तो 58.46 फीसद तक मतदान हुआ। यह परिवर्तन एक साहसिक निर्णय का असर रहा है। इसी तरह तीन तलाक की प्रथा जो मानवता के लिए त्रासदी थी जिस पर वर्षों तक चुप्पी छायी रही। सुप्रीम कोर्ट ने अपनी बात कही लेकिन कोई निर्णायक कदम नही उठाया गया। मोदी सरकार ने तीन तलाक को समाप्त कर यह साबित कर दिया कि वह महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है। यह निर्णय तब और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब पता चलता है कि इस्लामिक देशों में तो तीन तलाक बहुत पहले ही समाप्त हो चुका है। प्रधानमंत्री ने गरीबों के कल्याण की सार्थक योजना चलाई जिसका असर देखने को मिला है। गरीबी हटाओ केवल पुराने नारे तक सीमित नहीं रहा बल्कि गरीबों के कल्याण को साकार रूप दिया गया। आंकड़े बताते हैं की 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा के उपर उठ चुके हैं। नीति आयोग और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मंचों द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकडे भी इसके गवाह है। भारत मे अत्यधिक गरीबी में 80 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 80 करोड लोगो को प्रति व्यक्ति 5 किलो गेहूं व चावल निःशुल्क उपलब्ध कराया गया जिसे बडी उपलब्धि के रूप में माना जा सकता है। पी.एम. आवास योजना ने भी गरीबों की ना की दशा बदली बल्कि खुशहाली की राह दिखाआ है। पी.एम. आवास योजना के 4 करोड़ पक्के मकान बनाए जा चुके है और अगले पांच वर्षों में 3 करोड और मकानों के निर्माण का संकल्प लिया गया है। यदि आज आप गांवों की यात्रा करें तो पहले जहां खपरैल व घासफूस के घर दिखते थे अब वहां पक्के मकान खड़े है। सड़क नेटवर्क क्षेत्र में पहले जो सड़कें अधूरी व टूटी-फूटी रहती थीं वह अब हाइवे मे बदल चुकी हैं। यह आज के आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर का परिचायक है।

पुलवामा व हाल में हुए पहलगाम आतंकी हमले से सभी वाकिफ हैं। आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नेहवा झ हवाई बातें नहीं की, बल्कि जो कहा वह करके दिखाया है। देश ने देखा कि किस तरह सेना ने घुस कर मारा। यह तभी संभव होता जब नेतृत्त मजबूत हाथो में हो, और कुछ कर दिखाने का जज्बा हो। मोदी सरकार ने देश की आंतरिक और वाह्य सुरक्षा फोकस करते हुए नक्सलवाद व आतंकवाद की कमर तोड़ने का काम किया है। पहले देश में 126 जिले नक्सल प्रभावित माने जाते थे जो अब घटकर 18 रह गए हैं। हिंसा मे 53 फीसद की कमी आई है। सुरक्षाबलों की हताहत संख्या में 72 फीद गिरावट दर्ज की गई है। इससे स्पष्ट होता है कि भारत अब नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ रहा है।

संसदीय क्षेत्र सीधी के संदर्भ में: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ग्यारह वर्ष के कार्यकाल मे संसदीय क्षेत्र सीधी में एतिहासिक कार्य हुए हैं। ललितपुर- सिंगरौली रेल परियोजना की आधारशिला 1985 मे रखी गई। बाद में परियोजना को ठंडे बस्ते मे डाल दिया गया। केन्द्र मे कांग्रेस की सरकार होने और स्थानीय स्तर पर मजबूत व पहुंचवाले नेताओं के होने के बावजूद परियोजना को गतिमान बनाने एक धेला भी नही दिया गया। रेल परियोजना को गति देने का काम नरेन्द्र मोदी की सरकार बनने के बाद हुआ है। ग्यारह वर्ष के प्रयास का नतीजा रहा की रीवा से सीधी और सिंगरौली तक रेल लाइन बिछाने का काम तेज है। जगह झ जगह स्टेशन, पुल आदि का कार्य तेजी से हो रहा है। बघवार तक तो पिछले महीने ट्रायल मे रेल आ चुकी है। जिला मुख्यालय मे भी शीघ्र बहुप्रतीक्षित रेल पहुंचने वाली है। पिछले 40 वर्ष से ठप पड़ी रेल परियोजना को जहां मोदी सरकार ने सजीव कर दिखाया वहीं सीधी झ रीवा मार्ग पर कैमोर पहाड़ मे विश्वस्तरीय सुरंग का निर्माण कराकर समूचे विंध्य को बड़ी सौगात दी है। सुरंग बन जाने से सीधी और रीवा के बीच आवागमन सुगम व रोमांचित हो गया है। संसदीय क्षेत्र मे इसके अलावा बेहतरीन नेशनल हाइवे निमार्णाधीन हैं। गांव झ देहात भी सड़क, पेयजल, बिजली की सुविधा से युक्त हो गए हैं। सीधी झ सिंगरौली में मेडिकल कालेज की स्थापना, इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक संस्थानों की स्थापना ने शिक्षा के क्षेत्र को मजबूती प्रदान की है। साथ ही सिंचाई परियोजना की शुरूआत आदि ने किसानों को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने का काम किया है।

**(लेखक, मध्य प्रदेश के सीधी से सांसद हैं।)**

# भारत का विनिर्माण क्षेत्र में कमजोर होना, ये तर्क कांग्रेस का व्यर्थ है

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

कांग्रेस ने इन दिनों अपने युवराज राहुल गांधी के जरिए लगातार केंद्र सरकार की आलोचना के लिए जो रास्ता चुना है, वह सही नजर नहीं आ रहा। क्योंकि उनके द्वारा उठाया गया ये मुद्दा सत्य से बहुत दूर दिखता है। उनका तर्क है कि मोबाइल फोन एवं विनिर्माण क्षेत्र के सभी उत्पाद भारत में असेंबल किए जा रहे हैं और उनके पुर्जे विदेश से आयात किए जा रहे। वे केंद्र सरकार को यह कहकर घेरते दिखे कि मेक इन इंडिया ने फैक्टरी बूम का वादा किया था। तो फिर विनिर्माण रिकॉर्ड निचले स्तर पर क्यों है, युवा बेरोजगारी रिकॉर्ड ऊंचाई पर क्यों है और चीन से आयात दोगुने से अधिक क्यों हो गया है? राहुल यह भी समझाते हैं कि हमें दूसरों के लिए बाजार बनना बंद करना होगा। अगर हम यहां निर्माण नहीं करते हैं, तो हम उन लोगों से खरीदते रहेंगे जो निर्माण करते हैं। किंतु क्या राहुल यहां जो बता रहे हैं, वह उतना ही सच है, जैसा कि कहा जा रहा है? भारत क्या विनिर्माण क्षेत्र में लगातार कमजोर हुआ है? या फिर जैसा कांग्रेस कह रही है कि हम दूसरों के लिए बाजार बन गए हैं, वह पूरा सच है? वस्तुतः जैसा कि अर्थ, वाणिज्य और उद्योग जगत के जानकार जानते हैं, बाजार में हर कुछ एक दूसरे पर निर्भर है। यह हो सकता है कि कभी कोई आगे तो कभी कोई कुछ या अधिक पीछे दिखाई दे, लेकिन हमेशा परिणाम सकारात्मक या नकारात्मक ही होंगे, यह बाजार में कभी स्थायी रूप से होता नहीं है। जहां तक भारत के विनिर्माण क्षेत्र में कार्य करने एवं विकास का प्रश्न है तो आंकड़े जो कहते हैं, वह ऐसे वक्त में जब दुनिया के तमाम देशों के बीच जहां परस्पर युद्ध का साया मंडरा रहा है तो कहीं सीधे युद्ध जैसी स्थितियां हैं, फिर भी बहुत आशावादी और उत्साहवर्धक कहे जा सकते हैं।

ये कुछ आंकड़े हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जब केंद्र में सरकार बनी तब देश की अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी। ग्यारह साल में अर्थव्यवस्था को ग्यारहवें नंबर से चौथे नंबर पर आ गई। आज भारत दुनिया की टॉप पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो चुका है। यह लगातार चौथा वर्ष है जब भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था रहा है। प्रति व्यक्ति आय में 67 प्रतिशत, विदेशी मुद्रा भंडार में 135 प्रतिशत, निर्यात में 825 अरब अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड स्तर, एफडीआई में 106 प्रतिशत, टैक्सपेयर्स की संख्या में 127 प्रतिशत और डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन में 238 प्रतिशत की वृद्धि भारत के संदर्भ में आज दिखाई देती है। पिछले 11 वर्षों में 27 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर आए हैं। विचार करें; क्या यह सरकार के बिना सही प्रयास वगैर संभव होता?

यह तो सभी जानते हैं कि सरकारी नौकरियां कुल जनसंख्या में अधिकतम तीन प्रतिशत लोगों को ही दी जा सकती है, ऐसे में शेष 97 प्रतिशत के लिए रोजगार, श्रम एवं कृषि ही वह उपाय है, जहां से वे अपने लिए आय प्राप्त कर सकते हैं। स्वभाविक तौर पर इसमें सबसे बड़ा हिस्सा वर्तमान में उद्योग-धंधे से होनेवाली आय का है। यदि देश में विनिर्माण क्षेत्र कमजोर होता तब फिर 27 करोड़ लोगों का गरीबी की रेखा से बाहर निकलना कभी संभव ही नहीं होता! यानी भारत के विनिर्माण क्षेत्र में अच्छा कार्य हो रहा है और रोजगार के तमाम अवसर सुगम है, इसलिए देश में गरीबी कम हो रही है, लखपति के बाद अब करोड़पति और अरबपतियों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

इसी जून माह के प्रारंभ में भारत के मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई के संबंध में रिपोर्ट देखने को मिली। जो कहती है कि मई में भारत का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई मई में 57.6 रहा। मजबूत मांग और रिकॉर्ड हायरिंग दर्ज की जा रही है। हालांकि मई में पीएमआई अप्रैल के 58.2 से मामूली रूप से कम रहा है, फिर भी ध?यान देने योग्य है कि पीएमआई 50 से ऊपर होता है तो यह वृद्धि को दिखाता है। यानी भारत वर्तमान में वृद्धि करते हुए साफ दिखाई देता है। स्वभाविक है कि यह मजबूत वृद्धि घरेलू और विदेशी मांग के साथ-साथ सफल मार्केटिंग प्रयासों के कारण हुई है, जिसने निर्यात ऑर्डर को पिछले तीन वर्षों के सबसे उच्च स्तर पर पहुंचा दिया। एचएसबीसी की ओर से किए गए पीएमआई सर्वेक्षण में देश भर की फर्मों ने एशिया, यूरोप, पश्चिम एशिया और अमेरिका के प्रमुख बाजारों से बढ़ती रुचि के बारे में भी बताया है।

वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वैश्विक बाजारों में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत का माल और सेवा निर्यात वित्त वर्ष 2025 में रिकॉर्ड 820 बिलियन डॉलर को पार कर गया है, जो पिछले वित्त वर्ष के 778 बिलियन डॉलर के इसी आंकड़े से करीब 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। देश की जीडीपी पिछली तिमाही में एक साल पहले की तुलना में 7.4% बढ़ी, जो 2024 की शुरूआत के बाद से इसकी सबसे तेज गति है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित एचएसबीसी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) तो यही दर्शा रही है कि विनिर्माण नौकरियों में सबसे तेज वृद्धि देखी गई, जिसमें कंपनियों ने अस्थायी श्रमिकों की तुलना में स्थायी कर्मचारियों को प्राथमिकता दी है।

जहां तक विशेष रूप से मोबाइल फोन उत्पादक का विषय है तो इसमें आज भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है, पिछले 11 सालों के दौरान 2014 में दो विनिर्माण इकाइयां से बढ़कर आज इनकी संख्या 300 से अधिक हो गई है। मोबाइल फोन का निर्यात 2014-15 में 1,566 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023-24 में 1.2 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो 77 गुना वृद्धि है। यह भी एक तथ्य है कि भारत में बिकने वाले 99.2 प्रतिशत मोबाइल फोन अब भारत में निर्मित होते हैं, जबकि 2014-15 में यह आंकड़ा मात्र 26 प्रतिशत था। पीएलआई योजना से 10,905 करोड़ रुपये का संचयी निवेश और 7.15 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन हुआ है।

अकेले इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए पीएलआई योजना के तहत 1,39,670 प्रत्यक्ष नौकरियां सृजित की गई हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन मूल्य वित्त वर्ष 2014 में 18,900 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 4.22 लाख करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 38 बिलियन अमेरिकी डॉलर को पार कर गया, जो साल-दर-साल 32 प्रतिशत की वृद्धि है। 2023-24 में 1.8 लाख नई कंपनियां पंजीकृत की गईं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 16 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ती हैं, जो निरंतर औद्योगिक और उद्यमशीलता विकास का संकेत है।

आप सोचें ये जो नई कंपनियों की संख्या सामने आई है, यह भारत में क्या कर रही हैं, रोजगार का सृजन, माल का निर्माण और उसकी देशी एवं विदेशी बाजार में उसकी खपत। सरकार ने 1.52 लाख करोड़ रुपये की सेमीकंडक्टर परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिससे 2026 तक इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 300 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। इसलिए कांग्रेस या राहुल गांधी जो आज भारत के विनिर्माण क्षेत्र को कमजोर होना बता रहे हैं, उनका यह कहना वास्तव में साक्ष्यों और आंकड़ों के आधार पर सही नहीं है। यह तो देश की जनता को गुमराह करने जैसा है, ताकि वर्तमान सत्ता के प्रति आमजन का विश्वास कमतर किया जा सके।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

### सूडोकू नववाल- 7470

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नववाल -7469 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

# भारत में आध्यात्म एवं युवाओं के बल प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के नए संकेत

**प्रहलाद सबनानी**

जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और संभवत आगामी लगभग दो वर्षों के अंदर जर्मनी की अर्थव्यवस्था से आगे निकलकर विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की अपनी अपनी विशेषताएं हैं, जिसके आधार पर यह अर्थव्यवस्थाएं विश्व में उच्च स्थान पर पहुंची हैं एवं इस स्थान पर बनी हुई हैं। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में आज भी कई विकसित देश भारत से आगे हैं।

इन समस्त देशों के बीच चूंकि भारत की आबादी सबसे अधिक अर्थात 140 करोड़ नागरिकों से अधिक है, इसलिए भारत में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद बहुत कम है। अमेरिका के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 30.51 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 89,110 अमेरिकी डॉलर हैं। इसी प्रकार, चीन के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 19.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 13,690 अमेरिकी डॉलर है और जर्मनी के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.74 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 55,910 अमेरिकी डॉलर है। यह तीनों देश सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में आज भारत से आगे हैं। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.19 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है तथा प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद केवल 2,880 अमेरिकी डॉलर है।


भारत के पीछे आने वाले देशों में हालांकि सकल घरेलू उत्पाद का आकार कम जरूर है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में यह देश भारत से बहुत आगे हैं। जैसे जापान के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 4.18 लाख करोड़ है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 33,960 अमेरिकी डॉलर है। ब्रिटेन के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.84 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 54,950 अमेरिकी डॉलर है। फ्रान्स के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 3.21 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 46,390 अमेरिकी डॉलर है। इटली के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.42 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 41,090 अमेरिकी डॉलर है। कनाडा के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.23 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 53,560 अमेरिकी डॉलर है। ब्राजील के सकल घरेलू उत्पाद का आकार 2.13 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर और प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद 9,960 अमेरिकी डॉलर है।

सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में विश्व की सबसे बड़ी 10 अर्थव्यवस्थाओं में भारत शामिल होकर चौथे स्थान पहुंच जरूर गया है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत इन सभी अर्थव्यवस्थाओं से अभी भी बहुत पीछे है। इस सबके पीछे सबसे बड़े कारणों में शामिल है भारत द्वारा वर्ष 1947 में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति पश्चात, आर्थिक विकास की दौड़ में बहुत अधिक देर के बाद शामिल होना। भारत में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों की शुरूआत वर्ष 1991 में प्रारम्भ जरूर हुई परंतु इसमें इस क्षेत्र में तेजी से कार्य वर्ष 2014 के बाद ही प्रारम्भ हो सका है। इसके बाद, पिछले 11 वर्षों में परिणाम हमारे सामने हैं और भारत विश्व की 11वीं अर्थव्यवस्था से छलांग लगते हुए आज 4थी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

दूसरे, इन देशों की तुलना में भारत की जनसंख्या का बहुत अधिक होना, जिसके चलते सकल घरेलू उत्पाद का आकार तो लगातार बढ़ रहा है परंतु प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद अभी भी अत्यधिक दबाव में है। अमेरिका में तो आर्थिक क्षेत्र में सुधार कार्यक्रम 1940 में ही प्रारम्भ हो गए थे एवं चीन में वर्ष 1960 से प्रारम्भ हुए। अतः भारत इस मामले में विश्व के विकसित देशों से बहुत अधिक पिछड़ गया है। परंतु, अब भारत में गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिकों की संख्या में तेजी से कमी हो रही है तथा साथ ही अतिधनाडय एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है, जिससे अब उम्मीद की जानी चाहिए कि आगे आने वाली समय में भारत में भी प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में तेज गति से वृद्धि होगी। विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, अमेरिका में सेवा क्षेत्र इसकी सबसे बढ़ी ताकत है। अमेरिका में केवल 2 प्रतिशत आबादी ही कृषि क्षेत्र पर निर्भर है और अमेरिका की अधिकतम आबादी उच्च तकनीकी का उपयोग करती है जिसके कारण अमेरिका में उत्पादकता अपने उच्चत्तम स्तर पर है।

## दैनिक पंचांग

**24 जून 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**मंगलवार** 2025 वर्ष का 175 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** आषाढ़ (दक्षिण भारत में ज्येष्ठ)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** चतुर्दशी 19.00 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रोहिणी 12.54 बजे को समाप्त।
**योग** शूल 09.36 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 08.34 बजे तदनन्तर शकुनि 19.00 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 24.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 25'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872385
**जूलियन दिन** 2460850.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 27
**विशेष** रोहिणी व्रत।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.56 बजे से |
| चंद्र | वृष में | सिंह | 09.12 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 11.24 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 13.35 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 15.50 ब.से |
| शुक्र | मेष में | धनु | 18.06 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 20.11 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.57 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 23.30 बजे से |
| राहुकाल | | मेष | 01.01 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | वृष | 02.41 बजे से |
| बजे तक | | मिथुन | 04.39 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ-** **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### सांसद तीर्थ दर्शन का शुभारंभ 29 जून से

**हजारीबाग** : लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा 29 जून से ₹सांसद तीर्थ दर्शन₹ का शुभारंभ होने जा रहा है। यह योजना विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों (बुजुर्गों) को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत उन्हें उत्तरप्रदेश के चार प्रमुख तीर्थ स्थलों झ वाराणसी, प्रयागराज (संगम), अयोध्या और विंध्याचल की यात्रा कराई जाएगी। सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस जी ने इस ऐतिहासिक और जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रम की जानकारी दी। धनंजय कुमार पुटूस कहा कि सांसद मनीष जायसवाल जी के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में जनसेवा और विकास का जो नया अध्याय लिखा जा रहा है, वह अनुकरणीय है। सांसद तीर्थ दर्शन न केवल बुजुर्गों के प्रति सम्मान और सेवा का प्रतीक है, बल्कि समाज के संस्कारों और आध्यात्मिक मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में एक सशक्त प्रयास भी है। धनंजय कुमार पुटूस जी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत वातानुकूलित विशेष बस में एक बार में लगभग 65 बुजुर्ग तीर्थयात्रा पर जा सकेंगे। यात्रा की शुरूआत 29 जून को हजारीबाग के प्रसिद्ध नरसिंह स्थान प्रांगण में सुबह 11 बजे से विधिवत रूप से किया जाएगा।

### बाइक हाइवा से टकराया बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**कुजू** : ओपी क्षेत्र अंतर्गत बीआरएल गेट के समीप सोमवार सुबह करीब 10 बजे एक बाइक सवार विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा से जा टकराया। इस घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोगों की मदद से उसे पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सांडी तिलैया में रविवार रात मंडा पर्व मेला लगा था। लोगों ने रात भर मेले का आनंद लिया। उसी बस्ती निवासी नरेंद्र बेदिया सोमवार सुबह रांची रोड से मुर्गा कटवाने के बाद उसे बाइक स्पेलेंडर प्लस संख्या जे एच24एल 5701 पर लेकर अपने घर सांडी तिलैया वापस जा रहा था। इसी दौरान बीआरएल गेट से वह ज्योंहि आगे बढ़ा, सामने की ओर से आ रहे हाइवा संख्या जे एच 02ए पी 5196 में जा टकराया। इस घटना में नरेंद्र हाइवा के नीचे आ गया। यह सौभाग्य था कि हाइवा चालक ने सूझबूझ से ब्रेक लगा दिया। जिसके कारण उसकी जान बच गई। उसके पांव में गंभीर चोटें आई है। घटना के समय नरेंद्र बूरी तरह नशे में चूर होकर बड़बड़ा रहा था। वहीं उसके बाइक के हैंडल में टंगे मांस चारों ओर बिखर गया। घटना के बाद मौजूद भीड़ ने लोगों की मदद से पास के मरार नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। वहीं घटना की जानकारी नरेंद्र के घरवालों को दे दी गई है।

### ब्रह्मर्षि परिवार की मासिक बैठक संपन्न

**बोकारो** : ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो की मासिक बैठक सेक्टर 4 जी में परिवार के आयोजक मंडल के वरीय सदस्य कमलेश राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से पूरे बोकारो में सदस्यता अभियान चलाने तथा संगठन का मूल कार्य जो कि चिकित्सा सहायता तथा अंतिम संस्कार में बढ़ चढ़कर भाग लेने का है उसे किस प्रकार सुगमता पूर्वक किया जाए इस पर चर्चा किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कमलेश राय ने कहा कि हम अपने परिवार के सभी सदस्यों को सदस्यता अभियान के द्वारा इस संगठन में जोड़कर संगठन का लाभ सभी तक पहुचाने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर सुरेश राय, नरेंद्र कुमार राय राजीव कुमार राय ,नग नारायण प्रसाद शाही, श्याम मनोहर सिंह, प्रेम कुमार दीनदयाल शर्मा, सुधीर कुमार, अनुरंजन शर्मा, साधु शरण, अपूर्व प्रतीक अनिल कुमार पांडे, अनिल कुमार, दुर्गेश कुमार, संजय कुमार ,संतोष कुमार चौधरी, देव नारायण सुधांशु आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

# उपायुक्त ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर खिलाड़ियों को किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय, झारखंड राँची के निदेशानुसार अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के शुभ अवसर पर जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सोमवार को समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर के विजेता खिलाड़ियों को उपायुक्त फैज अक अहमद मुमताज, एवं उप विकास आयुक्त आशीष अग्रवाल द्वारा खिलाड़ियों को मोमेंटो एवं खेल कीट देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले पारा स्विमिंग दिव्यांग खिलाड़ी में जितेंद्र पटेल ,फुटबॉल से अनामिका कुमारी ,लक्ष्मी कुमारी पुष्पा कुमारी और कराटे से प्रियंका कुमारी को तीरंदाजी से तमन्ना वर्मा थी। इस अवसर पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता, जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेंबरोम सहित अन्य उपस्थित थे। वहीं रामगढ़ जिला अंतर्गत गाँधी स्कूल, रामगढ़ में फुटबॉल, कबड्डी, साइकिलिंग, कराटे, डी0ए0 वी0 रजरप्पा मैदान में क्रॉस कंट्री रेस एवं बरकाकाना में वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमे कुल लगभग 400 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुराग तिवारी अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ एवं मारकस हेंब्रोम जिला खेल पदाधिकारी, रामगढ़ विशिष्ठ अतिथि के रूप मे सी0 डी0 सिंह, सचिव, ओलंपिक संघ जिला रामगढ़ शशि पांडे कराटे संघ के उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्घाटन अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ के द्वारा दीप प्रज्वलित कर खिलाड़ियों के परिचय प्राप्त कर किया गया एवं झारखण्ड प्रत्येक खेल में कम से कम एक मैडल प्राप्त करने के लिए सभी खिलाड़ियों का कठिन परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया, ताकि रामगढ़ झारखण्ड के साथ भारत का नाम रोशन कर सके। सभी विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया साथ ही राज्य स्तर में अच्छा प्रदर्शन करने एवं जिला का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी गई ।फुटबॉल फाइनल मुकाबला बालक वर्ग में डे-बॉर्डिंग प्रशिक्षण केंद बनाम खेलों इंडिया प्रशिक्षण के बीच खेला गया गई जिसमे डे-बॉर्डिंग टीम 03-02 से विजय रहे। बालिका वर्ग में राजेश मार्ग प्रस्तुत विद्यालय प्लस टू विद्यालय रामगढ़ बनाम खेलों इंडिया प्रशिक्षण के बीच खेला गया गई जिसमे खेलो इंडिया के टीम 03-01 से विजय रहे। एथलेटिक्स क्रॉस कंट्री बालक वर्ग प्रथम-सौरभ कुमार द्वितीय-सुभाष कुमार तृतीय - अनुल कुमार क्रॉस कंट्री बालिका वर्ग प्रथम - अंजू कुमारी। द्वितीय - पयाल कुमारी तृतीय - सोनी कुमारी साइकिलिंग बालक वर्ग प्रथम - आदित्य कुमार द्वितीय - सुभम कुमार तृतीय -मोहित कुमार महतो कबड्डी बालिका वर्ग गांधी स्कूल बनाम उत्क्रमित उच्च विद्यालय कैथा के बीच खेला गया जिसमें गांधी स्कूल 30-02 से विजय रहा।

# सड़क निर्माण में हो रही भारी अनियमितता के खिलाफ ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : मांडू, रामगढ़ मांडू प्रखंड अंतर्गत कपर फुटुआ छोटकी डुंडी पंचायत के ग्रामीणों ने रामगढ़ उपायुक्त महोदय को सड़क निर्माण कार्य में बढ़ती जा रही भारी अनियमितता को लेकर शिकायत पत्र सौंपा । प्रभु दयाल महतो के अगुवाई में रामगढ़ उपायुक्त को लिखित आवेदन देते हुए कहा कि कपर फुटवा छुटकी डुंडी पंचायत प्रखंड मांडू में डीएम एफटी मद से सड़क निर्माण कार्य हो रहा है । सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा भारी अनियमितता बरती जा रही है। जिसकी जांच के लिए उपायुक्त महोदय को आवेदन दिया है। सड़क को बिना लेवल किये पुराना पीसीसी जो खराब मटेरियल से बना हुआ था ,वह टूटकर उबड़ खाबड़ हो चुका है । इस पर नए पीसीसी को ढालने के सारे मैटेरियल ले आया है। पुराने पीएससी के ऊपर दलाई हो जाती है, तो सड़क की आयु का कम हो जाएगी तथा सड़क ऊंचा हो जाएगा। जिससे ग्रामीणों के घरों में पानी घुसने की संभावना है। क्योंकि गांव में नाली की भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है। सभी घरों का पानी सड़क पर ही निकलता है ,अगर पानी की निकासी रुक जाती है। तो गांव के सभी परिवारों को बहुत बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है । कपरफुटवा गांव जिला रामगढ़ प्रखंड मांडू के अंतिम छोर बोकारो जिला से सटा हुआ है। जो विकास से कोसों दूर है। सभी ग्रामीणों ने उपायुक्त महोदय से गुहार लगाई है कि पीसीसी का निर्माण कराया जाए साथ ही साथ नाली का भी व्यवस्था किया जाए। ताकि लोगों को राहत मिल सके। आवेदन देने में मुख्य रूप से प्रभुदयाल महतो, बहादुर महतो, कैलाश साव, करमचंद महतो उपस्थित थे। आवेदन में ग्रामीणों का संयुक्त हस्ताक्षर जिसमे मुख्य रूप से रूपलाल महतो, धीरज पटेल, राकेश कुमार महतो, लक्ष्मी कुमारी, रिया कुमारी, बृजलाल महतो, भुनेश्वर कुमार महतो, श्यामलाल महतो, जानकी महतो, रीना देवी, रामू महतो, सेवालाल महतो, जगदीश कुमार, मनोज कुमार महतो, धनेश्वर महतो, मुकेश महतो, विनोद कुमार महतो, अरविंद कुमार महतो, कालेश्वर महतो, शांति देवी, खुशबू कुमारी, राजू महतो, प्रकाश महतो , मुनी कुमारी, सूरज कुमार, संतोष महतो, खुशबू कुमारी, योगिता कुमारी, रीना देवी, कमल महतो, इग्नू महतो, सोनी कुमारी, सुषमा कुमारी, सोमनाथ महतो, करमचंद महतो, सुरेश महतो, ललिता देवी, संदीप कुमार महतो, प्रदीप कुमार, कामेश्वर महतो के अलावा सैकड़ो लोगों ने संयुक्त हस्ताक्षर किया है।

### ओलंपिक दिवस पर साइकिलिंग एवं क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बोकारो** : सोमवार को ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिला अंतर्गत चंदनकियारी प्रखंड स्टेडियम में साइकिलिंग एवं क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन ने क्षेत्र में खेल भावना, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम किया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं समुदाय के बीच ओलंपिक मूल्यों मित्रता, उत्कृष्टता एवं सम्मान को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में कुल 60 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया, जिसमें पेशेवर खिलाड़ियों से लेकर खेलों के प्रति रुचि रखने वाले स्थानीय नागरिक तक शामिल थे। मौके पर आशु भाटिया प्रशिक्षक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, हेमंत कुमार, प्रशिक्षक खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर एवं खेलमित्र एवं खेल विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## ममता देवी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, होमगार्ड बहाली की मांग की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक ममता देवी ने झारखंड के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर रामगढ़ जिले में होमगार्ड बहाली प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ किए जाने की मांग की है। विधायक ममता देवी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्तमान में झारखंड के कई जिलों में होमगार्ड की बहाली प्रक्रिया जारी है, जिससे वहाँ के युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं। परंतु रामगढ़ जिले में पर्याप्त संख्या में रिक्त पद होने के बावजूद अब तक बहाली प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई है, जिससे जिले के युवा निराश हैं क्योंकि उनके बहाली की उम्र सीमा खत्म हो रही है। विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि रामगढ़ एक औद्योगिक व रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जिला है, जहाँ योग्य और इच्छुक युवाओं की कोई कमी नहीं है। ऐसे में यहाँ भी शीघ्र होमगार्ड बहाली शुरू कराई जाए ताकि युवाओं को रोजगार मिले और जिला प्रशासन को आवश्यक सहायता प्राप्त हो सके। उन्होंने आशा जताई है कि सरकार इस विषय पर गंभीरता से विचार कर जल्द निर्णय लेगी।

## भारत सरकार आंगनबाड़ी में एफआरसी और ईकेवाईसी बंद करे : जेपी पांडेय

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : झारखंड राज्य आंगनवाड़ी कर्मचारी संघ के राष्ट्रीयहंत्री अशोक नयन जी, संयोजक जय प्रकाश पांडेय और झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवती देवी, प्रयाग यादव ने भारत सरकार के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय मंत्रालय के मंत्री अनपूर्णा देवी से मांग किया है कि जल्द से जल्द आंगनबाड़ी केंद्रों में लागू एफआरसी और ईकेवाईसी को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए, लगातार दबाव के कारण आंगनवाड़ी सेविका /सहायिका को घायल होने और मानसिक दबाव को झेलना पड़ रहा है। जिसका बुरा प्रभाव कुपोषण दूर करने वाले आंगनवाड़ी कर्मचारियों पर पड़ रहा है, ज्ञात हुआ है कि उतर प्रदेश के शहनाजपुर की सेविका रामगुनी देवी जो एफआरसी और ईकेवाईसी करने लाभार्थियों के घर गईं थी, जहां लाभार्थियों के परिवार ने लाठी डंडों से मारकर सिर फोड़ दिया है। जिसमें 28 टांका लगा हुआ है, इसी तरह कई सेविका और सहायिका लाभार्थियों को एफआरसी और ईकेवाईसी करने में ब्लड प्रेसर, शुगर और मानसिक प्रताड़ना का शिकार बन रही है और लाभार्थियों को पोषाहार का राशन वितरण करने में भी बधा उत्पन्न हो रही है,एक तरफ पोषाहार की राशि,वेतनमान में वृद्धि नहीं हो रही है और रिचार्ज, मकान भाड़ा भी समय पर नहीं मिलता है और दूसरी ओर लगातार दबाव के कारण आंगनवाड़ी कर्मचारियों की मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है,जिसके कारण असमय कई सेविकाएं दम भी तोड़ रही है, भारत सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश को भी नहीं मानती है, जिसके कारण आंगनवाड़ी कर्मचारियों को राज्य या केंद्र सरकार का कर्मचारी घोषित नहीं हो पा रही है और उनके रिटायरमेंट और ग्रेच्युटी का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है, भारत सरकार तत्काल प्रभाव से संशोधन कर एफआरसी और ईकेवाईसीपर रोक लगाए और आंगनवाड़ी सेविका सहायिका को राज्य/ केंद्र सरकार का कर्मचारी घोषित कर पीएफ, ग्रेच्युटी और रिटायरमेंट की सुविधा, पेंशन अविलंब बहाल कर महिलाओं को सम्मान दे।

# योजनाओं के प्रचार के लिए स्थानीय स्तर पर सही कार्यक्रम तैयार करें अधिकारी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरायकेला** : समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त नितिश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य राज्य स्तर से प्राप्त आईईसी मद की राशि के समुचित उपयोग और विभागीय योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार की रूपरेखा तय करना था। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए स्थानीय स्तर पर सही कार्यक्रम तैयार करें और उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रचार-प्रसार की गतिविधियां स्थानीय भाषा में हों। ताकि, योजनाओं का संदेश आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। उन्होंने ऑडियो-विजुअल सामग्री, शॉर्ट डॉक्यूमेंट्री, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर-बैनर, सेमिनार और सामुदायिक बैठकों जैसे माध्यमों को प्राथमिकता देने की बात कही। बैठकमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में समान रूप से योजनाओं की जानकारी पहुंचाने पर बल दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार की योजनाएं तभी सफल होंगी जब उनकी जानकारी अंतिम व्यक्ति तक सरल भाषा में पहुंचे। इसके लिए पारंपरिक और डिजिटल दोनों माध्यमों का समन्वित रूप से उपयोग जरूरी है। बैठक में अपर नगर आयुक्त रवि प्रकाश, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला निवेदिता नियति, जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो, जिला खनन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएवी पब्लिक स्कूल में नशे के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया



**रजरप्पा** : रजरप्पा कोयलांचल स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल रजरप्पा में नशे के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया। रजरप्पा थाना के स्थानीय प्रभारी कृष्ण कुमार ने इस जागरूक एवं संवेदनशील भरे कार्यक्रम का नेतृत्व किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के कक्षा नौवीं से बारहवीं के छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चारण से हुई। रजरप्पा के थाना प्रभारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा हर मनुष्य के लिए हानिकारक है। उन्होंने कहा कि नशा न सिर्फ शरीर को कमजोर करता है बल्कि यह समाज व परिवार को भी खोखला करता है। आज की युवा पीढ़ी को इस मोर्चे के लिए सजग रहना है और दूसरों को भी जागरूक रहने के लिए प्रेरित करना है। डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य डॉ० एस के शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत करते हैं। कार्यक्रम में तरह- तरह से बच्चों को जागरूक किया गया। छात्र-छात्राओं ने नशा से दूर रहने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के शिक्षक एवं ऑफिस स्टॉफ उपस्थित थे।

### धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जनभागीदारी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रामगढ़** : पतरातु प्रखण्ड के ग्राम पंचायत पालू के गांव पालू, टेरपा, रोचाप, किरीगढ़ा एवं ग्राम टोकीसूद में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत जनभागीदारी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में प्रखंड अंचल अंतर्गत विभिन्न विभागों के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों के बीच उनकी समस्याओं का समाधान किया गया ।साथ ही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। एवं उनका लाभ लेने की अपील की गई। इस कार्यक्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, राजस्व उप निरीक्षक, आकांक्षी प्रखंड फैलो, सीएचओ, सामाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक,मुखिया, पंचायत सचिव, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में पेंशन से संबंधित 04 आवेदकों के समस्या का समाधान तुरंत किया गया। जाति प्रमाणपत्र के 02, आवासीय प्रमाण पत्र के 02 आवेदन, पीएम किसान के 04 आवेदन, केसीसी के 03 आवेदन, राशन कार्ड से 04 आवेदन, आवास से संबंधित 06 आवेदन, मनरेगा से 06 आवेदन एवं स्वास्थ्य विभाग से 78 लोगों का स्वास्थ्य जांच बीपी /शुगर/ सिकल सेल जांच किया गया।

### नमामि गंगे योजना के तहत योग दिवस का हुआ आयोजन



**रामगढ़** : उपायुक्त, रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर 21 जून 2025 को अत्यधिक वर्षा और खराब मौसम के कारण विद्यालय बंद रहे। इसी कारण आज, 23 जून को रामगढ़ जिले के 100 विभिन्न विद्यालयों में नमामि गंगे योजनांतर्गत योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों और प्रशिक्षित योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में योगासन एवं प्राणायाम आयोजित किए गए।

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की बलिदान दिवस मनाया गया



**कोडरमा** : डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की बलिदान दिवस सम्पन्न पंजाबी धर्मशाला में डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का बलिदान दिवस मनाया गया जिसकी अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष सुधीर सेठ जी ने किया मंच संचालन भरत पांडेय नगर मंत्री ने किया और बैठक में जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने बताया कि डाक्टर मुखर्जी ने जवाहर लाल नेहरू की सरकार में मंत्री रहते हुए भी हर समय गलत का विरोध किया और मंत्री पद से त्यागपत्र देकर जनसंघ की स्थापना की, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने देश के लिए सचाई के लिए हर समय लड़ा और देश की जनता के हित के लिए लड़ते हुए और देश के लिए बलिदान देने का काम किया। पूर्व जिला अध्यक्ष रामनाथ सिंह ने बताया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही नारा लगाया था एक देश में दो बिधान,दो संविधान नहीं चलेगा। और देश बड़े बड़े उद्योग कल कारखाने उन्हीं की देन है। कार्यक्रम में दिनेश्वर प्रसाद, विनोद भदानी, सुभाष मोदी, देवनारायण मोदी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में अर्जुन सिंह, रामबालक चौधरी, सियाराम सिंह, अंकित गुप्ता, प्रभु मिस्त्री, विजय बरनवाल, निरंजन कसेरा, पवन कुमार, सपन कुमार, राजेश वर्मा आदि लोग उपस्थित हुए और कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### 24 जून को प्रखंड घेराव आक्रोश प्रदर्शन के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक

**बोकारो** : भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश नेतृत्व द्वारा 24 जून को होने वाले प्रखंड घेराव आक्रोश प्रदर्शन को लेकर रविवार को बोकारो विधानसभा के हरला मंडल कार्यालय में हरला मंडल के कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक रखी गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विनय किशोर जी ने किया एवं संचालन मंडल महामंत्री मनीष पांडे ने किया बैठक में 24 जून को प्रखंड कार्यालय के घेराव कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर रणनीति तैयार की गई इसके साथ सेवा और सुशासन गरीब कल्याण के 11 साल के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्ष्य विकसित भारत 2047 को लेकर मंडल अध्यक्ष विनय किशोर जी ने सभी कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया।

## एक नजर

### पुलिस ने नाबालिग को भगाने वाले आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**साहिबगंज:** मिजाचौकी थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की को बीते दिनों जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के पचगढ़ का रहने वाला आरोपी युवक राजा कुमार उम्र 19 वर्ष पिता छांगोरी साह ने शादी की नियत से लेकर फरार हो गया था। जहां इस मामले को लेकर नाबालिग लड़की के परिजनों ने थाना में लिखित आवेदन देते हुए अपनी नाबालिग पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई थी। उधर पुलिस की टीम ने नाबालिग लड़की व आरोपी युवक को गिरफ्तार करने के बाद सोमवार को सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने के लिए लेकर आई हुई थी जहां से नाबालिग लड़की को कोर्ट में प्रस्तुत करने व आरोपी युवक राजा कुमार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### तालझारी प्रखंड सभागार में पंचायत कर्मियों के साथ बीडियो सह सीओ ने की बैठक



**साहिबगंज/तालझारी:** प्रखंड सभागार में प्रखंड व पंचायत कर्मियों के साथ एक परिचय बैठक बीडीओ सह सीओ के अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें प्रखंड के सभी कर्मचारी व पंचायत के जितने भी कर्मी है उनसे बारी-बारी से परिचय व उनके कार्यों के बारे भी जानकारी ली गई। बीडीओ सह सीओ राम सुमन प्रसाद ने बताया की प्रखंड क्षेत्र में जो भी विकास का काम हो रहा व सुचारू रूप से हो, किसी तरह का काम बाधित न हो। जिसके लिए प्रखंड के सभी कर्मचारियों के साथ बैठक की गई। सभी से परिचय किया गया व उनके कार्यों को जानकारी लेते हुए पुर्व से उन्हें जो भी दायित्व व काम दिया गया है वो अपना काम को समय पर निष्पादन करें। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

### युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोप में केस दर्ज

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर पलाशगाछी स्कूल मोड़ के पास बीते रविवार की रात्रि एक युवक पर जानलेवा हमला होने का मामला प्रकाश में आया है। उत्तर पलाशगाछी के जफर टोला के मुस्तफा शेख ने आरोप लगाया है कि रविवार की रात्रि बालू गांव बाजार से घर लौट रहा था। इसी बीच स्कूल मोड़ के पास उत्तर पलाशगाछी के पूर्व मुखिया समेत आठ लोगों ने उसकी मोटरसाइकिल को रोक कर लाठी डंडा व हरवे हथियार से लैस होकर मारपीट की। उसके सिर पर चोट लगी और वह घायल हो गया है। उधर राधानगर थाना पुलिस को शिकायत मिलने पर मुस्तफा शेख को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा गया।

### अज्ञात नवजात बालिका स्वस्थ हो के 33 दिन बाद एसएनसीयू से डिस्चार्ज

**साहिबगंज:** एक नवजात अज्ञात बालिका,जो कि झाड़ियों में पड़ी हुई मिली थी बाल कल्याण समिति और जीरवाबाड़ी थाना के सहयोग से बालिका की तत्काल स्वास्थ्य सेवा के लिए एसएनसीयू सदर अस्पताल में 21 मई 2025 को भर्ती कराया गया था। देखरेख में बच्ची का समुचित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई भर्ती के समय बच्ची का वजन 1760 ग्राम था। जहां आज दिनांक 23 जून 2025 को लगभग 33 दिन के बाद बच्ची को पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद बच्ची का एसएनसीयू से छुट्टी किया गया। छुट्टी के समय बच्ची का वजन 22,20 ग्राम था। बच्ची के इलाज में अस्पताल प्रबंधक राजेश कुमार यादव एसएनसीयू इन-चार्ज, रश्मि प्रिया तिर्की सीएचओ एवम सभी एसएनसीयू कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन मे देश पूरी तरह से सुरक्षित: बाबूलाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**दुमका :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन मे देश पूरी तरह से सुरक्षित है। 11 सालों के केंद्रीय नेतृत्व मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए जो कल्याणकारी योजनाएं दिया वह मिशाल है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11सालो के कार्यकाल मे देश की जनता को एक समान अवसर दिया। मरांडी सोमवार को दुमका परिसदन भवन में प्रेसवार्ता में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश के गांव-गांव तक सड़क है, बिजली है प्रत्येक लोगों के हाथ तक सूचना का तंत्र है। कोई बीमार हो तो उनको भी पांच लाख तक की इलाज की सुविधा आयुष्मान के तहत मिल रहा है। उन्होंने कहा कि कहने को यहां की राज्य सरकार इलाज के नाम पर बीमा योजना का लाभ दे रही है। लेकिन इलाज के नाम पर झारखंड की सरकार कुछ नहीं दे रही है। मरांडी ने कहा कि जिन अस्पतालों ने लोगो का इलाज किया यहां की झारखंड सरकार उन अस्पतालों को भुगतान भी नहीं किया। उन्होंने कहा कि देश की सरकार गरीबों की चिंता कर रही है उनके चूल्हा, स्वास्थ्य विकास, सड़क, स्वास्थ्य की चिंता कर रही है। उन्होंने कहा कि इसलिए इन 11 वर्षो मे केंद्र सरकार के नेतृत्व मे देश की जनता सुरक्षित महसूस कर रही है। देश में सुशासन भी है और विकास के साथ साथ गरीबों के लिए कल्याणकारी योजनाएं भी चलाई जा रही है। मरांडी ने कहा कि भाजपा ने आतंकवाद को लेकर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि देश मे झारखंड आतंकवाद के लिए ओर भी संवेदनशील प्रदेश है। पिछले दिनों कई आतंकवाद का ठिकाना झारखंड से मिला है। इसमे कई आतंकवादियों को झारखंड से गिरफ्तार किया गया है। अब तो झारखंड मे दो महीना हो गया है। लेकिन झारखंड मे नियमित कोई अधिकृत डीजीपी भी नहीं है, जिससे झारखंड सरकार डीजीपी का काम करा रही है। वह यहां गैरकानूनी तरीके से है। उनका कार्य काल 30 अप्रैल को ही समाप्त हो गया। यहां एसीबी के भी डीजीपी वहीं है। सीआईडी के भी वहीं है। इससे समझ सकते है कि झारखंड सरकार आतंकवाद को लेकर कितनी गंभीर है। मरांडी ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार के आपसी तालमेल पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि केंद्र से जो पैसे आते हैं। उसके बदले में जब तक राज्य सरकार यूटिलिटी सर्टिफिकेट नहीं देते हैं। तब तक केंद्र सरकार पैसे नहीं दे सकती है। केंद्र की ओर से राज्य सरकार को उनके काम के आधार पर दो-तीन किस्तों में विकास के लिए पैसे देती है यह तय मापदंड है। अब राज्य सरकार उनकी प्रमाणिकता से प्रमाण पत्र ही नहीं भेजेंगे, तो उनको कैसे पैसा मिल सकता है। लूटने के लिए पैसा नहीं मिलेगा।

## चौकीदार पद पर नियुक्ति हेतु जिला स्थापना समिति की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददात

**साहिबगंज :** डीसी-सह-जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में चौकीदार पद पर नियुक्ति से संबंधित जिला स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिला अंतर्गत रिक्त चौकीदार पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया के उपरांत नियुक्ति पत्र वितरण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अब तक की गई कार्यवाही से डीसी को अवगत कराया एवं आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की। बैठक में अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी अमर जॉन आईन्द, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू एवं जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज झा सहित अन्य उपस्थित थे।

## विभिन्न पहाड़िया गांवों का एनएचआरसी मॉनिटरिंग टीम ने किया औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** सोमवार को तीन सदस्य एनएचआरसी मॉनिटरिंग टीम के द्वारा साहिबगंज जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालझारी अंतर्गत चेंगड़ो गांव, अनुमण्डलीय अस्पताल राजमहल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उधवा के विभिन्न पहाड़िया गाँवों में भ्रमण कर चलाये जा रहे मोबाइल मेडिकल यूनिट का मॉनिटरिंग किए। जिसमे पीएम जनमन एवं पी वीटीजी टीमों के द्वारा किए जा रहे स्वास्थ्य कार्यो का अवलोकन किए एवं उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी, पारा मेडिकल कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए ग्रामीणों को सभी प्रकार के स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने को कहा गया। साथ ही एनएचआरसी मॉनिटरिंग टीम के द्वारा उपस्थित सभी ग्रामीणों को अपने घर के आस-पास साफ सफाई रखने,सोते समय प्रतिदिन मच्छरदानी लगाने, घर के आस-पास गढ़ो मे जल जमाव नहीं होने देना, घर के सभी कमरों मे कीटनाशी का छिड़काव करवाने, बुखार होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र मे जाकर खून की जाँच कराने, किसी झोलाछाप डॉक्टर या झाड़ -फुक ओझा गुनी जड़ी- बूटी के चकर में ना पड़ने आदि की सलाह दिए। इस मौके पर डॉङ्क सत्ती बाबू डाबडा जिला वीबीडी सलाहकार, मोङ्क तौसीफ अहमद डीडीएम, संदीप कुमार डीपीसी, डॉ कोमल पटेल एमओ, राजकुमार पंडित बीटीटी, राज मित्तल सीएचओ, चिकित्सा सहायक, फार्मासिस्ट, पीवीटीजी फैसिलिटेटर, सहिया, सेविका आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## यूथ कांग्रेस सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में सोमवार को पाकुड़ जिला कांग्रेस कार्यालय में आज युवा जिला अध्यक्ष बिलाल शेख की अध्यक्षता में यूथ कांग्रेस के सदस्यता अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में यूथ कांग्रेस प्रदेश कोऑर्डिनेटर राजेश मिश्रा उपस्थित हुए। उन्होंने उपस्थित सभी यूथ कांग्रेस कार्यकताओं को आगामी सदस्यता अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री मिश्रा ने जानकारी दी कि 27 जून 2025 से 3 जुलाई 2025 तक यूथ कांग्रेस में नामांकन की प्रक्रिया चलेगी। इस दौरान इच्छुक युवा पार्टी में सदस्यता लेकर संगठन का हिस्सा बन सकते हैं।
उन्होंने कहा, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी का यह सपना है कि यूथ कांग्रेस के माध्यम से कांग्रेस पार्टी की जड़ें और अधिक मजबूत हों। आज का युवा ही कल का नेतृत्व करेगा। हमें ज्यादा से ज्यादा युवाओं को पार्टी से जोड़ना है और उन्हें नेतृत्व का अवसर देना है। बैठक के दौरान यह भी तय किया गया कि सदस्यता अभियान को प्रखंड, पंचायत, एवं वार्ड स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाया जाएगा और नए सदस्यों को यूथ कांग्रेस के व्हाट्सएप ग्रुप से जोड़कर निरंतर संपर्क में रखा जाएगा। युवा जिला अध्यक्ष बिलाल शेख ने कहा कि यह अभियान युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है, और पाकुड़ जिला इस अभियान में राज्य भर में उदाहरण पेश करेगा। मौके पर जिला महासचिव मोहम्मद नसीम आलम, जलालुद्दीन शेख, नूर इस्लाम ,शरीफ मोमिन, हुसैन शेख, शहाबुद्दीन, नईमुद्दीन, जोहर शेख, वसीम अकरम, इस्माइल शेख, शाहजमल शेख, खुर्शीद शेख सहित युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

विश्व ओलंपिक दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## खिलाड़ियों के बीच खेल कीट का किया गया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में धरती आबा जनभागीदारी अभियान के तहत एवं विश्व ओलंपिक दिवस के अवसर पर जिला खेल कार्यालय पाकुड़ की ओर से बैंक कॉलोनी स्थित जिला स्तरीय स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त मनीष कुमार ने सभी खिलाड़ियों को विश्व ओलम्पिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि ओलंपिक से बड़ा दुनिया में कोई इवेंट नहीं है। विभिन्न खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों ने देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने जिले के खिलाड़ियों का भी हौसला बढ़ाते हुए उन्हें सीख दी एवं धैर्य एवं अनुशासन के साथ खेल के प्रति समर्पित होते हुए मंजिल की ओर बढ़ने की बात कही। मौके पर उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, मुख्यालय डीएसपी जितेन्द्र कुमार समेत अन्य उपस्थित रहे।

# मांगों को लेकर रेलवे रनिंग स्टाफ ने किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहेबगंज :** सोमवार को साहेबगंज ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन पूर्व रेलवे के नियमानुसार, पूरे ईस्टर्न रेलवे जोन में सभी मंडल लॉबी व डी.आर.एम. ऑफिस पर जीआर, एसआर 5.23 मे संशोधन के खिलाफ व कैट कोलकाता के द्वारा रोक के बावजूद रनिंग कर्मचारियों को हैंड ब्रेक खोलने व लगाने के लिए मजबूर करने व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के विरोध में साहेबगंज लॉबी के सामने धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। सहायक लोको पायलट को प्रशासन के द्वारा हैंडब्रेक खोलने व लगाने का कार्य थोपने के लिए शारीरिक एवं मानसिक दोनों प्रकार से असहज महसूस करता है। जिससे रेलवे की सेफ्टी का उल्लंघन हो रहा है जो किसी भी बड़ी रेल दुर्घटना का कारण बन सकती है। अतः एआईएलआरएसए रेल प्रशासन से मांग करती है कि जीपीओ को जल्द से जल्द निरस्त किया जाए ताकि रनिंग रेल कर्मचारी तनाव मुक्त होकर रेल परिचालन का कार्य कर सके। रनिंग कर्मचारियों को हैंडब्रेक नहीं लगाने व खोलने के नाम पर लॉबी ट्रांसफर एवं चार्ज सीट देने का दबाव प्रशासन के द्वारा बनाया जाता है तथा साथी इससे होने वाला डिटेंशन का दबाव लोको पायलट पर दिया जाता है, जिससे पारिवारिक तनाव बढ़ते जा रहा है जिसके परिणाम स्वरुप कार्य परिचालन से एसपीएडी होने की पूरी संभावना होगी। अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो जोनल लेवल पर महाप्रबंधक कार्यालय व प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक के समक्ष धरना प्रदर्शन होगा। साथ ही वर्क टू रूल कार्य होगा, 09 घंटे में गाड़ी खडी होंगी। वहीं आज के कार्यक्रम की अध्यक्षता एआईएलआरएसए साहिबगंज ब्रांच के सचिव कॉमरेड नीतीश कुमार प्रभाकर तथा अध्यक्ष कॉमरेड रवि रंजन के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉमरेड रंजन कुमार, कॉमरेड गोपाल कुमार, कॉमरेड विनय कुमार,कॉम अमरजीत कुमार, रोहित आनंद, पी के प्रभाकर, सचिन कुमार, संतोष कुमार, दिवाकर कुमार, राजीव कुमार, दीपक कुमार, नीरज, अजीत कुमार, रुपेश कुमार अमित चौरसिया कॉमरेड इत्यादि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल, रेफर



**साहिबगंज:** सकरीगली एक नंबर प्लेटफॉर्म के रेलवे लाइन में सोमवार को किसी ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना मिलने पर साहिबगंज आरपीएफ जवानों ने घायल युवक को घटनास्थल पर पहुंचकर 108 एंबुलेंस से घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि घायल कोटालपोखर के रहने वाला बच्चु मिंज है। साहिबगंज गैस गोदाम अपने ससुराल आया हुआ था। परिजनों ने बताया कि रविवार को घायल को सदर अस्पताल में भर्ती कराया था, उनका तबीयत बिगड़ जाने से उनका हालत खराब हो गया था, जहां रविवार के 9:00 बजे रात्रि में डॉक्टर से डिस्चार्ज कराकर घर वापस लेकर चले गए थे, और सोमवार को सूचना मिली कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से हाथ पांव कट गया है और गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने आगे बताया कि इसका कुछ दिमागी हालत ठीक नहीं रहता है। वहीं घायल की हालत काफी गंभीर है। इधर डॉक्टर ने बताया कि स्थिति ठीक नहीं है। इसका इलाज संभव नहीं है। बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है। वहीं रेल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पति ने पत्नी को मारपीट कर किया घायल, पुलिस जांच में जुटी



**साहिबगंज:** गंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर दियारा गांव में रविवार की रात पति के द्वारा पत्नी को प्रताड़ित कर व मारपीट कर किया घायल कर दिया। जहाँ घायल महिला इलाज के लिए आई सदर अस्पताल। बताया जा रहा है कि रामपुर दियारा गांव निवासी नकुल सिंह के 25 वर्षीय पत्नी रिंकी देवी को शराब के नशे में आकर मारपीट कर घायल कर दिया घायल रिंकी देवी कि मां सुलेखा देवी ने आरोप लगाते हुए बताई की हमारी बेटी रिंकी देवी के पति नकुल सिंह कहता है कि हम तुम्हारी बेटी को नहीं रखेंगे हम दूसरे शादी करेंगे इस बात पर पत्नी के साथ विवाद होने पर पत्नी को लाठी डंडा से आए दिन मारपीट करता है। जहां रविवार की रात भी मारपीट कर घायल कर दिया, घायल महिला ने गंगा थाना पहुंचकर मामले को दर्ज कराया। गंगा थाना पुलिस के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। घायल महिला का इलाज सदर में डॉक्टर के देखरेख में किया गया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है।

### नशामुक्ति को लेकर यात्रियों के बीच चलाया गया जागरूकता अभियान




**साहिबगंज:** साहिबगंज रेल थाना पुलिस द्वारा सोमवार को साहिबगंज रेलवे स्टेशन परिसर में नशामुक्ति को लेकर यात्रियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया है। कार्यक्रम रेलथाना प्रभारी धनंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाया गया। इसमें मुख्य रूप से आरपीएफ कमांडेंट गुलाम सर्वर उपस्थित हुए। इसबीच रेलथाना प्रभारी ने यात्रियों को नशामुक्त रहने के लिए कई सुझाव दिए है। उन्होंने कहा कि नशा जीवन को नष्ट करता है। इससे दूरी बनाकर रखे। अपने बच्चों को भी इसके चपेट में आने न दे। आरपीएफ इंस्पेक्टर ने कहा कि तंबाकू समेत अन्य नशीली पदार्थो से दूर रहने की अपील की है। यात्रियों को तंबाकू छोड़ने के लिए टिप्स दिया गया है। वही तंबाकू निषेध के लिए संकल्प लिया गया है। मौके पर एएसआई मो. मुस्ताक, आरपीएफ के सरोज कुमार समेत अन्य जवान मौजूद थे।

### अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक में की गई स्वास्थ्य सुविधाओ की समीक्षा



**साहिबगंज:** सदर अस्पताल स्थित वेयर हाउस में सोमवार को अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता जीप अध्यक्ष मोनिका किस्कु ने की है। इसमे मुख्यमंत्री अस्पताल संचालन सह रखरखाव योजना के अंतर्गत 75 लाख रुपए से सदर अस्पताल के विकास पर खर्च करने पर निर्णय लिया गया है। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन समिति ने स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा करते हुए कई प्रस्ताव लिया है। समीक्षा के दौरान समिति के सदस्यों ने एंबुलेंस सेवा को दुरूस्त करने का निर्देश दिया है। इसमे सदर अस्पताल के टूटे फूटे फर्श की मरम्मती, रंग रोगन, एएनएम भवन की मरम्मती, मरीजो के लिए चार वाटर चीलर मशीन की खरीदारी, दस पीस रैलिंग पंखा, पांच पीस वॉल फैन, छह पीस एसी समेत अन्य सामग्री खरीदने का प्रस्ताव लिया गया है। सदर अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड के तीनों गेट पर मोड्यूलर दरवाजा लगाया जाएगा। डायग्नोस्टिक भवन के पीछे बाउंड्रीवॉल की मरम्मती, सदर अस्पताल में तीन स्थायी रूप से आयुष्मान मित्र, चार सीसीटीवी कैमरे की खरीदारी दर्जनों प्रस्ताव लिया गया है। मौके पर सीएस सह सचिव प्रवीण कुमार संथालिया, सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम, राजमहल विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू, बोरियो विधायक प्रतिनिधि अरुण कुमार सिंह, आईएमए सचिव डॉ. विजय कुमार, डीएस डॉ. सलखुचन्द्र हांसदा, चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा, अस्पताल मैनेजर अमन कुमार, एनआरईपी के सहायक अभियंता दिवाकर समेत अन्य मौजूद थे।

### बिजली करंट लगने से दो महिला हुई मूर्छित

**साहिबगंज/राजमहल:** थाना क्षेत्र के खोजपड़ा गांव में बीते रविवार की रात्रि दो महिलाओं को करंट लगने से मूर्छित हो गई। जानकारी के अनुसार यासमीन खातून 19 वर्षीया व अशर्फी बीबी 22 वर्षीया घर में काम कर रही थी। इसी दौरान किसी तरह यासमीन खातून बिजली की करंट की चपेट में आ गई। उसे बचाने के लिए अशर्फी बीबी गई वह भी करंट के चपेट में आ गई। उधर परिजनों को पता चलते ही आनन फानन में इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने दोनों महिला का इलाज किया।

# आजादी के 76 साल बाद पटना से कनेक्ट हुआ दियारा इलाका



# सीएम नीतीश बोले: सपना साकार हो गया







पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आज बिहारवासियों को एक और बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। सीएम आज कच्ची दरगाह-बिदुपुर सिक्स लेन पुल परियोजना के पहले चरण का शुभारंभ कर दिया। अब यह इलाका आजादी के 76 साल बाद राजधानी पटना से सीधे कनेक्ट हो गया है। एनएच-31 से राघोपुर तक का हिस्सा पूरी तरह बनकर तैयार है। सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि अत्यंत खुशी हो रही है कि आज कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पटना से राघोपुर की सम्पर्कता का लोकार्पण किया गया है। इस छह लेन गंगा पुल के निर्माण के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे थे। मैंने निमार्णाधीन कार्य का नियमित निरीक्षण कर पुल का निर्माण शीघ्र पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया था।



संतोष की बात है कि अब यह सपना साकार हो गया है। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर छह लेन गंगा पुल के लोकार्पण से राघोपुर दियारा क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से पूरे वर्ष के लिए सड़क सम्पर्कता मिल गई। इस क्षेत्र में कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से विकास होगा। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में मरीजों को भी काफी सुविधा होगी। महात्मा गांधी सेतु पर भी यातायात का भार कम होगा। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि राघोपुर दियारा के लोगों के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। इस इलाके के लोग दशकों से पीपा पुल और नावों के पटना से कनेक्ट थे। अब उन्हें स्थायी सड़क संपर्क मिलने जा रहा है। इस पुल ने अब राघोपुर को महज पांच मिनट में पटना से जोड़ दिया है।

पथ निर्माण मंत्री ने बताया कि यह तकनीक देश के गिने-चुने पुलों में ही इस्तेमाल की गई है, जिसमें केबल्स को डेक के नीचे एक बिंदु से दूसरे बिंदु तक विशेष ढंग से जोड़ा गया है। इससे इसकी मजबूती कहीं अधिक हो जाती है।



19 किलोमीटर लंबी इस परियोजना का सबसे खास हिस्सा है 9.76 किलोमीटर लंबा एक्स्ट्रा डोज केबल स्टे ब्रिज, जो गंगा नदी पर बनाया गया है। इसकी चौड़ाई 32 मीटर है और यह पुल 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि अब तक मानसून में पीपा पुल हटा दिया जाता था। तब राघोपुर पटना से कट जाता था। लेकिन इस स्थायी पुल के तैयार होने से दियारा के लोग सालभर आवागमन कर सकेंगे। इसके साथ ही, राघोपुर की मुख्य सड़क (पंसरिया चौक) को जोड़ने के लिए 17 करोड़ रुपए की लागत से संपर्क पथ का निर्माण भी जल्द शुरू होगा। इसके लिए प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से न सिर्फ स्थानीय नागरिकों को राहत मिलेगी बल्कि इस क्षेत्र में व्यापार, परिवहन और निवेश के नए रस्ते भी बनेंगे। दियारा क्षेत्र अब विकास की मुख्यधारा से जोड़ जाएगा और लोगों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार आएगा। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने जानकारी दी कि पुल के चालू होने से महात्मा गांधी सेतु पर यातायात का दबाव कम होगा। इसके साथ ही, पटना, राघोपुर और बिदुपुर के बीच एक तेज, सुरक्षित और सड़क उपलब्ध हो जाएगी। नीतीश सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक बिहार के किसी भी कोने से राजधानी पटना को साढ़े तीन घंटे में जोड़ा जाए, और यह पुल इस लक्ष्य को पूरा करने दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मंत्री नितीन नवीन ने कहा कि इस पूरी परियोजना पर लगभग 5000 करोड़ रुपये का खर्च आ रहा है, जिसमें से 3000 करोड़ रुपये एशियन डेवलपमेंट बैंक से ऋण के रूप में प्राप्त हुए हैं और 2000 करोड़ रुपये राज्य सरकार की ओर से खर्च किए गए हैं।

## पटनाः तेज रफ्तार ट्रक ने हाईटगेज में मारी टक्कर



पटना। मोकामा एक बड़ा रेल हादसा टल गया। सोमवार सुबह अनियंत्रित ट्रक ने रेलवे के हाईटगेज को टक्कर मार दी। इससे हाईटगेज पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस कारण रेलवे परिचालन बाधित हो गया। घटना पटना जिले के दानापुर मंडल के अंतर्गत मोकामा रेलवे स्टेशन के पूर्वी फाटक पर सोमवार सुबह साढ़े पांच हुई। घटना के बाद इलाके में हड़-कंप मच गया। देखते ही देखते मोकामा बाजार जाम लग गया। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस और स्टेशन प्रबंधक अशोक मोलदियार रेलवे कर्मिचारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच में जुट गए। इधर, घटना के बाद रेलवे के सुरक्षाकर्मियों ने फौरन आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया और ट्रक को भी जब्त कर लिया। स्टेशन प्रबंधक अशोक मोलदियार तेज रफ्तार ट्रक ने हाईटगेज को क्षतिग्रस्त कर दिया था। इससे आवागमन ठप पर गया था। हालांकि, रेलवे कर्मियों की तत्परता से तीन घंटे के अंदर हाईटगेज को दुरुस्त कर लिया गया। इससे परिचालन सामान्य हो सका। वहीं लोगों का कहना है कि 50 दिन में हाईटगेज को टक्कर मारने की यह दूसरी घटना है। रेलवे के अधिकारियों को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बाजार मार्ग पर लंबे समय तक जाम की स्थिति बनी रही, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। चालक की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है।

## रेप केस में अपने बयान से पलटी लड़की






समस्तीपुर। पूर्व मंत्री रामाश्रय सहनी के बेटे मुकेश सहनी पर रेप-अपहरण का आरोप लगाने वाली नाबालिग लड़की बार-बार अपना बयान बदल रही है। अब छेड़खानी का आरोप लगा रही है। ऐसे में आज कोर्ट में लड़की का 164 के तहत बयान दर्ज होगा। इस बयान से ही पूरे मामले की दशा और दिशा तय होगी। एएसपी संजय पांडेय ने कहा कि मामला गंभीर है। आरोप पूर्व मंत्री के बेटे पर है। इसलिए पीड़िता का 164 का बयान कराया जाना जरूरी है। मुफस्सिल पुलिस मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराएगी। फिलहाल इस मामले में छेड़खानी की प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपी के ड्राइवर रघुवीर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दर्ज एफआईआर में नाबालिग ने बताया, 'शौच के लिए घर से निकली थी, तभी पूर्व मंत्री रामाश्रय सहनी के पुत्र मुकेश सहनी और ड्राइवर रघुवीर कुमार ने जबरन बाइक पर बैठा लिया। रास्ते में उसके साथ गलत हरकतें की। दोनों ने उसे खेत के पास से उठाया था। अलग-अलग जगहों पर ले जाकर परेशान किया। बाद में सुनसान जगह पर छोड़ दिया। बाद में अपने परिचितों की मदद से समस्तीपुर पहुंची और मुफ्फसिल थाने में शिकायत दर्ज कराई।' इस मामले में लड़की का एक ऑडियो भी सामने आया था। जिसमें वो कह रही है, 'मम्मी सॉरी मैं घर से भाग रही हूं। मुकेश सहनी ने मेरा वीडियो बना लिया। मैं खेत में चली गई। वो पकड़कर मुझे रोड पर ले गया और रेप किया। मैं भाग रही हूं। सॉरी मम्मी-पापा।' शुक्रवार रात से गायब लड़की को पुलिस ने शनिवार शाम 5 बजे बरामद कर लिया है। मामला मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के एक गांव का है। ऑडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री के घर का घेराव कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंची तो लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा। लोगों ने पुलिस की गाड़ी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। इसके बाद कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पूर्व मंत्री रामाश्रय सहनी ने कहा कि मेरे बेटे को राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया जा रहा है। रात में मेरा ड्राइवर घर से निकला था। लड़की और अंशु नामक लड़का को संदिग्ध स्थिति में देखकर उसका वीडियो बना लिया था। बाद में उसने मेरे बेटे को भी मामले की जानकारी दी थी। मेरा बेटा भी मौके पर पहुंचा था। इस दौरान लड़की उस लड़के के साथ बाइक पर बैठकर चली गई थी। वहीं, लड़की के चाचा ने कहा था '12 बजे पूर्व मंत्री का छोटा बेटा घर से मेरी भतीजी को उठा ले गया था। उसके साथ रात में क्या किया ये तो भगवान ही जानते हैं। पूर्व मंत्री के घर आएं तो कहा गया शांति रखिए और मामले को दबा दीजिए। मैंने कहा ऐसा नहीं हो सकता। इसके बाद मैंने थाने को सूचना दी।' 'हंगामे के दौरान पूर्व मंत्री के परिवार ने अपने घर का ग्रिल बंद कर लिया और पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस की गश्ती दल मौके पर पहुंची। जिसके बाद लोगों का आक्रोश और भड़क उठा। लोगों ने गश्ती दल पर पथराव कर दिया। पुलिस की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई।' 'लोगों के गुस्से को देखकर पुलिस को वहां से निकलना पड़ा। जानकारी मुख्यालय को दी गई। जिसके बाद भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची।

## संक्षिप्त डायरी

### सीतामढ़ी की जगह जनकपुर को स्वास्थ्य मंत्री ने बता दिया माता सीता की जन्मस्थली, बाद में हटाया पोस्ट



पटना। बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय एक बड़ी भूल के चलते सोशल मीडिया पर आलोचना का शिकार हो गए। दरअसल, उन्होंने माता सीता की जन्मस्थली को लेकर ह्यएक्सह्न (पूर्व ट्विटर) पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें नेपाल के जनकपुर को पुनौरा धाम और माता सीता की जन्मस्थली बताया गया, जबकि पुनौरा धाम बिहार के सीतामढ़ी जिले में स्थित है, जिसे माता सीता का जन्मस्थान माना जाता है। यह विवादित पोस्ट लगभग सात घंटे तक मंत्री के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर उपलब्ध रहा। बाद में या तो स्वयं गलती का एहसास हुआ या किसी ने उन्हें इस ओर सचेत किया, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पोस्ट डिलीट कर नई और सही जानकारी के साथ नया पोस्ट साझा किया।मंगल पांडेय ने पहले लिखा था विकास के साथ विरासत, जनकपुर की पुण्य भूमि पुनौरा धाम में बनेगा माता सीता का भव्य मंदिर..ह्नइस पोस्ट में उन्होंने जनकपुर को पुनौरा धाम बताया और माता सीता की जन्मस्थली के रूप में उल्लेख किया था, जो भौगोलिक रूप से गलत है। दरअसल, पुनौरा धाम बिहार के सीतामढ़ी जिले में स्थित है और धार्मिक मान्यता के अनुसार यहीं माता सीता का जन्म हुआ था। हालांकि गलती सुधारते हुए उन्होंने बाद में नया पोस्ट किया, जिसमें लिखा ह्यविकास के साथ विरासत। सीतामढ़ी की पुण्य भूमि पुनौरा धाम में बनेगा माता सीता का भव्य मंदिर...। इस पूरे घटनाक्रम के बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी एक्स पर पुनौरा धाम को लेकर एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा मुझे बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि जगत जननी मां जानकी की जन्मस्थली पुनौराधाम, सीतामढ़ी को समग्र रूप से विकसित किए जाने हेतु भव्य मंदिर सहित अन्य संरचनाओं का डिजाइन अब तैयार हो गया है। इस विषय को लेकर सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कई यूजर्स ने कहा कि राज्य के जिम्मेदार मंत्री को कम-से-कम बिहार के सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों की सटीक जानकारी होनी चाहिए।

### किशनगंज के सैकड़ों ग्रामीणों ने किया विधानसभा चुनाव बहिष्कार



किशनगंज। जिले के पोठिया प्रखंड अंतर्गत कोल्था पंचायत के खोक्साबाड़ी गांव में सैकड़ों ग्रामीणों ने विधानसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया है। ग्रामीणों ने ह्लरोड नहीं तो वोट नहींह्न का नारा लगाते हुए हाथों में तख्तियां लेकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी खोक्साबाड़ी, आदिवासी टोला, मोमिन बस्ती और बल्दियाहाट को जोड़ने वाला लगभग 4 किलोमीटर लंबा रास्ता अब तक कच्चा है। यह इलाका खानकी मुख्य सड़क से जुड़ता है, लेकिन पक्की सड़क नहीं होने से आवागमन बेहद कठिन है। गांव में सड़क नहीं होने से एंबुलेंस जैसी आपात सेवाएं नहीं पहुंच पातीं। गंभीर रूप से बीमार लोगों और गर्भवती महिलाओं को खटिया पर लादकर चार किलोमीटर दूर मुख्य सड़क तक लाना ग्रामीणों की मजबूरी है। बारिश के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं। कीचड़ से रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो जाता है, जिससे बच्चों का स्कूल और आंगनबाड़ी तक जाना भी मुश्किल हो जाता है। पुल नहीं होने से बारिश के दिनों में कई बार पानी घरों तक घुस जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि इस दुर्गम रास्ते के कारण गांव के युवक-युवतियों के विवाह में भी दिक्कत आती है। रिश्तेदार गांव आने से कतराते हैं। कई बार शादी के प्रस्ताव इसी वजह से टूट जाते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वे पिछले कई वर्षों से सांसद और विधायक से सड़क निर्माण की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। मामले को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस नेता इजहारुल हुसैन ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में है। इस सड़क के निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा जा चुका है और डीपीआर तैयार हो चुकी है। जल्द ही टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।


### झाड़ियों में मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव

नालंदा। झाड़ियों में बुजुर्ग का शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल अस्पताल भेजा। घटना दीपनगर थाना क्षेत्र के लखरामा गांव की है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बुजुर्ग की एक आंख फूटी हुई है और गर्दन पर काला निशान है।

गला घोंटकर हत्या की आंशका है। लुंगी और शर्ट पहने हुए थे। वहीं, पुलिस का कहना है कि शरीर पर कोई चोट के निशान नहीं है। दीपनगर थानाध्यक्ष जितेंद्र राम ने बताया कि बॉडी पर जख्म या चोट के निशान नहीं है। शरीर पानी से भींगा हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। पहचान के लिए शव को 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जाएगा। आसपास के थानों से संपर्क किया गया है। सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है।

## राजद सुप्रीमो लालू यादव ने राजद अध्यक्ष पद के लिए किया नामांकन

पटना। राजद सुप्रीमो लालू यादव ने सोमवार को पार्टी कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल किया। इस दौरान उनके छोटे बेटे और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। माना जा रहा है कि लालू यादव का एक बार फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना तय है। 5 जुलाई को उन्हें औपचारिक रूप से इस पद पर घोषित किया जाएगा। राजद में इन दिनों सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। हाल ही में पार्टी ने अति पिछड़ा वर्ग से आने वाले मंगनी लाल मंडल को बिहार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने जगदानंद सिंह की जगह ली है, जो पिछले कुछ महीनों से पार्टी गतिविधियों से दूरी बनाए हुए थे। राजद के प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी ने रविवार को स्पष्ट किया था कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर



लालू यादव ही बने रहेंगे। उन्होंने कहा, पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्ता इस बात पर पूरी तरह एकमत हैं कि लालू जी ही पार्टी का नेतृत्व करें। उन्होंने यह भी बताया कि ह्यस्वास्थ्य कारणों से भले ही लालू यादव सार्वजनिक तौर पर कम सक्रिय दिखते हों, लेकिन पार्टी के सभी बड़े फैसले उनकी निगरानी में ही लिए जा रहे हैं। सिद्दीकी ने पार्टी में किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति से इनकार करते हुए कहा कि लालू यादव के नेतृत्व को लेकर कोई असमंजस नहीं है। लालू जी आज भी पार्टी की दिशा और रणनीति तय कर रहे हैं।स्वास्थ्य कारण जरूर हैं, लेकिन उससे नेतृत्व पर कोई असर नहीं पड़ा है। राष्ट्रीय स्तर पर वरिष्ठ नेता जगदानंद सिंह की भूमिका को लेकर पूछे गए सवाल पर सिद्दीकी ने कहा था कि यह पूरी तरह पार्टी का आंतरिक मामला है। जगदानंद सिंह हमारे सुख-दुख के साथी हैं। पार्टी तय करेगी कि उन्हें आगे क्या भूमिका दी जाएगी। लालू यादव ने 1997 में जनता दल से अलग होकर आरजेडी का गठन किया था और तभी से वे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हुए हैं। बीते 28 वर्षों में वे लगातार इस पद पर बने हुए हैं। पार्टी में हो रहे इस सांगठनिक पुनर्गठन को आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तैयारियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

## तेजस्वी पर डिप्टी सीएम विजय सिन्हा का तंज

पटना। जिले के बाढ़ अनुमंडल क्षेत्र स्थित अनुग्रह नारायण सिंह कॉलेज में रविवार को पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का समागम समारोह 2025 आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विधिवत दीप प्रज्वलन कर किया।समारोह को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर सुधार और विस्तार हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि एनडीए सरकार ने पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में बिहार की शिक्षा व्यवस्था को कहीं अधिक मजबूत किया है। आज अन्य राज्यों के छात्र भी बिहार के कॉलेजों और संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करने आ रहे हैं, जो राज्य की प्रगति का प्रमाण है। डिप्टी सीएम ने कहा कि पूर्व में बिहार की कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब थी कि लोग यहां आने से डरते थे। लेकिन आज राज्य में कानून का राज स्थापित है, जिसके चलते शिक्षा समेत सभी क्षेत्रों में मजबूती आई है। राज्य में अशिक्षा लगभग समाप्ति की ओर है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को विकास की ऊंचाई तक पहुंचाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की। डिप्टी सीएम ने कहा कि अब बिहारवासी अन्य राज्यों में अपने राज्य का नाम गर्व से लेते हैं। सड़कों, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा जैसे सभी बुनियादी क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं शाम के बाद खुद को असुरक्षित महसूस करती थीं, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। एनडीए सरकार ने अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई शुरू कर दी है। उपमुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि राज्य में रोजगार के अवसर बढ़े हैं। कारखानों और औद्योगिक इकाइयों



की स्थापना के कारण युवाओं को अब अपने ही राज्य में नौकरी मिलने लगी है, जिससे अन्य राज्यों में जाने का पलायन भी धीरे-धीरे रुक रहा है। कार्यक्रम में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह, स्थानीय विधायक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ज्ञानू, पूर्व मंत्री विजय कृष्ण, एमएलसी कार्तिकेय कुमार, आचार्य श्याम राय समेत कई बुद्धिजीवी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं लखीसराय विधायक विजय कुमार सिन्हा ने रविवार को नया बाजार स्थित बड़ी दुर्गा स्थान मंदिर के समीप दानवीर भामा साह पार्क और कुएं के सौंदर्यीकरण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। यह कार्य उनके विधायक निधि से संचालित किया जा रहा है। अपने दो दिवसीय क्षेत्रीय दौरे के दौरान डिप्टी सीएम ने आमजन के बीच विकास योजनाओं की जानकारी साझा की और राज्य सरकार की विकास प्रतिबद्धताओं को दोहराया। इस अवसर पर जिलाधिकारी मिथलेश मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल पर जुटी भीड़ से यह स्पष्ट हुआ कि जनता सरकार की योजनाओं को लेकर आशान्वित और उत्साहित है। डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने अपने संबोधन में दानवीर भामा साह के राष्ट्रनिर्माण में योगदान को स्मरण करते हुए युवाओं से उनके जीवन से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण होने के बाद यह स्थल एक सुंदर पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होगा, जहां बच्चों, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए भी मनोरंजन और विश्राम की बेहतर व्यवस्था होगी। पत्रकारों से बातचीत में डिप्टी सीएम ने विपक्ष खासकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि जब उन्हें काम करने का अवसर मिला, तब उन्होंने जनहित में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि आज जब एनडीए सरकार राज्य में योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्य कर रही है, तो विपक्ष केवल असंतुलन और भ्रम की राजनीति कर रहा है।



# घर की बालकनी में लगा दिए ये 4 पौधे, तो खुशबू से महक उठेगा आपका पूरा घर

**घर को खूबसूरत बनाने के लिए लोग बहुत मेहनत करते हैं और अब आप अपने घर को खुशबू से भी महका सकते हैं। जी हां, अगर आप चाहते हैं कि आपका घर न केवल देखने में सुंदर हो बल्कि उसमें खुशबू भी फैले तो आपको अपनी बालकनी में कुछ खास पौधे लगाने चाहिए। इन खुशबूदार पौधों से ना केवल आपके घर की खूबसूरती बढ़ेगी, बल्कि इनकी महक से आपका मन भी प्रसन्न रहेगा। आइए जानते हैं, ऐसे चार खुशबूदार पौधों के बारे में जिन्हें आप अपनी बालकनी में लगा सकते हैं।**

### मोगरे का पौधा

अगर आप अपनी बालकनी में मोगरे का पौधा लगाते हैं, तो इसके फूलों की खुशबू पूरे घर में फैल जाएगी। मोगरे के फूलों की सुगंध इतनी प्यारी और मधुर होती है कि यह किसी को भी आकर्षित कर सकती है। मोगरे का पौधा बालकनी में लगाने से आपके घर के हर कोने में उसकी खुशबू पहुंच जाएगी, चाहे वह मेन दरवाजा हो या पीछे का दरवाजा। इसकी खुशबू आपके घर को एक अलग ही माहौल देगी।

### चमेली का पौधा

चमेली के फूलों की खुशबू बहुत ही मनमोहक होती है। जब आप अपनी बालकनी में चमेली का पौधा लगाते हैं, तो यह आपके पूरे घर को महकाने में मदद करता है। चमेली के फूलों की महक आपके दिन को बेहतर बना सकती है और आपको ताजगी का अहसास करवा सकती है। इसे आप किसी सुंदर गमले में लगाकर अपनी बालकनी के किनारे पर रख सकते हैं। इस पौधे के फूलों से आपके घर में एक नई ऊर्जा और खुशबू का अहसास होगा।

### रजनीगंधा का पौधा

रजनीगंधा के फूलों की खुशबू खासतौर पर रात के समय और भी ज्यादा तेज हो जाती है। रात के समय इसकी सुगंध इतनी ताजगी से भरी होती है कि आपको एक आरामदायक और चैन की नींद आती है। रजनीगंधा का पौधा बालकनी में रखने के साथ-साथ आप इसे घर के अंदर भी रख सकते हैं। इस पौधे को छायादार जगह पर भी लगाया जा सकता है, और यह कम रोशनी में भी अच्छी तरह से पनपता है। इसकी खुशबू आपके घर के वातावरण को शांति और सुखमय बना सकती है।

### गुलाब का पौधा

गुलाब के फूलों की खुशबू बहुत ही लुभावनी होती है। गुलाब का पौधा आपके घर की बालकनी में लगाए तो यह न केवल आपके घर को महकाएगा, बल्कि घर की सुंदरता भी बढ़ाएगा। गुलाब के विभिन्न रंगों के फूल आपकी बालकनी को और भी खूबसूरत बना सकते हैं। गुलाब के फूलों की महक से पूरा घर महक उठेगा और यह आपकी हर एक सांस में समा जाएगी। गुलाब का पौधा किसी भी प्रकार के मौसम में बहुत अच्छे से पनपता है और यह आपके घर को ताजगी से भर सकता है।





### खुशबू का मानसिक और शारीरिक प्रभाव

इन पौधों की खुशबू आपके मूड को भी फ्रेश कर सकती है। इनकी महक से आपका मानसिक तनाव कम हो सकता है और एक सुखद माहौल बन सकता है। जब आप इन पौधों के बीच बैठते हैं तो यह न केवल आपके घर को खुशबूदार बनाएंगे, बल्कि यह आपके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करेंगे। यह पौधे आपके घर में न केवल ताजगी और खूबसूरती लाते हैं, बल्कि आपके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी लाभ पहुंचाते हैं।

आप इन चार पौधों को अपनी बालकनी में लगाकर घर को न केवल खूबसूरत बना सकते हैं, बल्कि इनकी खुशबू से आपका मन भी शांत रहेगा। तो अपनी बालकनी में इन पौधों को लगाकर अपने घर को खुशबूदार बनाएं और हर दिन एक ताजगी का अनुभव करें।

# अनारकली सूट में दिखना है स्टनिंग तो अपनाएं ये फैशन हैक्स

**अनारकली सूट के साथ दुपट्टा कैरी करते समय थोड़ा स्मार्टली प्ले करें। मसलन, अगर अनारकली पर हैवी एंब्रायडरी है, दुपट्टा लाइट रखें। वहीं, अगर अनारकली सिंपल या एक रंग की है, तो उस पर बनारसी, फुलकारी, गोटा-पट्टी या मिरर वर्क वाला दुपट्टा बहुत अच्छा लगता है।**



जब भी किसी वेडिंग फंक्शन या फैमिली पार्टी के लिए तैयार होने की बात होती है तो अक्सर हम सभी एथनिक वियर पहनना पसंद करती है। इन एथनिक वियर में अनारकली सूट भी एक बेहतरीन एथनिक वियर ऑप्शन माना जाता है। यह एक ऐसा आउटफिट है, जो आपको एलीगेंट लेकिन रॉयल लुक देता है और शायद यही वजह है कि हर लड़की की वार्डरोब में अनारकली सूट होता ही है। यूं तो अनारकली सूट को ऐसे ही कैरी किया जा सकता है। लेकिन अगर इसके साथ कुछ आसान फैशन हैक्स को अपनाया जाए तो आप एक ही सूट को हर बार एक अलग तरह से कैरी कर सकती हैं। इतना ही नहीं, सिंपल सा अनारकली सूट भी आपके लुक को काफी एन्हॉन्स कर सकता है। अनारकली सूट को स्टाइल करते समय बस आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स पर ध्यान देने की जरूरत है, जिसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं-

### दुपट्टे को यूं करें स्टाइल

अनारकली सूट के साथ दुपट्टा कैरी करते समय थोड़ा स्मार्टली प्ले करें। मसलन, अगर अनारकली पर हैवी एंब्रायडरी है, दुपट्टा लाइट रखें। वहीं, अगर अनारकली सिंपल या एक रंग की है, तो उस पर बनारसी, फुलकारी, गोटा-पट्टी या मिरर वर्क वाला दुपट्टा बहुत अच्छा लगता है। आप दुपट्टे को एक तरफ कंधे पर पिन कर दो और दूसरी तरफ ढीला छोड़ दो। इससे एक रॉयल लुक मिलता है। या फिर अगर आप चाहें तो कमर पर बेल्ट लगाकर दुपट्टा फिक्स किया जा सकता है। यह ना केवल स्टाइलिश लगता है, बल्कि दुपट्टे को मैनेजर करना भी आसान हो जाता है।

### फुटवियर पर करें फोकस

जब आप अनारकली सूट पहन रही हैं तो उसके साथ हील्स को जरूर पहनें। फ्लैट्स से अनारकली में आपकी हाइट कम महसूस हो सकती है। अगर आप पेंसिल हील्स पहनने में कंफर्टेबल नहीं है तो ऐसे में ब्लॉक हील्स, मोजड़ी हील्स या कोल्हापुरी वेजेस पहने जा सकते हैं। वहीं, अगर आपको इसे लंबे टाइम तक पहनना है, तो कुशन वाले प्लेटफॉर्म हील्स को चुना जा सकता है। यह आपको कंफर्ट और ग्रेस दोनों देगा।

### समझदारी से स्टाइल करें ज्वेलरी

अनारकली सूट के साथ एक्सेसरीज को थोड़ा स्मार्टली कैरी करना चाहिए। मसलन, अगर अनारकली सूट की नेकलाइन हाई है तो ऐसे में नेकपीस पहनने से बचें। इसकी जगह बस आप बड़े झुमके या चांदबालियां स्टाइल कर लें। वहीं, अगर नेकलाइन डीप है, तो सिंपल पेंडेंट और छोटे स्टड्स भी काफी अच्छे लगते हैं। इसके अलावा, दोनों हाथों को चूड़ियों से भरने की गलती ना करें। एक हाथ में स्टेटमेंट कड़ा रखो, दूसरे में वॉच।

# अब मलाई से घी बनाना नहीं झंझट वाला काम, जानिए 2 मिनट की आसान ट्रिक

आज के समय में खाने-पीने की चीजों में मिलावट आम बात हो गई है। बाजार में मिलने वाला घी कितना शुद्ध है ये जानना मुश्किल हो गया है। इसलिए लोग अब कोशिश करते हैं कि जो चीज घर पर बन सके, उसे घर में ही तैयार करें। खासकर महिलाएं जो शुद्धता को लेकर ज्यादा सजग होती हैं वो मलाई से घर का घी बनाना पसंद करती हैं। हालांकि कई लोगों को लगता है कि मलाई से घी निकालना एक लंबा और झंझट भरा काम है। लेकिन अगर सही तरीका अपनाया जाए तो ये काम न सिर्फ आसान बल्कि बहुत जल्दी हो सकता है। हाल ही में एक ऐसी ट्रिक सामने आई है, जिससे सिर्फ 2 मिनट में घी निकाला जा सकता है वो भी बिना ज्यादा झंझट के।



### कैसी मलाई लेनी चाहिए घी बनाने के लिए?

घी बनाने के लिए मलाई का सही होना सबसे जरूरी है। गीता चौधरी बताती हैं कि आपको 5 से 6 दिन पुरानी मलाई लेनी चाहिए। इससे ज्यादा पुरानी मलाई का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे घी की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। आप चाहें तो हर दिन दूध उबालकर थोड़ा ठंडा करके फ्रिज में रखें, जिससे ऊपर एक अच्छी परत मलाई की जम जाती है। यही सबसे बढ़िया तरीका है ताजा मलाई इकट्ठा करने का।

### मलाई को गर्म करने का सही तरीका

जब आपके पास पर्याप्त मलाई इकट्ठा हो जाए, तो उसे एक गहरे बर्तन में निकाल लें। अब इस मलाई को एक चम्मच से अच्छे से मिला लें ताकि जो भी गांठें बनी हों वो हट जाएं। इसके बाद, मलाई को हल्का सा गर्म करें बिलकुल उतना जितना दही जमाने के लिए दूध गर्म किया जाता है। इसका मकसद है मलाई को थोड़ा मुलायम और तैयार करना।

### अब लगाएं दही जमाने वाली ट्रिक





इस स्टेप को खास मानती हैं। वे कहती हैं गर्म की गई मलाई में अब थोड़ा छाछ या जामन मिलाएं। जामन मिलाते वक्त ध्यान रखें कि मलाई ज्यादा गर्म ना हो सिर्फ इतनी गर्म हो कि आपकी उंगली उसमें आराम से जा सके। गीता ने बताया कि उन्होंने लगभग 2.5 चम्मच छाछ डाली थी। अगर आपकी छाछ खट्टी है, तो 2 चम्मच ही काफी होगी। अब इस बर्तन को 5-6 घंटे या पूरी रात के लिए ढक कर रख दें। इससे यह दही की तरह जम जाएगी।

### 2 मिनट में मक्खन कैसे निकालें?

जब मलाई दही की तरह जम जाए, तब आपको ज्यादा मेहनत नहीं करनी। जमने के बाद इस दही में ठंडा पानी और बर्फ डाल दें। अब लकड़ी की मथनी (या रवी/चरणी) से इसे मथें। ध्यान रहे, आपको मिक्सर चलाने की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी। सिर्फ 2 मिनट मथने के बाद, मक्खन और छाछ अलग हो जाएंगे। यह तरीका खास तौर पर गर्मियों के मौसम में बेहद फायदेमंद है क्योंकि इसमें ना ज्यादा वक्त लगता है, ना ही आपको किचन की गर्मी में पसीना बहाना पड़ता है।

### अब घी बनाने की बारी

मक्खन तैयार हो जाने के बाद अब आखिरी स्टेप घी निकालने की है। मक्खन को एक गहरे बर्तन में डालें और धीमी आंच पर गर्म करें। थोड़ी ही देर में शुद्ध घी तैयार हो जाएगा, जिसे आप छानकर स्टोर कर सकती हैं। इस ट्रिक से बनाए गए घी को कोई पहचान नहीं सकता कि ये मलाई से निकाला गया है या बाजार से खरीदा गया है। साथ ही, एक और आसान तरीका है कुकर में घी बनाना, जो तेज और सुरक्षित रहता है। मलाई से घी निकालना अगर सही तरीके से किया जाए, तो यह न तो समय लेने वाला है और न ही झंझट वाला।

# इंग्लैंड के खिलाफ ऋषभ पंत ने सेंचुरी ठोक कर रचा इतिहास, ऐसा करने वाले पहले भारतीय बने

**लीड्स (एजेंसी)।** लीड्स में खेले जा रहे भारत और इंग्लैंड के बीच पहले टेस्ट में टीम इंडिया के उपकप्तान ऋषभ पंत का बल्ला जमकर गरज रहा है। उन्होंने एक के बाद एक करके दोनों पारियों में शतक जड़कर इतिहास रच दिया है। पंत टेस्ट इतिहास में ऐसे पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं जिन्होंने एक मैच की दोनों पारियों में सेंचुरी लगाई हो। वो पहले ही रेड-बॉल फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन चुके हैं। पंत ने पहली पारी में 134 रन बनाए तो दूसरी पारी में वह 120 गेंदों में अपना शतक पूरा कर लिया है।

भारतीय टीम ने अपना पहला ऑफिशियल टेस्ट मैच साल 1932 में खेला था। अब तक 93 साल के भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में कोई भी विकेटकीपर बल्लेबाज टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक नहीं लगा पाया है। अब पंत ऐसा करने वाले एकमात्र भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं। पंत ऐसे पहले भारतीय बल्लेबाज भी बन गए हैं जिन्होंने इंग्लैंड में खेलते हुए किसी टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया है।

बता दें कि, पंत ऐसे कुल सातवें भारतीय बल्लेबाज हैं जिन्होंने एक टेस्ट मैच की दो पारियं में शतक ठोका है। सुनील गावस्कर ने 3 बार ऐसा किया है जबकि राहुल द्रविड़ ने 2 बार, विजय हजारे, रोहित शर्मा, विराट कोहली, अंजिक्य रहाणे भी एक-एक बार ऐसा कर चुके हैं। अब इन दिग्गजों में पंत का नाम भी शामिल हो गया है।



# रुतुराज, ईशान सहित कई क्रिकेटर काउंटी खेलते नजर आयेंगे



**मुम्बई (एजेंसी)।** भारत के कई क्रिकेटर आने वाले दिनों में इंग्लैंड की काउंटी टीम में खेलते नजर आयेंगे। इसमें रुतुराज गायकवाड़, ईशान किशन और तिलक वर्मा जैसे क्रिकेटर भी शामिल हैं। ये सभी अभी खाली हैं क्योंकि इनमें से किसी को भी इंग्लैंड दौरे के लिए शामिल नहीं किया गया था। ऐसे में अपने फार्मा को बनाये रखने ये सभी काउंटी जाएंगे। भारतीय खिलाड़ी आम तौर पर काउंटी में लाल गेंद या एकदिवसीय क्रिकेट में भाग लेते हैं।

रुतुराज यॉर्कशायर की ओर से पूरा सत्र खेलते हुए नजर आएंगे। वे केवल यहां रेड बॉल क्रिकेट के मैच खेलेंगे। वहीं तिलक भी काउंटी क्रिकेट में पहली बार नजर आयेंगे। वे हैम्पशायर के लिए इस सत्र में कुल 4 मैचों खेलेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान भी काउंटी क्रिकेट खेलेंगे। वह नॉटिंघमशायर की ओर से 2 लाल गेंद वाले गेम में खेलते हुए दिखेंगे। इसके अलावा स्पिनर युजवेंद्र चहल का नाम भी इस सूची में शामिल है। वह भी भारतीय टीम से अभी बाहर हैं। वह नोर्थेम्पटनशायर के लिए काउंटी के मैच खेलेंगे, बल्कि एकदिवसीय कप भी खेलने वाले हैं। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर का नाम भी इन खिलाड़ियों में शामिल था, जो एसेक्स के लिए सत्र के 7 मैच खेलने वाले थे पर भारतीय टीम में जगह मिलने के बाद उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया पर अगर अंत के मैचों में उनको अंतिम ग्यारह में जगह नहीं मिलती है तो वे अगस्त-सितंबर में कुछ मैच खेल सकते हैं।

# सौरव गांगुली को इस बात का है सबसे ज्यादा अफसोस, इंटरव्यू के दौरान किया खुलासा



**कोलकाता (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 38 शानदार शतक लगाने वाले पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को यह संख्या रास नहीं आ रही है, उन्हें अपने क्रिकेट करियर के दौरान कई शतक चूकने का अफसोस है। अपने समय के बेहतरीन बाएं हाथ के बल्लेबाज गांगुली ने टेस्ट और वनडे में 18575 रन बनाए लेकिन अपने करियर में कई शतक चूकने का अफसोस है, जिसमें उन्होंने 311 वनडे और 113 टेस्ट मैच खेले।

गांगुली का यह पछतावा तब सामने आया जब उनसे पूछा गया कि वह अपने पुराने साथी को क्या सलाह देंगे। गांगुली ने बातचीत में कहा, 'मैंने कई शतक गंवाए, मुझे और अधिक शतक लगाने चाहिए थे। कई बार 90 और 80 रन बनाए।' उनके आंकड़ों पर गौर करें तो पता चलता है कि गांगुली कुल 30 बार 80 और 90 के बीच आउट हुए।

अगर वह उन पारियों को शतकों में बदल पाते तो अपने पहले से ही शानदार करियर में आसानी से 50 से ज्यादा शतक बना लेते। जब भी वह अकेले होते हैं तो उन्हें अपनी पुरानी पारियां, अपने स्ट्रोकप्ले देखना बहुत पसंद है और यह उन्हें याद दिलाता है कि वह और शतक बनाने के कितने करीब थे।

पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा, 'मैं अपने (बल्लेबाजी) वीडियो तब देखता हूं जब मैं अकेला होता हूं। जब मेरी पत्नी दूर होती है क्योंकि सारा लंदन में रहती है। मैं यूट्यूब पर जाता हूं, और देखता हूं और कहता हूं 'अरे फिर 70 पर आउट हो गया' (हे भगवान, मैं इसमें भी 70 पर आउट हो गया), मुझे शतक बनाना चाहिए था। लेकिन आप इसे बदल नहीं सकते।'

वनडे में गांगुली ने 72 अर्धशतक बनाए और टेस्ट में यह संख्या 35 है। कप्तान के तौर पर कभी-कभी मुश्किल फैसला लेना जरूरी हो जाता है। आपको किसी ऐसे खिलाड़ी को शामिल करने के लिए उसे बाहर करना पड़ता है जो आपको लगता है कि परिस्थितियों या जरूरतों के लिए ज्यादा उपयुक्त है।

गांगुली ने दुनिया के सबसे महान लेग स्पिनरों में से एक अनिल कुंबले को बाहर करने पर खेद जताया। उन्होंने कहा, 'अनिल कुंबले, कुछ बार क्योंकि वह बहुत अच्छे थे।' गांगुली के लिए ऑस्ट्रेलिया उनकी पसंदीदा प्रतिद्वंद्वी टीम थी और तेज गेंदबाज ग्लेन मैकग्राथ सबसे खतरनाक गेंदबाज थे।

# पृथ्वी शॉ मुंबई छोड़ने के लिए तैयार, दूसरे राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए मांगी एमओसी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पृथ्वी शॉ ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) मांगा है। उम्मीद है कि वह दूसरे राज्य के लिए खेल सकते हैं। भारत के सबसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों में से एक 25 वर्षीय बल्लेबाज असंगत प्रदर्शन और ऑफ-फील्ड मुद्दों के लंबे दौर के बाद अपने गृह राज्य से दूर एक नई शुरुआत करना चाहता है। एक वरिष्ठ MCA अधिकारी के हवाले से एक न्यूज रिपोर्ट में कहा गया, 'उन्होंने हमसे NOC मांगी है और हम जल्द ही इस पर निर्णय लेंगे।'




शॉ का पिछले कुछ सत्रों में मुंबई के चयनकर्ताओं के साथ संबंध लगातार खराब होता गया है जिसका मुख्य कारण लगातार फिटनेस संबंधी चिंताएं हैं। शॉ को अपनी फिटनेस पर ध्यान देने को भी कहा गया था लेकिन उन्होंने कई बार MCA की बातों को नजरअंदाज किया है। रिपोर्ट्स के अनुसार शॉ को दो से तीन अन्य राज्यों से रुचि मिली है। अगर उन्हें NOC मिल जाती है, तो वे 2025-26 के घरेलू सत्र के लिए किसी अन्य राज्य की टीम के साथ पंजीकरण कर सकते हैं। खराब फिटनेस रिपोर्ट के बाद स्टार बल्लेबाज को रणजी ट्रॉफी टीम से बाहर कर दिया गया था। टीम प्रबंधन ने MCA को सूचित किया था कि शॉ का बॉडी फैट प्रतिशत अधिक है। उन्हें अपने स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए दो सप्ताह के विशेष फिटनेस कार्यक्रम में भी शामिल होने का निर्देश दिया गया था। हालांकि, बार-बार चेतावनी के बावजूद शॉ आवश्यक फिटनेस मांगों को पूरा करने में असमर्थ रहे।

MCA की चयन समिति ने कथित तौर पर शॉ से यह भी कहा कि जब तक वह अतिरिक्त वजन कम नहीं कर लेते और अपनी स्थिति में सुधार नहीं कर लेते, तब तक उन्हें चयन के लिए नहीं चुना जाएगा। नतीजतन उन्हें दिसंबर (2024) में विजय हजारे ट्रॉफी टीम से भी बाहर कर दिया गया। घरेलू और आईपीएल अभियान में निराशाजनक प्रदर्शन भी शॉ के अनुकूल नहीं हैं।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान 2024-25 उन्होंने नौ मैचों में केवल 21.88 की औसत से केवल 197 रन बनाए। उस खराब प्रदर्शन के कारण उन्हें बीच सत्र में ही बाहर कर दिया गया। दिल्ली कैपिटल्स (DC) के साथ IPL 2024 में 8 मैचों में 24.75 की औसत और 163.63 की स्ट्राइक रेट से 198 रन बनाए। इसके बाद DC ने उन्हें IPL 2025 की मेगा नीलामी से पहले रिलीज कर दिया, जहां वे 75 लाख का बेस प्राइस के बावजूद नहीं बिके। शॉ का अंतरराष्ट्रीय करियर भी अंधेरे मे नजर आ रहा है क्योंकि 2018 में शतक के साथ धमाकेदार टेस्ट डेब्यू करने के बाद से अब तक उन्होंने सिर्फ 5 टेस्ट खेले हैं, और 42.37 की औसत से 339 रन बनाए हैं।


# नासिर हुसैन बोले, हैरी को बाउंसरों के खिलाफ अपनी कमजोरी दूर करनी होगी

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा है कि भारतीय टीम के साथ चल रही इस सीरीज पर ऑस्ट्रेलियाई टीम की भी नजरें लगी होंगी क्योंकि इस साल हमें एशेज सीरीज भी खेलनी है। नासिर ने हेरी ब्रुक की बल्लेबाज की भी प्रशंसा पर कहा कि उन्हें बाउंसरों के खिलाफ अपनी कमजोरी को दूर करना होगा क्योंकि इससे ऑस्ट्रेलियाई टीम भी देख रही होगी। पूर्व कप्तान ने लिखा, 'ब्रुक के लिए समस्या शॉर्ट गेंद है और ऑस्ट्रेलिया भी इसे देख रहा है। टीमें पहले उनके खिलाफ एक तय रणनीति आजमा सकती हैं, वह बाउंसर का किस प्रकार सामना करेंगे। ये उन्हें देखना होगा। हुसैन ने कहा कि भारतीय टीम आने वाले टेस्ट मैचों में ब्रुक की परीक्षा शॉर्ट गेंदों से लेगी। जिससे उन्हें तेजी से रन बनाने का अवसर भी मिलेगा। इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया के बड़े मैदानों पर मुकाबला जोखिम वाला होगा वह भी कुछ ऐसा है जिसे आप हमेशा तौलते रहते हैं। इसके जवाब में आपको इसे किसी तरह से समाप्त करने की कोशिश करनी होगी। भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ब्रुक को पहली पारी में शॉर्ट गेंद पर पर शून्य पर आउट किया था हालांकि नो बाल होने से वह बच गये थे। इसके बाद 99 रन तक पहुंचने के बाद वह प्रसिध कृष्णा की एक बाउंसर गेंद पर सही से शॉट नहीं लगा पाने के कारण कैच होकर पेवेलियन लौट गये थे।



# प्रसिद्ध कृष्णा के नाम जुड़ा ये शर्मनाक रिकार्ड

लीडस। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के नाम यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट मैच में एक ऐसा रिकार्ड जुड़ गया जिसे वह भूलना चाहेंगे। इस मैच में कृष्णा ने 3 विकेट लिए पर काफी रन लुटा दिये। भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में किसी गेंदबाज की पहली बार इतनी पिटाई हुई है। कृष्णा ने दूसरी पारी में 20 ओवर में 128 रन दे दिये। टेस्ट क्रिकेट में इससे ज्यादा रन कई गेंदबाजों ने दिये हैं पर प्रसिद्ध कृष्णा का इकॉनमी रेट काफी खराब रहा। उन्होंने 6.40 के औसत से रन दिये कृष्णा इसी के साथ 6 से अधिक की इकॉनमी के साथ एक पारी में सबसे ज्यादा रन देने करने वाले भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 6 से अधिक की इकॉनमी के साथ किसी गेंदबाज ने रन नहीं दिये हैं। प्रसिद्ध कृष्णा से पहले यह रिकॉर्ड मुरली कार्तिक के नाम था जिन्होंने 2004 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में 122 रन दिये थे। वहीं अतुल वासन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ ऑकलैंड में 1990 में 108 रन दिये थे। जबकि मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में साल 2022 में 98 रन दिये थे। श्रीसंत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सेंट जॉन्स में साल 2006 में



# रोहित शर्मा के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 18 साल पूरे, खास दिन सोशल मीडिया पर जताया आभार



नई दिल्ली - जून 2007 में आयरलैंड के खिलाफ 20 वर्षीय रोहित शर्मा ने 18 साल पहले आज ही के दिन (23-6-2007) अपना अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया था। भारत के लिए दो बार आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले कप्तान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 18 साल पूरे करने पर अपना आभार व्यक्त किया। 'हिटमैन' ने खास मौके पर अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट किया, 'हमेशा आभारी, 23.06.07।' रोहित की कप्तानी में भारत 2023 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा और अगले साल एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में पहुंचा, हालांकी टीम दोनों बार ट्रॉफी से चूक गया। उन्होंने 2024 में भारत को टी20 विश्व कप खिताब दिलाकर आईसीसी ट्रॉफी के 13 साल के इंतजार को खत्म किया और फिर 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर फैंस और देशवासियों को एक बार फिर से खुश होने का मौका दिया। रोहित 2024 में 150 से अधिक T20I में खेलने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए, हालांकि उन्होंने भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद इस प्रारूप से संन्यास की घोषणा की। शर्मा ने सभी प्रारूपों में 499 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 19,700 रन बनाए हैं। उनके नाम वनडे में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड है, उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ नाबाद 264 रन बनाए थे।

# अनुभवी फॉरवर्ड ललित उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से लिया संन्यास

**एंटवर्प (एजेंसी)।** एफआईएच प्रो लीग में भारतीय हॉकी टीम का हिस्सा रहे अनुभवी फॉरवर्ड ललित कुमार उपाध्याय ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास ले लिया। बेल्जियम के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सीजन के यूरोपीय चरण के भारत के अंतिम मैच के तुरंत बाद ललित ने सोशल मीडिया मंच के जरिए अंतरराष्ट्रीय हॉकी से अपने संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने इस दौरे पर चार मैचों में हिस्सा लिया और उन्होंने 15 जून को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना आखिरी मैच खेला था।

ललित ने 2014 हॉकी विश्व कप में भारतीय टीम में पदार्पण किया। वह एक बेहतरीन प्लेमेकर रहे, जो नियमित आधार पर गोल भी करते थे, उन्होंने कुल मिलाकर सीनियर राष्ट्रीय टीम के लिए खेले 183 मैचों 67 गोल किए। पिछले कुछ वर्षों में,



वह भारत की फॉरवर्ड लाइन में एक विश्वसनीय नाम बन गए थे। वह अपनी बहुमुखी प्रतिभा, मैदान पर बुद्धिमत्ता और उच्च दबाव की स्थितियों में शांत व्यवहार के लिए जाने जाते हैं।

वह टोक्यो 2020 ओलंपिक में इतिहास रचने वाली टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थे, जिसने भारत को लंबे समय से प्रतीक्षित कांस्य पदक जीतने में मदद की और पेरिस 2024 ओलंपिक में यह उपलब्धि दोहराई। ओलंपिक गौरव के अलावा ललित ने 2016 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी, 2017 एशिया कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जहां उन्होंने चार गोल किए थे उनके पदकों से भरे करियर में ओडिशा पुरुष हॉकी विश्व लीग फाइनल 2017 में कांस्य, एफआईएच पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2018 में रजत, 2018 एशियाई खेलों में कांस्य और 2018 पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण पदक शामिल हैं।

ललित एफआईएच प्रो लीग 2021-22 में तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम का भी हिस्सा थे और हांग्जो में एशियाई खेलों 2022 में स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय हॉकी में उनके योगदान के लिए ललित को 2021 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# कार्लोस अल्काराज ने लेहेका को हराकर दूसरा क्वींस क्लब खिताब जीता

लंदन। कार्लोस अल्काराज ने रविवार को जिरी लेहेका को 7-5, 6-7(5), 6-2 से हराते हुए एचएसबीसी चैंपियनशिप 2025 का फाइनल अपने नाम कर लिया। यह उनका दूसरा क्वींस क्लब खिताब है। 22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने इस सीजन का पांचवां खिताब जीता। उनके करियर की यह 21वीं टूर-लेवल ट्रॉफी है, जिसे जीतने के लिए उन्होंने रोमांचक और शानदार खेल का प्रदर्शन किया। जीत के बाद अल्काराज ने कहा, 'यह टूर्नामेंट मेरे लिए खास है। मैं एक बार फिर ट्रॉफी उठाकर खुश हूं। मैं बिना किसी उम्मीद के यहां आया था। बस अच्छा टेनिस खेलने की कोशिश रही। मैं भाग्यशाली था कि चैंपियन बना। यहां मेरे बहुत सारे दोस्त और परिवार हैं, जिन्होंने मुझे कोर्ट के अंदर और बाहर वास्तव में सहज महसूस कराया।' फाइनल में लेहेका के खिलाफ खेलते हुए अल्काराज ने पहले सेट में बढ़त हासिल की थी। वह दूसरे सेट में तनावपूर्ण टाई-ब्रेक में बेहद कम अंतर से हार गए। लेकिन निर्णायक सेट में जोरदार वापसी की और ग्रास-कोर्ट में अपने अनुभव और क्षमता को दिखाया और सेट जीतने के साथ ही खिताब पर भी कब्जा किया। लेहेका का यह पहला ग्रास-कोर्ट फाइनल था। ग्रास कोर्ट पर अल्काराज का यह चौथा खिताब था। वह नोवाक जोकोविच, माटेओ बेरेटिनी, टेलर फिट्ज और निकोलस माहुत के साथ चार या उससे अधिक खिताब जीतने वाले एकमात्र सक्रिय खिलाड़ी बन गए। दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन के रूप में विंबलडन में प्रवेश करते हुए, अल्काराज ने 18 मैचों की जीत की लकीर खींची है। यह अबतक का उनका सबसे लंबा जीत क्रम है। मियामी में आश्चर्यजनक रूप से बाहर होने के बाद से अल्काराज लगभग अजेय रहे हैं। उन्होंने 27-1 का रिकॉर्ड बनाया है और मोंटे-कार्लो, रोम, रोलैंड गैरोस और अब लंदन में प्रतिष्ठित खिताब जीते हैं। उन्होंने पीआईएफ एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में जैनिक सिनर पर अपनी बढ़त भी बढ़ा ली है। फाइनल गंवाने के बाद लेहेका ने कहा, 'मेरे लिए अब शब्द ढूंढ़ने मुश्किल हैं। लेकिन, मैं बहुत खुश हूं कि मुझे आज खिताब के लिए लड़ने का मौका मिला। मैंने आज अपना सबकुछ दिया, दुर्भाग्य से यह पर्याप्त नहीं था। कार्लोस और उनकी टीम को शानदार काम करने के लिए बधाई।'



# ईरान की धमकी के बाद डब्लयूडब्ल्यू ई पर मंडराया खतरा

न्यूयार्क। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष बढ़ने के कारण अगले सप्ताह सऊदी अरब में होने वाला डब्लयूडब्ल्यू ई इवेंट नाइट ऑफ चैंपियंस शो रद्द हो सकता है। इसका कारण हवाई यात्रा करने के लिए जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि मिसाइल हमले हो सकते है हालांकि सऊदी अरब की सुरक्षा व्यवस्था काफी मजबूत है। इसलिए अभी तक शो को रद्द करने की कोई घोषणा नहीं हुई है। वहीं इस बारे में आयोजकों का कना है कि अभी तक नाइट ऑफ चैंपियंस की योजना में कोई बदलाव नहीं किया गया है। वहीं अमेरिका के हमलों से भड़के ईरान के सरकारी मीडिया ने कहा है कि क्षेत्र में मौजूद हर अमेरिकी नागरिक या सैन्यकर्मी अब हमारा निशाना है। इस बयान के बाद लोग सवाल कर रहे हैं कि क्या यह शो होना चाहिए, क्योंकि डब्लयूडब्ल्यू ई एक अमेरिकी शो है जिसे पूरी दुनिया में देखा जाता रहा है। ईरान की धमकी के बाद कई लोग इस शो को रद्द करने की मांग कर रहे हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका के ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला करने के बाद भी कूटनीति के लिए अभी भी बहुत जगह बची है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने परमाणु ठिकानों पर हमला करके एक बहुत बड़ी लाल रेखा पार कर दी है। हमें आत्मरक्षा के अपने वैध अधिकार के आधार पर जवाब देना होगा। गौरतलब है कि सऊदी अरब में पहले भी डब्लयूडब्ल्यू ई के इवेंट हुए हैं। सऊदी अरब की सरकार सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है। लेकिन ईरान की धमकी के बाद लोगों में डर का माहौल है। अब देखना यह है कि इस इवेंट को लेकर क्या फैसला होता है।



# इस सत्र में मेरा लक्ष्य विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना है : नीरज चोपड़ा



**ओस्ट्रावा (चेक गणराज्य) (एजेंसी)।** भारत के भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा नियमित रूप से 90 मीटर थ्रो करने का खुद पर किसी तरह का दबाव नहीं बनाना चाहते हैं और इस सत्र के लिए उनका लक्ष्य तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल करना है।

चोपड़ा मंगलवार को यहां गोल्डन स्पाइक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे और उससे पहले वह काफी अच्छा महसूस कर रहे हैं। चोपड़ा ने पिछले हफ्ते पेरिस डायमंड लीग में 88.16 मीटर की थ्रो के साथ जूलियन वेबर को हराकर जीत हासिल की थी। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने कहा कि चेक गणराज्य के महान खिलाड़ी जान ज़ेलेज़नी का कोच के रूप में साथ और अपनी कड़ी मेहनत के दम पर उन्हें अच्छे परिणाम हासिल करने का पूरा भरोसा है।

इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने दोहा में सत्र के शुरूआती डायमंड लीग प्रतियोगिता में अपने करियर में पहली बार 90 मीटर की दूरी पार की थी और वह अपनी प्रगति से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, 'मैं ऐसे बेहतरीन खिलाड़ी और कोच के साथ काम करके वाकई बहुत खुश हूं। तकनीक में थोड़ा और सुधार करने के बाद मैं इस साल पहले ही 90 मीटर फेंक चुका हूं। देखते हैं कि मैं अगली बार कब यह दूरी फिर से हासिल करूंगा लेकिन मैं तैयार हूं। हाल ही में हमने निम्बर्क (चेक गणराज्य) में अच्छा अभ्यास किया इसलिए मैं यहां ओस्ट्रावा में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को लेकर आश्वस्त हूं।' हरियाणा के इस खिलाड़ी ने कहा, 'इस सत्र का मुख्य लक्ष्य निश्चित रूप से तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप है।'

विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप इस साल 13 से 21 सितंबर के बीच जापान की राजधानी में आयोजित की जाएगी। चोपड़ा मंगलवार को यहां होने वाली का प्रतियोगिता को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, 'जब मैं छोटा था तो मैंने उसैन बोल्ट जैसे एथलीटों के यहां प्रतिस्पर्धा करते हुए बहुत सारे वीडियो और तस्वीरें देखी थीं। मैं पिछले साल यहां आया था, लेकिन चोट के कारण प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाया था।' चोपड़ा ने कहा, 'अब मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं, लेकिन मैं 90 मीटर के लिए खुद पर किसी तरह का दबाव नहीं बनाना चाहता हूं पर मैं इसके लिए अपनी तरफ से पूरे प्रयास करूंगा।'

# ओलंपिक डे पर बोले आईसीसी प्रमुख जय शाह, क्रिकेट ओलंपिक आंदोलन का

दुबई। आज ओलंपिक डे के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि क्रिकेट ओलंपिक आंदोलन का हिस्सा है। जय शाह ने सोशल मीडिया में लिखा, ﬂक्रिकेट ने हमेशा हमें एकजुट किया है, और अब यह ओलंपिक आंदोलन का हिस्सा है। इस ओलंपिक डे पर खेल की शक्ति का जश्न मनाएं जो प्रेरित करता है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के 'लेट्स मूव इंडिया' अभियान को बढ़ावा दें एक कदम चलने, दौड़ने या क्रिकेट खेलने के लिए आमंत्रित करें और एक मजबूत, स्वस्थ भारत की ओर कदम बढ़ाएं। साथ मिलकर, ओलंपिक खेलों को घर लाने की हमारी यात्रा में आगे बढ़ते रहें।ﬂ वहीं बीसीसीआई ने भी ओलंपिक को लेकर पोस्ट किया। भारत ने पहले 2032 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की मेजबानी में रुचि दिखाई थी पर अब उसने 2036 सत्र के लिए आधिकारिक बोली लगाई है, जिसमें अहमदाबाद संभावित मेजबान शहर हो सकता है। भारत को मेजबानी के लिए पोलैंड, इंडोनेशिया, दक्षिण अफीका, कतर, हंगरी, तुर्की, मेक्सिको और मिस्र से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। क्रिकेट साल 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में एक सदी से अधिक समय बाद शामिल किये जा रहे हैं। इसको लेकर सभी क्रिकेट खेलेन वाले देशों में उत्साह है। उनका मानना है कि इससे क्रिकेट तेजी से आगे बढ़ेगा।

## जब इंदौर से भुवनेश्वर जा रही फ्लाइट को अचानक एप्रन की ओर मोड़ा, रुक गई यात्रियों की सांसें

इंदौर (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के इंदौर से भुवनेश्वर की उड़ान भरने को तैयार इंडिगो की फ्लाइट से सोमवार सुबह तब सभी की सांसें थाम दीं, जब टेक ऑफ से ठीक पहले तकनीकी खराबी का पता चला। 140 यात्रियों से भरे विमान को रनवे से वापस लौटना पड़ा, जिसके बाद हवाई अड्डे पर हलचल मच गई। देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट पर सुबह 9 बजे उड़ान भरने वाली फ्लाइट रनवे की ओर बढ़ रही थी, तभी पायलट को तकनीकी गड़बड़ी का अहसास हुआ। इसके बाद पायलट की त्वरित सतर्कता के कारण विमान को तुरंत एप्रन की ओर मोड़ दिया गया। एप्रन वह क्षेत्र है जहां विमानों का रख-रखाव, ईंधन भरण और यात्री उतार-चढ़ाव होता है। विमान के एप्रन पर पहुंचते ही इंडिगो के इंजीनियरों ने मोर्चा संभाला। बताया गया है कि खराबी मामूली थी, जिसे जल्द ही ठीक कर लिया गया। खास बात यह रही कि इस दौरान यात्रियों को विमान से उतारने की जरूरत नहीं पड़ी। हालांकि, तकनीकी खराबी का सटीक विवरण नहीं दिया गया। तय शेड्यूल के अनुसार फ्लाइट को सुबह 9 बजे भुवनेश्वर के लिए रवाना होना था, लेकिन मरम्मत कार्य के कारण यह सुबह 10:16 बजे उड़ान भर सकी। एयरपोर्ट के एक अधिकारी ने बताया कि विमान में सवार 140 यात्रियों ने राहत की सांस ली, जब फ्लाइट ने आखिरकार उड़ान भरी।

## मेरठ के मेडिकल कॉलेज के बाथरूम में किशोरी के साथ रेप

- सीसीटीवी की मदद से पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

मेरठ (एजेंसी)। मेरठ मेडिकल कॉलेज के हड्डी विभाग वार्ड में भर्ती 13 साल की किशोरी के साथ दूसरे मरीज के साथ रह रहे तीमारदार ने बाथरूम में बंधक बनाकर कर दुष्कर्म कर डाला। वहीं वारदात के बाद आरोपी मेडिकल से फरार हो गया। बच्ची की मां ने मेडिकल थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। सीसीटीवी की मदद से पुलिस ने देर रात आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, पुलिस ने किशोरी का मेडिकल करवाया जिसमें रेप की पुष्टि हुई है। मेरठ के इंचौली क्षेत्र के रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी के पैर में परेशानी के कारण 20 जून को मेरठ मेडिकल कॉलेज के हड्डी वार्ड में भर्ती कराया गया था। वहीं इसी वार्ड में काशीपुर (मुरादाबाद) का मोहित भी भर्ती था। मोहित का सड़क हादसे लेकिन एक पैर कट गया था और ऑपरेशन मेडिकल में हुआ था। मोहित की देखरेख को उसके साथ उसका भाई रोहित कर रहा था। किशोरी रात में बाथरूम गई तो पीछे से रोहित भी पहुंच गया और उसने किशोरी को बाथरूम में बंधक बनाकर दुष्कर्म कर रात्रि में ही फरार हो गया। किशोरी के गुमसुम रहने पर मां द्वारा काफी पूछे जाने पर किशोरी ने रोते हुए घटना की जानकारी दी। घटना पता चलते ही किशोरी की मां ने पहले डॉक्टरों और इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने पहले किशोरी के बयान दर्ज किए और बाद में उसका मैडिकल करवाया, जिसमें रेप की पुष्टि की गई। वहीं मेडिकल में सुरक्षा की लापरवाही पर भी जांच की जा रही है।

## भारी बारिश के कारण माता वैष्णो देवी मार्ग पर भूस्खलन, कोई हताहत नहीं

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के नए मार्ग पर सोमवार को भूस्खलन हो गया जिसके कारण बैटरी कार सेवा को स्थगित करना पड़ा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कोई हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि तीर्थयात्रा अब पुराने मार्ग से संचालित की जा रही है और बिना किसी व्यवधान के जारी है। अधिकारियों ने बताया कि हिमकोटी मार्ग पर 'सत्या व्यू प्वाइंट' के पास जिस समय भूस्खलन हुआ तब वहां श्रद्धालुओं की आवाजाही नहीं थी। उन्होंने बताया कि श्राइन बोर्ड ने तुरंत अपने कर्मियों और मशीनों को 30 फुट से अधिक क्षेत्र में फैले मलबे को साफ करने के काम में लगा दिया।

## नौ बच्चों की मां ने प्रेमी संग मिलकर पति को उतारा मौत के घाट

कासगंज (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के कासगंज जिले से सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिले के कस्बा भरगैन में नौ बच्चों की मां ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। शव को ट्यूबवेल के हौज में फेंक दिया। वारदात के बाद बच्चों को छोड़कर प्रेमी के साथ चली गई। सूचना पर एसपी, एएसपी, सीओ समेत अन्य अधिकारी व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं, मृतक के भाई अरविंद की तहरीर पर भाभी रीना और उसके प्रेमी हनीफ के खिलाफ केस दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद असम में अब तक 97 'राष्ट्र विरोधी' गिरफ्तार : हिमंत

डिसपुर (एजेंसी)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद असम के विभिन्न हिस्सों से कथित तौर पर 'हिंदू विरोधी' होने के आरोप में दो और लोगों को गिरफ्तार करने के बाद अब तक कुल 97 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। सीएम शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा कि तिनसुकिया और नगांव जिलों से एक-एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। ''हिंदू विरोधी तत्वों पर कार्रवाई जारी...97 राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी अपराधी अब सलाखों के पीछे।'' सीएम सरमा ने कहा कि तिनसुकिया से गिरफ्तार व्यक्ति ने हिंदू धर्म पर आपत्तिजनक सामग्री सोशल मीडिया पर साझा की थी, जबकि नगांव के आरोपी ने भगवान राम पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। बता दें कि सीएम शर्मा ने आतंकी हमले के बाद 'पाकिस्तान जिंदाबाद' का नारा लगाने वालों की 'टांगें तोड़ने' की धमकी दी थी। पंचायत चुनावों के लिए एक रैली को संबोधित कर उन्होंने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सेना को ताकत देने और प्रार्थना करने की अपील की थी, ताकि दुनिया में कहीं भी छिपे पाकिस्तानी आतंकवादियों को पकड़कर 'उनकी टांगें तोड़ दी जाएं'।

# मौसम विभाग को भी धोखा दे रहे बदरा, कभी येलो तो कभी रेड अलर्ट के अनुमान हो रहे फेल



नई दिल्ली (एजेंसी)। मौसम पर नजर रखने वाले जानकारों को भी बदरा धोखा दे रहे हैं। हालात ये हैं कि कई बार अलर्ट जारी होता है पर बारिश नहीं होती। ये अनुमान कई बार फेल हुए हैं। मौसम विभाग के लिए मई और जून में मौसम का आकलन करना काफी जटिल हो रहा है। मौसम विभाग की पूर्वानुमान सटीकता भी इन दो महीनों में सबसे कम रहती है। 2025 में भी मई की पूर्वानुमान सटीकता महज 81 प्रतिशत रही। यह छह सालों में सबसे कम है। जून में भी इस साल पूर्वानुमान कई बार अच्छा नहीं रहा। तीन दिन पहले रेड अलर्ट जारी किया था जिसे बाद में वापस लेना पड़ा। मानसून भी 22 जून तक पहुंचने का पूर्वानुमान किया गया था, लेकिन लोग बीते चार दिनों से बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

मई में भी कई मौकों पर आंधी का पूर्वानुमान करने में मौसम विभाग विफल रहा। वहीं जून में भी कई बार बारिश का पूर्वानुमान किया गया, लेकिन बारिश चकमा दे गई। या फिर बिना पूर्वानुमान के बारिश आ गई। बारिश शुरू होने के बाद रेड अलर्ट जारी किया गया। आईएमडी के अनुसार, पूरे साल की बात करें तो मई तक इस साल का एक्यूरेसी रेट बीते साल की तुलना में थोड़ा सा सुधरा है। जनवरी से मई 2025 तक यह 92 प्रतिशत रहा है। 2024 में मई तक की पूर्वानुमान सटीकता 91 प्रतिशत थी। इसमें भी प्री मॉनसून सीजन की सटीकता मई तक महज 88 प्रतिशत रही है। प्री मॉनसून सीजन मार्च से मई तक रहता है। यह छह सालों में सबसे कम है।

आईएमडी के एक अधिकारी ने बताया कि दूर दराज में बन रहे सिस्टम के अलावा छोटे स्तर पर होने वाली गतिविधियां भी जरूरी बदलाव करने में सक्षम होती हैं। कोई भी मॉडल और तकनीक 100 प्रतिशत सही पूर्वानुमान नहीं कर सकती। 24 घंटे के पूर्वानुमान में आईएमडी की एक्यूरेसी 80 प्रतिशत से ज्यादा है। इसके अलावा 5 दिनों के पूर्वानुमान में भी यह 60 प्रतिशत से अधिक की है। आईएमडी अधिकारी के अनुसार, मॉनसून और प्री मानसून सीजन में पूर्वानुमान काफी जटिल होता है। इसके कई फैक्टर होते हैं। मई, जून में तापमान बहुत अधिक होता है और उस समय हवाओं के साथ नमी भी आने लगती है। इसकी वजह से पहाड़ और महासागर में बनने वाले सिस्टम दिल्ली में मौसमी बदलाव करते हैं। लेकिन इसके साथ-साथ लोकल स्तर पर भी कई कारण कई बार बादलों को बनने में मदद करते हैं। अधिकारी के अनुसार, प्री मॉनसून में खासतौर पर पूर्वानुमान आंधी और इन्हीं लोकल वजहों की वजह से काफी ट्रिकी हो जाता है।

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति मुर्मू के भाषणों के संग्रह का विमोचन किया



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा अपने कार्यकाल के दूसरे वर्ष के दौरान दिए गए 51 भाषणों के संग्रह का सोमवार को विमोचन किया। सिंह ने इस मौके पर कहा कि यह ''विकसित भारत के दृष्टिकोण का कर्म ग्रंथ'' बनेगा। राष्ट्रपति भवन परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में सिंह ने अंग्रेजी में 'विंग्स टू आवर होप्स-वॉल्यूम-2' और हिंदी में 'आशाओं की उड़ान-खंड-2' नाम से प्रकाशित पुस्तक और इसके ई-संस्करण का विमोचन किया। राष्ट्रपति के भाषणों को राष्ट्रपति भवन ने संकलित और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग ने प्रकाशित किया है। पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन भी मौजूद थे। रक्षामंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''यह पुस्तक 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने का साधन बनेगी।'' सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया था कि 'विंग्स टू आवर होप्स-वॉल्यूम-2' राष्ट्रपति के 51 भाषणों का संग्रह है, जो महामहिम के कार्यकाल के दूसरे वर्ष (अगस्त 2023- जुलाई 2024) के दौरान उनके दृष्टिकोण, दर्शन और प्राथमिकताओं की झलक प्रदान करता है।

## बंधन बैंक ने बिहार और झारखंड में खोलीं 10 नई ब्रांच

एजेंसी

पटना : बंधन बैंक ने आज घोषणा की है कि उसने बिहार और झारखंड में दस नई ब्रांच शुरू की हैं। बैंक ने 4 राज्यों में कुल 18 नई ब्रांच खोली हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश में पांच और ओडिशा में तीन ब्रांच शामिल हैं। इन ब्रांचों का उद्घाटन बंधन बैंक के एमडी और सीईओ, पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, जैसे ईडी और सीबीओ राजिंदर कुमार बब्बर और ईडी और सीओओ रतन कुमार केश के साथ मिलकर किया। बिहार में नई ब्रांच पश्चिमी चंपारण , नवादा और औरंगाबाद में खुली हैं। वहीं, झारखंड में सरायकेला-खरसावां , रांची, हजारीबाग, गिरिडीह और बोकारो में नई ब्रांच खुली हैं। ये सभी नई ब्रांच राज्य के ग्रामीण और अर्ध-शहरी इलाकों में सेवाएँ देंगी। ब्रांच नेटवर्क का यह विस्तार बैंक की विविधीकरण और देश भर में मजबूत उपस्थिति स्थापित करने की रणनीति के अनुरूप है। अपनी पहुँच बढ़ाकर, बैंक ग्राहकों के लिए इनोवेटिव बैंकिंग समाधानों को और अधिक सुलभ बना रहा है। बैंक अब बिहार और झारखंड में 855 से अधिक आउटलेट्स और पूरे भारत में 6300 से ज्यादा बैंकिंग आउटलेट्स के मजबूत नेटवर्क के माध्यम से अपने ग्राहकों को सेवा देगी। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए, बंधन बैंक के एमडी और सीईओ, पार्थ प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा, हम ग्राहकों की बदलती रूरतों के अनुरूप अपने उत्पादों और सेवाओं को ढालते हुए उन्हें श्रेष्ठ अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी क्रम में, हम चार राज्यों में 18 नई ब्रांच खोलने की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं, जिसमें बिहार और झारखंड में 10 नई ब्रांच शामिल हैं, जिससे हमारे नेटवर्क को ग्राहकों को और अधिक कुशलता से सेवा देने में मबूती मिलेगी। जैसे-जैसे हम देशभर में विस्तार कर रहे हैं, हम स्थायी विकास और बदलते उम्मीदों को पूरा करने वाले इनोवेटिव, लचीले समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बंधन बैंक वर्तमान में देश के 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में से 35 में फैला हुआ है।

# दिल्ली के जख्म पर गुजरात और पंजाब की जीत ने लगाया मरहम

### गदगद केजरीवाल ने कहा, कांग्रेस और बीजेपी को जनता ने नकारा

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा के हाथों करारी हार झेलने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने भाजपा के गढ़ गुजरात में विसावदर विधानसभा सीट पर जीत का परचम लहराया है। इस सीट पर हुए उपचुनाव में आप उम्मीदवार गोपाल इटालिया जीत गए हैं। वहीं, पंजाब के लुधियाना वेस्ट सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा ने जीत हासिल की है। इन दोनों सीट पर मिली जीत से आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल गदगद हैं। उन्होंने कहा कि इन दोनों सीट पर जनता ने भाजपा और कांग्रेस को नकार दिया है। केजरीवाल ने पोस्ट कर लिखा, ÷विसावदर और लुधियाना पश्चिम सीटों पर आम आदमी पार्टी की शानदार जीत पर आप सभी को बहुत बहुत बधाई। दोनों जगह पिछले चुनाव के मुकाबले लगभग दोगुने मार्जिन से जीत हुई है। ये दिखाता है कि पंजाब के लोग हमारी सरकार के कामों से बहुत खुश हैं और उन्होंने 2022 से भी ज्यादा वोट दिया है। वहीं गुजरात की जनता अब बीजेपी से परेशान हो चुकी है और उन्हें आप में उम्मीद दिख रही है। दोनों जगह कांग्रेस और बीजेपी, दोनों पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ीं। इन दोनों का एक ही मकसद था आप' को हराना। लेकिन लोगों ने दोनों जगह इन दोनों पार्टियों को नकार दिया।'

वहीं, लुधियाना वेस्ट सीट से आप उम्मीदवार संजीव अरोड़ा की जीत पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खुशी जाहिर की।

उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'विधानसभा हलका लुधियाना पश्चिमी उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की शानदार जीत पर सभी को बहुत-बहुत बधाइयां। बड़ी लीड से मिली यह जीत इस बात का साफ संकेत है कि राज्य के लोग हमारी सरकार के कामों से बेहद खुश है। हम पंजाब की तरक्की और खुशहाली के लिए दिन-रात बिना किसी भेदभाव और पूरी ईमानदारी से काम कर रहे हैं। उपचुनाव के दौरान पंजाबियों से किए गए हर एक वादे को हम प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने वाले है।

आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि गुजरात और पंजाब के कार्यकर्ता को बधाई देता हूं। गुजरात की जीत पार्टी के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। हमारे विधायक जनता के मुद्दों को विधानसभा में मजबूती के साथ उठाएंगे। अरोड़ा पंजाब की विधानसभा में पहुंचे हैं। भगवंत मान की सरकार तीन साल से अच्छा कार्य कर रही है। विधानसभा उपचुनाव में जनता ने अपने वोट की मुहर लगाई है। राज्यसभा सीट खाली होने पर सिसोदिया ने कहा कि पार्टी जब तय करेगी तब बताया जाएगा कि कौन



राज्यसभा जाएगा।

आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने लुधियाना वेस्ट सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा की जीत पर कहा कि संजीव अरोड़ा काफी प्रसिद्ध थे। उनकी जीत से एक राज्यसभा सीट खाली होगी। भारद्वाज ने कहा कि इसे ऐसा नहीं देखा जाना चाहिए कि राज्यसभा सीट खाली कराने के लिए उन्हें चुनाव लड़वाया गया।

## उपचुनावों में भाजपा की हार पर अखिलेश बोले- भाजपा अपने अंतिम दौर में

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विभिन्न राज्यों में विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की जीत पर बधाई दी है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि गुजरात, प. बंगाल, पंजाब, केरल के विधानसभा उपचुनावों में 80 फीसदी सीटों पर 'इंडिया गठबंधन' से संबद्ध दलों की जीत बता रही है कि भाजपा अपने अंतिम दौर में है। उन्होंने लिखा कि सभी विजयी उम्मीदवारों को हार्दिक बधाई एवं सकारात्मक-जनसेवी राजनीति के मार्ग पर वचनबद्ध होकर चलने के लिए शुभकामनाएँ! जनता की जागरूकता ही परिवर्तन लाएगी। 'इण्डिया' ही इंडिया को आगे ले जाएगा!



# श्री रविशंकर के साथ 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उत्सव मनाया गया

एजेंसी

नयी दिल्ली : कोलंबिया की राजधानी बोगोटा स्थित प्रतिष्ठित प्लाजा ला सांता मारिया में हजारों लोग एकत्र हुए, जहां गुरुदेव श्री श्री रविशंकर के साथ 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उत्सव मनाया गया। इस वर्ष का उत्सव विशेष महत्व रखता था—यह कोलंबिया में एक दशक की शांति का प्रतीक था। दस वर्ष पूर्व, एक ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, कोलंबियाई सरकार और एफएआरसी गुरिल्ला समूह के बीच एक शांति समझौता हुआ था, जिससे दशकों पुराने सशस्त्र संघर्ष का अंत हुआ। इस शांति प्रक्रिया में गुरुदेव ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज बोगोटा में योग दिवस का नेतृत्व करते हुए, गुरुदेव ने उपस्थित जनसमूह को स्मरण कराया, हमें योग को केवल एक शारीरिक व्यायाम मानने की भूल नहीं करनी चाहिए। यह हमारे मन की एक अवस्था है। उन्होंने अपने वैश्विक योगदान के एक कम ज्ञात पहलू को भी साझा किया—उन्होंने उस पहली समिति की अध्यक्षता की



थी जिसने कॉमन योग प्रोटोकॉल की रचना की, जो आज विश्वभर में अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, मुझे बहुत खुशी है कि आज दुनिया की लगभग एक-तिहाई आबादी इस प्रोटोकॉल का पालन कर रही है। लेकिन मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारा कार्य यहीं समाप्त नहीं होता—बल्कि यह तो शुरूआत है। इस कार्यक्रम में बोगोटा की संस्कृति सचिवालय के ऑब्जर्वेटरी ऑफ कल्चर एंड कल्चरल नॉलेज मैनेजमेंट के निदेशक भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा, पिछले कुछ हफ्तों में देश में तनावपूर्ण क्षणों का अनुभव हुआ है, और यह दिन संतुलन लाने तथा बोगोटा की जनता को एक सकारात्मक संदेश देने के लिए बिल्कुल सही समय पर आया है। 2015 में, गुरुदेव ने वह किया जो अधिकतर लोगों को असंभव लगता था। करीब पचास वर्षों तक एफएआरसी विद्रोहियों और कोलंबियाई सरकार के बीच एक भीषण युद्ध चलता रहा। जब दोनों पक्षों के बीच अविश्वास चरम पर था और कई संघर्षविराम असफल हो चुके थे, तब गुरुदेव ने एफएआरसी कमांडरों के साथ तीन दिवसीय संवाद आयोजित किया। उन्होंने उन्हें अहिंसा अपनाने और देश के भविष्य के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। उनके इस प्रयास ने गतिरोध को तोड़ा। एफएआरसी ने एकतरफा एक वर्ष का संघर्षविराम घोषित किया—जो एक अभूतपूर्व कदम था और जिसने उसी वर्ष बाद में हुए अंतिम समझौते के लिए मार्ग प्रशस्त किया।

# वाईएसआरसीपी प्रमुख की गाड़ी से कुचला कार्यकर्ता, रेड्डी व ड्रायवर पर मामला दर्ज

गुंटूर (एजेंसी)। आंध्र पुलिस ने वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन मोहन रेड्डी और उनके ड्राइवर के खिलाफ पार्टी कार्यकर्ता की दुर्घटनावश मौत के लिए एफआईआर दर्ज की है। बता दें पार्टी कार्यकर्ता बुधवार को गुंटूर के बाहरी इलाके में जगन रेड्डी की कार के पहियों के नीचे आ गया था। पुलिस ने रविवार को कार चालक रमना रेड्डी को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की कि वह काफिले को रोके बिना आगे क्यों बढ़ गया क्यों? चीली सिंगैया को वाहन के नीचे कुचल दिया गया था।





पुलिस के मुताबिक सिंगैया नामक एक बुजुर्ग व्यक्ति इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गुंटूर जिले के एसपी ने कहा कि यह घटना 18 जून की बताई जा रही है, जब रेड्डी वाईएसआरसीपी नेता के परिवार से मिलने के लिए रेन्टापल्ला जा रहे थे, जिनकी पिछले साल आत्महत्या कर लेने से मौत हो गई थी। दुर्घटना के समय उनका काफिला एतुकुरु बाईपास से गुजर रहा था। एसपी ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज ड्रोन विजुअल और परिस्थितिजन्य सामग्री समेत कई सबूतों का विश्लेषण करने के बाद यह पाया गया कि मृतक को पूर्व सीएम के वाहन ने कुचला था।

शुरुआत में मृतक की पत्नी चीली लुरधु मैरी द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर लापरवाही से मौत से संबंधित मामला दर्ज किया था। एसपी ने कहा कि बुजुर्ग सिंगैया के बारे में सूचना मिलने पर उन्हें गंभीर रक्तस्राव की चोटें आईं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने उनकी पत्नी चीली लुरधु मैरी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन विजुअल और परिस्थितिजन्य साक्ष्य का विश्लेषण करने के बाद पुलिस ने पुष्टि की कि मृतक को काफिले में पूर्व सीएम के वाहन ने कुचल दिया था। एसपी ने कहा कि उनके नाम आरोपियों की सूची में जोड़ दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कानूनी कार्रवाई उचित प्रक्रिया और कानून के लागू प्रावधानों के अनुसार आगे बढ़ेगी।

# भारत के बंकर बस्टर, जो ब्रह्मोस के भी हैं बाप, पलभर में खाक बन जाएंगे पाकिस्तान के परमाणु ठिकाने

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के पास तो कई मिसाइल और फाइटर जेट्स हैं जो पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों को तबाह करने में कैपेबल हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने नूर खान एयरबेस पर अटैक कर इसका ट्रेलर पाकिस्तान को दिखा दिया था। बता दें कि इस एयरबेस के पास ही किराना हिल्स स्थित है, जहां पाकिस्तान के परमाणु हथियार का जखीरा मौजूद है। भारत के पास 5 ऐसे वेपन हैं जो पाकिस्तानी परमाणु ठिकानों को पलभर में खाक में मिलाने में सक्षम है।

अग्नि-5 बैलिस्टिक मिसाइल न्यूक्लियर वॉरहेड (परमाणु बम या हथियार) ले जाने में सक्षम है। इसकी रेंज 5800 किलोमीटर से भी ज्यादा है। इसी वजह से इस इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल यानी आईसीबीएम भी कहा जाता है। अग्नि-5 मिसाइल को टेक्नोलॉजी से भी लैस कर दिया गया है। एमआईआरवी को मिसाइल बस की उपमा भी दी जाती है।

ब्रह्मोस एक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है। शुरुआत में इसकी रेंज 290 किलोमीटर थी, जिसे बढ़ाकर अब 400 से 450 किलोमीटर किया जा चुका है। अब भारत इसे हाइपरसोनिक बनाने में जुटा है जो 1500 किलोमीटर दूर स्थित टारगेट को भी तबाह कर सकती है। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर के समय भारत ने इसी मिसाइल से नूर खान समेत 11 एयरबेस को तबाह किया था। इसके बाद पाकिस्?तान घुटनों पर आ गया था।

भारत ने एयरफोर्स के लिए फ्रांस से कटिंग एज राफेल फाइटर जेट का आयात किया है। यह जेट खतरनाक मिसाइल से लैस है जो किसी भी टारगेट को पलभर में तबाल करने में सक्षम है। खासकर स्कैल्प मिसाइल दुश्मनों के लिए काल से कम नहीं है। इसके जरिये पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों को तबाह करना काफी आसान है। राफेल जेट 4.5 का विमान माना जाता है।

डीआरडीओ ईटी-एलडीएचसीएम हाइपरसोनिक मिसाइल डेवलप कर रहा है। बताया जा रहा है कि जल्द ही इसकी टेस्टिंग की जाएगी। यह स्क्रैमजेट इंजन से लैस है। रेंज के बारे में आधिकारिक जानकारी तो नहीं दी गई है, लेकिन इसके मीडियम रेंज के होने की संभावना है। इसकी मैक 8 यानी 11000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से टारगेट की ओर मूव करने में कैपेबल होगी। इससे एयर डिफेंस सिस्टम के लिए इसे ट्रैक करना कतई आसान नहीं होगा। इसकी रेंज में पूरे पाकिस्तान के होने की संभावना है।

एसयू-30 एमकेआई ने कई मौकों पर भारत का साथ दिया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी इसका इस्तेमाल किया गया था। पाकिस्तान में इससे भारी तबाही मची थी। एसयू-30 एमकेआई फाइटर जेट में कई



तरह की स्वदेशी मिसाइलों को फिट किया जा सकता है, ऐसे में इसकी भीषणता और घातक होने की क्षमता काफी बढ़ जाती है। इसमें ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल को भी फिट किया जा सकता है।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**